# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 17-03-2023

# शादी का झांसा देकर दुराचार करने वाले प्रेमी को जेल

**खोराबार (एसएनबी)।** खोराबार थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती के साथ कैंट थाना क्षेत्र के भैरोपुर निवासी शनि पासवान पुत्र साहब पासवान ने शादी का झांसा देकर करीब लभगभ चार साल से शारीरिक सम्बन्ध बनाता रहा। मामले में पीड़िता की तहरीर पर पुलिस आरोपी युवक के खिलाफ धारा 376, 504 , 506 आई पी सी के तहत मुकदमा दर्ज कर तलाश रही थीं की मुखबिर की सूचना पर पुलिस अभियुक्त शनि पासवान पुत्र साहब पासवान को बृहस्पतिवार की सुबह थाना क्षेत्र के वनसप्ति के पास से गिरफ्तार कर उसे न्यायालय में पेश की जहां से जेल भेज दिया गया।

**खोराबार पुलिस ने आरोपी को दबोचा,भेजा जेल**

खोराबार थाना क्षेत्र के एक एक गांव की रहने वाली युवती का कैंट थाना क्षेत्र के रहने वाले अपने एक रिस्तेदार युवक से प्रेम हो गया । उसी दौरान युवक उसके साथ शादी का वादा करके कई बार शारीरिक सम्बन्ध स्थापित कर लिया । जब युवती शादी करने के लिए युवक पर दबाव बनाने लगी तो युवक टाल मटोल करने लगा । प्रकरण के सम्बंध में युवती बीते फरवरी माह के अंत मे खोराबार थाने पर तहरीर दी।

पुलिस दोनों पक्षो को बुलायी और शादी का एक समझौता पत्र बनवा दी ।समझौता पत्र बनने के बाद भी युवक शादी करने से इंकार करने लगा । युवती की तहरीर पर पुलिस केस दर्ज करके अभियुक्त को गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश की जहा से उसे जेल भेज दिया गया ।

# चोरी की मोबाइल समेत एक गिरफ्तार

**फुटहवा ईनार(एसएनबी)।** चौरी चौरा पुलिस ने लक्ष्मणपुर गांव से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी का एक मोबाइल फोन बरामद किया। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि शिवपुर अतरिया निवासी रंजीत कुमार पुत्र रमेश निषाद का मुख्यमंत्री योजना के अंतर्गत मिला सैमसंग का एंड्रायड मोबाइल फोन घर से चोरी हो गया था। पीड़ित की सूचना पर केस दर्ज कर चोर की तलाश की जा रही थी। मुखबिर व जरिए सर्विलांस सेल पता चला कि उक्त नंबर का मोबाइल लक्ष्मणपुर गांव में एक व्यक्ति द्वारा चलाया जा रहा है। पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंची और एक आरोपित को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी का मोबाइल बरामद किया। चोरी के मामले में पकड़े गए आरोपित ने अपना नाम राहुल यादव ऊर्फ खरभान निवासी नेकवार अहिरवाती थाना झंगहा बताया।

# जानलेवा हमले का आरोपित गिरफ्तार

**फुटहवा ईनार(एसएनबी)।** घर में घुसकर जानलेवा हमला करने, चोरी करने के मामले में आरोपित एवं फरार चल रहे आरोपित जोधपुर (सुकई) निवासी सुरहू पुत्र सौखी को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि आरोपित को मुखबिर की सूचना पर पकड़कर उसे दर्ज मुकदमे की धाराओं 147, 323, 452, 308, 352, 380, 506 के तहत कोर्ट में रिमांड मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया गया।

# चोरी के सामान के साथ तीन गिरफ्तार

**चिलुआताल (एसएनबी)।** चिलुआताल पुलिस ने चोरी के मामले में आरोपित तीन युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे चोरी का हजारों का सामान बरामद किए जाने का दावा किया है। यह सामान मानबेला स्थित एक निर्माणाधीन बहुमंजिली इमारत से चोरी किया गया था। प्रभारी निरीक्षक जयंत कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में चौकी प्रभारी फर्टिलाइजर अभय कुमार उपाध्याय ने मय हमराहियों के सहयोग से तीनों को पकड़ा। पूछताछ में आरोपितों ने अपना नाम रियाज पुत्र आलमगीर, लुकमान पुत्र बैतुल्लाह, अरमान पुत्र अमजद निवासी मानबेला थाना चिलुआताल बताया। पुलिस इनके कब्जे से 27 पेटी टाइल्स , एक वेल्डिंग मशीन , एक ग्राइन्डर, आठ अदद पाइप, 71 पीस सरिया, 14 अदद प्लाई, 8 जंगले का ग्रिल, 16 रेलिंग, 22 पीवी सी पाइप , 3 बोरी पुट्टी सहित अन्य सामान बरामद किए जाने का दावा किया है। पुलिस तीनो को कोर्ट में पेश किया जहां से इन्हें जेल भेज दिया गया।

# फरार चल रहा 10 हजार का इनामी गिरफ्तार

फुटहवा ईनार(एसएनबी)। चौरी चौरा पुलिस ने नौ माह से फरार चल रहे 10 हजार रुपए के एक इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया। पुलिस आरोपित को दर्ज मुकदमे की धाराओं के तहत कोर्ट में पेश की जहां से उसे जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक चौरीचौरा संजय कुमार सिंह ने हमराही फोर्स के साथ मुखबिर की सूचना पर आरोपित को आमकोल गांव के पास से पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम अखिलेश उर्फ बिगाडू पासवान निवासी इब्राहिमपुर ढोलहां थाना चौरीचौरा, गोरखपुर बताया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अखिलेश पर 4 जून 2022 को आबकारी एक्ट की धारा 60/63 व 272 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था, तभी से आरोपित फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए एसएसपी ने 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था।

# विवाहिता का फंदे से लटकता शव बरामद

हरपुर-बुदहट (एसएनबी)। थाना क्षेत्र के रकौली टोला सियरही निवासिनी नीता 28 वर्ष पत्नी सुनील मौर्या की रहस्यमय हालात में फंदे से लटकने से मौत हो गयी। विवाहिता का शव उसकी ससुराल के एक कमरे में छत की कुंडी से लटकता अपराह्न 2 बजे देखा गया। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत रकौली टोला सियरही में गुरुवार को अपरा 2 बजे छत की कुंडी से 28 वर्षीय नीता मौर्या का शव छत की कुंडी से लटकता हुआ शव मिला। किसी ने इसकी सूचना नीता के भाई व अन्य परिजनो को दी। सूचना पर वह भी पहुंचे। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक संदीप यादव ने बताया कि मृत महिला के भाई विनोद मौर्या ने थाने में तहरीर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण का पता चल पाएगा। जिसके उपरांत आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# गाजियाबाद के कारोबारी का जेवर हड़पने वाला जालसाज गिरफ्तार

## कस्टडी रिमांड पर आए चोर की निशानदेही पर पुलिस ने 64 लाख के गहने किया बरामद

गोरखपुर (एसएनबी)। जेल से रिमांड पर आए शातिर जालसाज व चोर की निशानदेही पर गोरखनाथ थाना पुलिस ने गुरुवार को 64 लाख रुपये के गहने (1019.19 ग्राम) बरामद हुए। गाजियाबाद के रहने वाले अपने परिचित व्यापारी को गहने खरीदने का झांसा देकर गोरखपुर बुलाकर आरोपित ने 80 लाख रुपये कीमत के गहने जालसाजी कर हड़प लिया था। मामला खुलने के बाद गोरखनाथ पुलिस ने आरोपी को रिमांड पर लेकर करीब 64 लाख रुपये का गहना बरामद कर आरोपी को कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार आरोपी गोरखपुर जिले के खजनी का रहने वाला है लेकिन वर्तमान में वह गोरखनाथ इलाके के रामनगर चौराहे पर किराये के मकान में रहता था।

**गिरफ्तार आरोपी राजीव कुमार वर्मा मूल खजनी का है रहने वाला**

एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने गुरुवार को शाम पुलिस लाइन में प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि गाजियाबाद लोनी के शांतिनगर निवासी लल्लन यादव दिल्ली के चांदनी चौक में सोना-चांदी का थोक व्यापार करते हैं। व्यापारी के आर्डर देने पर गहने लाकर पहुंचाते हैं। गोरखनाथ के रामनगर चौराहा के पास किराए पर कमरा लेकर रहने वाले राजीव वर्मा उर्फ राम ने 12 फरवरी को लल्लन के पास फोन किया। गहने खरीदने का झांसा देकर 13 फरवरी 2023 को गोरखपुर बुलाया और 80 लाख रुपये कीमत के सोने के विभिन्न प्रकार के गहने लेकर स्टेशन पहुंचे लल्लन को अपने साथ स्कूटी से राजीव अपने कमरे पर ले गया। गहने अलमारी में रखवाने के बाद यह कहते हुए वहां से गोरखनाथ मंदिर ले गया कि व्यापारी मिलने आ रहा है। लल्लन को रेस्टोरेंट में बैठाने के बाद स्कूटी से राजीव वर्मा अपने कमरे पर पहुंचा और गहने लेकर वहां से फरार हो गया।




धोखाधड़ी व चोरी करने के आरोपी अभियुक्त राजीव कुमार वर्मा उर्फ राम से बरामद सोने के बारे में मीडिया को जानकारी देते एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई। फोटो : एसएनबी

गोरखनाथ पुलिस चोरी का मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही थी कि इस दौरान गोरखनाथ पुलिस को सर्विलांस की मदद से जानकारी मिली कि आरोपी दिल्ली में मौजूद है। इस बात की जानकारी पुलिस अधिकारी को दी और उन्होंने तत्काल दिल्ली पुलिस की मदद से तीन मार्च 2023 को दिल्ली पुलिस और स्थानीय पुलिस की मदद से राजीव को गिरफ्तार किया। ट्रांजिट रिमांड पर गोरखपुर लाने के बाद उसे जेल भेज दिया। न्यायालय के आदेश पर गुरुवार की सुबह पुलिस ने आरोपित को कस्टडी रिमांड पर लेकर पूछताछ की उसकी निशानदेही पर अलमारी में छिपाकर रखे गए 1019.19 ग्राम सोने के करीब 64 लाख रुपये का गहने बरामद किया।

**एसएसपी ने गोरखनाथ पुलिस को 25 हजार का दिया पुरस्कार**

गोरखपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. गौरव ग्रोवर ने गोरखनाथ इंस्पेक्टर दुर्गेश कुमार सिंह, दारोगा गोपाल यादव सिपाही दीपक सिंह यादव, अशोक कुमार यादव और सुर्यदीप कुशवाहा ने करीब अस्सी लाख रुपये का जेवरात जालसाजी व चोरी करने वाले आरोपी के पास से 64 लाख रुपये के गहने की बरामदगी करने वाली टीम को एसएसपी ने 25 हजार रुपये का पुरस्कार दिया है। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि खजनी थाने का मूल रहने वाला राजीव कुमार वर्मा शातिर जालसाज है। उसने दिल्ली के कारोबारी से सोने के गहने को बेचने के लिए लिए गोरखपुर में मंगाया और फिर उसे हड़प लिया और मौके से फरार हो गया। पुलिस की टीम ने बारीकी से जांच पड़ताल किया और आरोपी को खोज निकाला। आरोपी को गोरखनाथ पुलिस की मदद से पकड़ा गया और उसकी निशानदेही पर उसके पास से गहने बरामद हुई।

**13 फरवरी को मंगवाई थी ज्वैलरी :** राजीव ने लल्लन को कहा कि वह डिलेवरी लेकर गोरखपुर आ जाए, 13 फरवरी को यहां आते ही गोल्ड का पेमेंट हो जाएगा। उसके कहे मुताबिक, लल्लन दिल्ली चांदनी चौक के अपने ज्वैलर्स से गोल्ड की ज्वैलरी लेकर गोरखपुर आ गया। यहां पहुंचने पर राजीव ने उसे अपने घर बुलाया। पूरी ज्वैलरी घर में रखवा ली और राजीव को गोरखनाथ मंदिर घुमाने लेकर चला गया। दोनों जब मंदिर से वापस आए तो घर में ज्वैलरी गायब थी। राजीव ने ज्वैलरी चोरी की झूठी कहानी गढ़कर ज्वैलरी छिपा दी।

**एक करोड़ के फ्रॉड में पहले भी जा चुका है जेल :** एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया, राजीव बेहद शातिर है। वह पूरे देश में घूमकर इस तरह का फ्रॉड करता है। साल 2018 में भी वो ऐसे एक फ्रॉड के केस में जेल जा चुका है। फिलहाल पुलिस उसकी क्राइम हिस्ट्री खंगाल रही है।

# गोलघर में महिला के गले से चेन छीनने वाली तीन महिलाएं गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** कैंट इलाके के गोलघर स्थित गणेश चौराहे के पास आटो सवार तीन चोरनी को कैंट पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

**बच्चो के साथ आटो में सवार होकर महिलाओं के चेन खींचकर हो जाती है फरार**

एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि आटो सवार महिलाओं की चेन छिनैती की घटनाओं को देखते हुए संदिग्ध महिलाओं की तलाश में कैंट इंस्पेक्टर शशिभूषण राय और चौकी प्रभारी जटेपुर धीरेन्द्र कुमार राय की अगुवाई में पुलिस टीम ने गणेश चौराहे के पास आटो सवार तीन चोरनी पूजा पत्नी रवि निवासी करवलिया थाना बडहलगंज, गोरखपुर मुस्कान पत्नी मेजर निवासी करवलिया थाना बडहलगंज और अंजली पत्नी विशाल निवासी करवलिया थाना बडहलगंज जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आटो सवार महिला के गले से सोने की चेन छिनने के प्रयास के दौरान तीनों चोरनी पकड़ी गयी।गिरफ्तार चोरनी के खिलाफ कैंट पुलिस ने मुकदमा संख्या 201/2023 धारा 393 के तहत केस दर्ज कर जेल भेज दिया।

# पुलिस वेरीफेकेशन के नाम पर धनउगाही तो एक्शन

**गोरखपुर (एसएनबी)।** पासपोर्ट और चरित्र प्रमाण पत्र का सत्यापन के नाम पर थाने से लेकर अन्य विभागों में धनादोहन रोकने के लिए आईजी गोरखपुर परिक्षेत्र जे. रविन्द्र गौड़ ने मंडल के चारों जिले के पुलिस कप्तनों को कड़ा निर्देश जारी किया है।

पासपोर्ट और चरित्र प्रमाण पत्र का पुलिस वेरिफिकेशन कराने के लिए अब थानों की दौड़ भाग नहीं करनी पड़ेगी। आवेदकों के घर बैठे पुलिस वेरिफिकेशन हो जाएगा। इसके लिए आवेदक के एरिया की बीट पुलिस वहां जाएगी। आस-पास के लोगों से आवेदक के बारे में जानकारी प्राप्त करके अपनी रिपोर्ट लगाएगी। अगर कोई भी पुलिस कर्मी वेरिफिकेशन के नाम पर थाने बुलाएगा या धन उगाही में लिप्त पाया जाएगा उस पर कड़ी कार्रवाई भी होगी। आईजी जे रविन्द्र गौड़ ने मंडल के गोरखपुर, देवरिया, महाराजगंज और कुशीनगर के जिला पुलिस प्रमुखों को इसके लिए निर्देशित जारी किया है।

**आईजी ने गोरखपुर मंडल के चार जिले में जारी किया निर्देश**

**बीपीओ करेगा पासपोर्ट और चरित्र प्रमाण पत्र का वेरिफिकेशन**

**धनउगाही रोकने के लिए आईजी ने जारी किया सख्त निर्देश**



**धन उगाही की मिलती थी शिकायत**

पासपोर्ट और कैरेक्टर का पुलिस वेरिफिकेशन 15 दिन के अंदर करना होता है। लेकिन तमाम जगहों से ऐसी शिकायतें आती हैं कि पैसे के चक्कर में कुछ पुलिसकर्मी वेरिफिकेशन अटका देते है जिससे पुलिस की छवि खराब हो रही है। इस पर अंकुश लगाने के लिए आईजी ने ये निर्देश जारी किया है।

**आईजी की टीम ले रही फीडबैक**

आईजी द्वारा गठित टीम पासपोर्ट और कैरेक्टर का पुलिस वेरिफिकेशन कराने वाले आवेदकों से फीडबैक भी ले रही है। डेली ये टीम आवेदकों को कल करके उनसे पूछती है कि इस काम के लिए कोई पैसा तो नहीं लगा और कितने दिन में आपका वेरिफिकेशन हुआ। ऐसे कई सवाल आईजी कार्यालय से टीम आवेदकों से पूछ रही है। आईजी ने कहा कि कहीं भी शिकायत मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पट्टीदारों ने भाई-बहन को पीटा, केस दर्ज

**भटहट।** गुलरिहा थाना क्षेत्र के ग्राम जौरहर निवासी श्रीकिशुन ने अपने पट्टीदारों पर उसे व उसकी बहन को पिटाई करने एवं जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर ली है। 14 मार्च की शाम साढ़े चार बजे वह अपनी बहन गुन्जा से दरवाजे पर बैठ कर बातचीत कर रहे थे। इसी बीच उसके पट्टीदार बिना किसी विवाद के गालीगलौज देते हुए उसे व उसकी बहन की पिटाई करने लगे।

# भ्रष्टाचार के आरोपित को तीन साल की कैद

गोरखपुर ।भ्रष्टाचार का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम तनु भटनागर ने शारदा खण्ड 51 सिंचाई विभाग प्रतापगढ़ में कार्यरत तत्कालीन अवर अभियंता हीरालाल उपाध्याय को तीन साल के कठोर कारावास एवं 50 हजार रुपए अर्थदंड से दण्डित किया है।अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को छः माह का कारावास अलग से भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक परमानंद राम त्रिपाठी का कहना था कि 26 सितम्बर 1989 को नवभारत टाइम्स दैनिक समाचार पत्र में एक खबर लाखों के घोटाले को दबाने की कोशिश जिसमे शारदा खण्ड 51 सिंचाई विभाग प्रतापगढ़ के अवर अभियंता आदि के विरुद्ध भ्रष्टाचार के आरोपों का प्रकाशन हुआ था।इसके अतिरिक्त के पी महरोत्रा अनुसचिव सतर्कता अनुभाग एक उत्तर प्रदेश शासन लखनऊद्वारा एक पत्र जो पुलिस महानिरीक्षक भ्रष्टाचार निवारण संगठन को संबोधित था। जिसकी जांच भ्रष्टाचार निवारण संगठन अपराध अनुसंधान विभाग फैजाबाद द्वारा की गई।जांच में पाया गया कि अभियुक्त हीरालाल उपाध्याय अवर अभियंता ने 4 अक्टूबर 1979 से 8 अक्टूबर 1985 के मध्य अपने द्वारा संपादित कराए गए लोकहित के निर्माण कार्यो में 3 लाख 33 हजार 474 रुपए 85 पैसों का विभिन्न मदो ब्योरा अपने सक्षम अधिकारी को नहीं प्रस्तुत किया था। यह धनराशि अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम प्रकीर्ण में डाली गई थी। जिसका समायोजन कराने हेतु वर्ष 1994 तक अनेक बार अभियुक्त को लिखा गया परंतु अभियुक्त समायोजन हेतु कोई आंकड़ा प्रस्तुत नहीं किया।

# एक लाख की ठगी करने वाला गिरफ्तार

गोरखपुर(एसएनबी)। कैंट पुलिस ने एक शातिर जालसाज को अरेस्ट किया है। वह खुद को पुलिस का मुखबिर बताता फिरता था। पुलिस के मुकदमों से विवेचना के दौरान नाम निकलवा देने का दावा करता था। इसके नाम पर उसने कई लोगों से रुपए भी हड़प लिए। एक मामले में उसने केस से नाम निकलवाने के नाम पर एक लाख रुपए हड़प लिए। बावजूद इसके रुपए देने वाला जेल चला गया। रुपए वापस मांगने पर वह जान से मारने की धमकी देने लगा। शिकायत पर कैंट पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान कैंट इलाके के रानीडिहा के रहने वाले मोहम्मद नईम चौधरी के रुप में हुई।

कैंट इलाके के विशुनपुरवा का रहने वाला गोलू साहनी भी जालसाज के झांसे में आ गया। एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया, हत्या की कोशिश के एक मुकदमें में गोलू नामजद आरोपी बना। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। इस बीच जालसाज ने दावा किया कि वह उसका नाम केस से बाहर करा देगा। इसके एवज में उसने गोलू साहनी से एक लाख रुपए भी ले लिए। बावजूद इसके पुलिस ने गोलू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

**एक लाख देने के बाद भी जेल चला गया गोलू**

**रुपए मांगने पर देने लगा धमकी :** जेल से जमानत पर रिहा होने के बाद गोलू ने केस से नाम निकलवाने के नाम पर दिये पैसे नईम से एक लाख रुपए मांगने लगा। लेकिन, उसने रुपए देने से इनकार कर दिया। दबाव देने पर वह उल्टा जान से मारने की धमकी देने लगा।इसके बाद गोलू ने जालसाज के खिलाफ कैंट थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने जांच पड़ताल की तो मामला यही निकला। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## मंदबुद्धि से दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** दिव्यांग 15 वर्षीया किशोरी से रेप के मामले में आरोपित उसके 60 वर्षीय दादा को गुलरिहा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपित को दर्ज मुकदमे की धाराओं के तहत कोर्ट मे पेश की जहां से उसे जेल भेज दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के एक गांव में 15 वर्षीय दिव्यांग किशोरी मंगलवार की शाम घर से दूर चरने के लिए बांधी गई बकरी को लेने गई थी। उसके साथ उसकी मां भी गयी थी। वहां रिश्ते में लगने वाला गांव का ही दादा (बाबा) श्यामसुंदर ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया।

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** प्रभारी निरीक्षक गुलरिहा मनोज कुमार पाण्डेय ने हमराही फोर्स के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। आरोपित के विरूद्ध एक नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म किए जाने व पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज है। पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम पुलिस को सुरेश पुत्र गोलई निवासी जैनपुर टोला असनहिया थाना गुलरिहा जिला गोरखपुर बताया। पुलिस आरोपित को आईपीसी की धारा 363, 504, 506, 376 भादवि0 3/4 पाक्सो एक्ट के तहत कोर्ट में पेश की जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गुडवर्क टीम में एसआई देवेन्द्र दुबे, आरक्षी राजू यादव व प्रवीण तिवारी शामिल रहे।


# दहेज हत्या का आरोपित गिरफ्तार

**बांसगांव (एसएनबी)।** स्थानीय थाना पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपित को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक बांसगांव विज्ञानकर सिंह ने एसआई रंजीत तिवारी व आरक्षी अजय कुमार मिश्रा के सहयोग से आरोपित को पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम शिवशक्ति शर्मा उर्फ शक्तिमान पुत्र विनोद शर्मा निवासी जिगिना भियाव थाना बाँसगाँव जनपद गोरखपुर बताया। 498 ए,304 बी भादवि व डीपी एक्ट के तहत कोर्ट में पेश किया गया।

# जानलेवा हमले में आरोपित महिला गिरफ्तार

**बरहुआ (एसएनबी)।** जानलेवा हमले के मामले में आरोपित महिला को गीडा पुलिस ने गिरफ्तार किया। महिला को पुलिस ने दर्ज मुकदमे की धाराओं के तहत रिमांड के लिए कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष गीडा के कुशल निर्देशन में एसआई अजय कुमार श्रीवास्तव ने मुख्य आरक्षी कमलेश कन्नौजिया, महिला आरक्षी प्रियंका पाण्डेय व प्रतिभा के सहयोग से पकड़ा। पूछताछ में आरोपित महिला ने अपना नाम सरस्वती देवी पत्नी मोहन निषाद निवासी ग्राम नौसड़ पासवान ढाला थाना गीडा जनपद गोरखपुर बताया। आरोपित महिला को पुलिस धारा 147,323,504,308,326 भादवि व 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट थाना गीडा के तहत कोर्ट में पेश किया।

# गोरखपुर में लूट-छिनैती का नेपाल कनेक्शन, यूथ को जुआ और कैसीनों जाने की...



# 'लत ये गलत लग गई'

anurag.pandey@inext.co.in

**GORAKHPUR (16 March):** कैसीनो में जुआ खेलने की लत और स्मैक की खुमारी में डूबने का नशा यूथ को सलाखों के पीछे पहुंचा रहा है. अपनी लत के लिए वह लाखों रुपए बर्बाद कर दे रहे हैं और पैसा खत्म होने के बाद लत को पूरा करने के लिए लूट, छिनैती जैसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं. जिले में कई ऐसे लूट और छिनैती के मामले सामने आए हैं, जिसका कनेक्शन नेपाल कैसिनो और स्मैक का नशा करने वालों से जुड़ा मिला है. नशे और नेपाल कैसिनो की लत में युवाओं ने आपराधिक घटनाएं करने की बात भी कबूल की है. एडीजी ने इसकी वजह जानने के लिए घटनाओं की समीक्षा में ये चौंका देने वाला खुलासा हुआ. एडीजी ने इन घटनाओं को संज्ञान लेते हुए ऐसे लोगों की काउंसलिंग कराने का निर्णय लिया है. जिससे की वह जेल से छूटने के बाद अपराध न करें.

**CASE 01**

पिपराइच पुलिस ने 14 मार्च को राहगीरों से लूट की वारदात को अंजाम देने वाले दो बदमाशों को उनौला के पास से गिरफ्तार किया. पुलिस ने उनके पास से लूट का चार मोबाइल बरामद किया. पुलिस की पूछताछ में उन्होंने बताया कि वह नेपाल में कैसिनो में खेलने के लिए जाते है. अपने इस शौक को पूरा करने के लिए वह लूट की घटना कारित करते है.

**CASE 02**

गोरखनाथ मंदिर के पास 13 मार्च को महिला के गले से चेन लूट कर बदमाश बाइक से भाग रहा था. जाम के फंसने पर वह बाइक छोड़ कर फरार हो गया. पुलिस की जांच में मालूम चला कि बदमाश तिवारीपुर थाना क्षेत्र का रहने वाला है. वह स्मैक का आदी है. स्मैक के नशे को पूरा करने के लिए वह लूट व चोरी की वारदात को अंजाम देता है.

## मामलों की होगी स्टडी

एडीजी अखिल कुमार ने जोन की पुलिस को आदेश जारी कर ऐसे मामलों को अध्ययन करने का निर्देश दिया है. जिसमें स्मैक का नशा और कैसिनो समेत अन्य शौक पूरा करने के लिए युवक लूट या छिनैती की घटना को अंजाम दिया हो. उन्होंने ऐसे युवकों को चिन्हित कर उनकी और उनके परिवार की पुलिस को एक्सपर्ट के माध्यम से काउंसलिंग कराने का भी निर्देश दिया है. जिससे की उनको अपने अपराध का बोध हो और वह दोबारा आपराधिक घटनाओं में शामिल न हो.

## स्मैकियों की बनेगी लिस्ट

एडीजी ने स्मैक का नशा करने वालों को चिन्हित करने के लिए पुलिस को मोहल्ला समिति का गठित करने का निर्देश दिया है. समिति के लोग मोहल्ला और आसपास क्षेत्र में स्मैक का नशा करने वालों की सूचना पुलिस को देंगे. पुलिस उनको नशा से दूर करने के लिए काउंसलिंग करेगी.




एडीजी का मानना है कि स्मैक का नशा करने वाले आसपास क्षेत्रों में चोरी और छिनैती कर अपने नशे की लत को पूरा करते है. पुलिस उनको पकड़ कर जेल भेजती है, जेल से छूटने के बाद वह फिर वही काम करने लगते है.

## चिन्हित होंगे नशे के कारोबार वाले स्थानों

एडीजी ने थानेवार पुलिस को अपने-अपने क्षेत्र में नशे के कारोबार से जुड़े स्थान को चिन्हित करने का निर्देश दिया है. पुलिस नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने के साथ आमजन को नशा से दूर रहने के लिए जागरूक भी करेगी.



**"पुलिस का उद्देश्य जेल भेजना ही नहीं बल्कि, अपराध में लिप्त लोगों को सुधारना भी है. इधर समीक्षा में पता चला है कि अधिकतर लूट, छिनैती की घटना को स्मैकिए और कैसिनो जाने वाले युवा अंजाम दे रहे हैं. उन्हें सुधारने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे. ऐसे बदमाशों को सुधारने के लिए उनकी और उनके परिवार की एक्सपर्ट से काउंसिलिंग कराई जाएगी.**

**अखिल कुमार**, एडीजी

**जुआरी और स्मैक इस्तेमाल करने वाले दे रहे लूट, छिनैती की घटना को अंजाम**

**एडीजी के निर्देश पर ऐसे मामलों का अध्ययन कर पुलिस बदमाशों का कराएगी काउंसलिंग**


**i CONNECT**

Gorakhpur city की real time खबरों से update रहने के लिए Twitter पर फॉलो करें @inextlive डायरेक्ट follow करने के लिए scan करें यह QR Code.

# थाने का मुखबिर बनकर एक लाख की वसूली, पुलिस ने किया अरेस्ट

**एफआईआर से नाम निकलवाने के नाम पर वसूले थे एक लाख**

**GORAKHPUR (16 March):** पुलिस ने एक शातिर जालसाज को अरेस्ट किया है. वह खुद को पुलिस का मुखबिर बताता फिरता था. पुलिस के मुकदमों से विवेचना के दौरान नाम निकलवा देने का दावा करता था. इसके नाम पर उसने कई लोगों से रुपए भी हड़प लिए. एक मामले में उसने केस से नाम निकलवाने के नाम पर एक लाख रुपए वूसले, बावजूद इसके रुपए देने वाला जेल चला गया. रुपए वापस मांगने पर वह जान से मारने की धमकी देने लगा. शिकायत पर कैंट पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. उसकी पहचान कैंट इलाके के रानीडिहा के रहने वाले मोहम्मद नईम चौधरी के



रूप में हुई.

## एक लाख देने के बाद भी जेल चला गया गोलू

ताजा मामला कैंट थाने का है. कैंट इलाके के विशुनपुरवा का रहने वाला गोलू साहनी भी जालसाज के झांसे में आ गया. एसपी सिटी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया, हत्या की कोशिश के एक मुकदमे में गोलू नामजद आरोपी बना. पुलिस उसकी तलाश कर रही थी. इस बीच जालसाज ने दावा किया कि वह उसका नाम केस से बाहर करा देगा. इसके एवज में उसने गोलू साहनी से एक लाख रुपए भी ले लिए, बावजूद इसके पुलिस ने गोलू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया.

## रुपए मांगने पर देने लगा धमकी

जेल से जमानत पर रिहा होने के बाद गोलू नईम से अपने एक लाख रुपए मांगने लगा. लेकिन, उसने रुपए देने से इनकार कर दिया. दबाव देने पर वह उल्टा जान से मारने की धमकी देने लगा.इसके बाद गोलू ने जालसाज के खिलाफ कैंट थाने में शिकायत दर्ज कराई. शिकायत के आधार पर पुलिस ने जांच पड़ताल की तो मामला यही निकला. पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस के मुताबिक, आरोपी नईम पहले भी कई लोगों से इस तरह की जालसाजी कर चुका है.

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर करेंगे आंदोलन

गोरखपुर। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर 21 मार्च को पुरानी पेंशन बहाली को लेकर जिला मुख्यालयों पर होने वाले धरने को लेकर गुरुवार को कर्मचारियों ने तैयारी बैठक की। बैठक की अध्यक्षता परिषद के अध्यक्ष रूपेश श्रीवास्तव ने की। बैठक को सम्बोधित करते हुए रूपेश ने कहा कि पुरानी पेंशन का मामला कर्मचारियों के भविष्य से जुड़ा है।

पहल पुलिस अगर थाने बुलाए तो करें कम्प्लेन

# घर बैठे पुलिस करेगी पासपोर्ट वेरिफिकेशन

**आईजी ने गोरखपुर मंडल के चार जिले में जारी किया निर्देश**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (16 March):** पासपोर्ट और कैरेक्टर का पुलिस वेरिफिकेशन कराने के लिए अब थानों की दौड़ भाग नहीं करनी पड़ेगी. आवेदकों के घर बैठे पुलिस वेरिफिकेशन हो जाएगा. इसके लिए आवेदक के एरिया की बीट पुलिस वहां जाएगी. आस-पास के लोगों से आवेदक के बारे में जानकारी प्राप्त करके अपनी रिपोर्ट लगाएगी. अगर कोई भी पुलिसकर्मी वेरिफिकेशन के नाम पर थाने बुलाएगा या धन उगाही में लिप्त पाया जाएगा. उसपर कड़ी कार्रवाई भी होगी. आईजी जे रविन्द्र गौड़ ने मंडल के गोरखपुर, देवरिया, महाराजगंज और कुशीनगर के कप्तान को इसके लिए निर्देशित किया है.

## धन उगाही की आती थी शिकायत

पासपोर्ट और कैरेक्टर का पुलिस वेरिफिकेशन 15 दिन के अंदर करना होता है, लेकिन तमाम जगहों से ऐसी शिकायतें आती हैं कि पैसे के चक्कर में कुछ पुलिसकर्मी वेरिफिकेशन अटका देते है. जिससे पुलिस की छवि खराब हो रही है. इस पर अंकुश लगाने के लिए आईजी ने ये निर्देश जारी किया है.

## आईजी की टीम ले रही फीडबैक

आईजी द्वारा गठित टीम पासपोर्ट और कैरेक्टर का पुलिस वेरिफिकेशन कराने वाले आवेदकों से फीडबैक भी ले रही है. डेली ये टीम आवेदकों को कॉल करके उनसे पूछती है कि इस काम के लिए कोई पैसा तो नहीं लगा और कितने दिन में आपका वेरिफिकेशन हुआ. ऐसे कई सवाल आईजी कार्यालय से टीम आवेदकों से पूछ रही है. आईजी ने कहा कि कहीं भी शिकायत मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी. इधर, शुक्रवार को परेड के दौरान सभी कप्तान पुलिस को इसकी जानकारी भी देंगे.

## वॉट्सएप कर करें कंप्लेन

**9454400209**

## विदेश जाने के लिए क्या करें

- सदैव इ माइग्रेट पोर्टल पर रजिस्टर्ड भर्ती एजेंट्स के माध्यम से ही विदेश जाने के लिए आवेदन करें.
- विदेश में रोजगार के लिए जाने से पहले विदेश नियुक्ता अधिपत्र का वितरण प्राप्त कर लें.
- विदेश में रोजगार के लिए इंप्लाइमेंट वीजा पर ही यात्रा करें.

## विदेश भेजने के लिए 12 एजेंसियां ही ऑथराइज

- अनुजटेक ओवरसीज अशोका गैस गोदाम रोड सिंघड़िया
- गोरक्षपुर मैनपावर एसोसिएट्स, सरवन नगर, स्वर सिटी
- एडवांस टेक मैनपॉवर, ओवरसीज कंसल्टेंसी, खोवा मंडी
- सत्या इंटरनेशनल मैन पावर एजेंसी, सुभवंतता भवन, रुस्तमपुर
- ग्लोबल एसोसिएट्स महादेव झारखंडी
- यूनिट्स मैन पॉवर, कंसल्टेंट, केशरवानी पेट्रोल पंप
- ग्लोबल वेल्डिंग ट्रेनिंग टेस्ट कंसल्टेंसी, कूड़घाट
- आरजे इंटरनेशनल सर्विस, मेडिकल रोड शाहपुर
- कबीर जी इंटरनेशनल, कबीर नगर सिंघड़िया
- विजन मैन पावर, कंसल्टेंसी, रामनगर कड़जहां
- हरीओम एसोसिएट्स, एमएमएमयूटी
- परफेक्ट ग्रुप, झारखंडी



**"पासपोर्ट, कैरेक्टर वेरिफिकेशन के लिए आवेदक को थाने नहीं बुलाया जाएगा. आवेदन के एरिया की बीट पुलिस वहां जाकर वेरिफिकेशन कर अपनी रिपोर्ट लगाएगी. इस काम में लापरवाही करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी.**

**जे रविन्द्र गौड़,** आईजी

# झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

खोराबार। शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोपित युवक कैंट थानाक्षेत्र के भैरोपुर निवासी शनि पासवान को खोराबार पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। खोराबार इलाके के एक गांव की युवती ने भैरोपुर के शनि पासवान के खिलाफ 13 मार्च को खोराबार थाने पर तहरीर दी थी, पुलिस शनि पर केस दर्ज कर गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया।

# होमगार्ड ने युवती से की छेड़खानी, गिरफ्तार




- नौकायन पर मंगलवार की रात में हुई घटना, पुलिस ने भेजा जेल
- दुकानदार की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया छेड़खानी का केस

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। रामगढ़झील क्षेत्र में नौकायन के पास नशे में धुत होमगार्ड ने मंगलवार की रात एक युवती के साथ छेड़खानी कर दी। हाथ पकड़कर जबरन अपने साथ सूनसान स्थान पर ले जाने लगा। शोर मचाने पर पहुंचे दुकानदारों ने होमगार्ड को पकड़ लिया। छेड़खानी व धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया। रामगढ़ताल थाना पुलिस ने आरोपित होमगार्ड को न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

मंगलवार की रात में 10 बजे रामगढ़ताल की तरफ युवती की चीख-पुकार सुनकर स्थानीय दुकानदार पहुंचे। उन्होंने देखा कि नशे में धुत होमगार्ड एक युवती का हाथ पकड़कर साथ ले जा रहा है। दुकानदारों ने रोकने का प्रयास किया तो जान से मारने की धमकी देने लगा।

दुकानदारों ने उसे पकड़ लिया और युवती के साथ पुलिस चौकी पर ले गए। चौकी पर पहुंचने के बाद युवती ने लोकलाज के भय से मुकदमा दर्ज कराने से इन्कार कर दिया। पूछताछ में होमगार्ड की पहचान लसहड़ी निवासी जयगोपाल पांडेय के रुप में हुई।

# दुष्कर्म के आरोपी बुजुर्ग और युवक को भेजा जेल

गोरखपुर। गुलरिहा इलाके के अलग-अलग स्थानों पर दो किशोरियों से हुए दुष्कर्म के आरोप में पुलिस ने 60 साल के एक बुजुर्ग और एक युवक को गिरफ्तार कर गुरुवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

बुजुर्ग पर मानसिक रूप से विक्षिप्त किशोरी के साथ दुष्कर्म का आरोप है, जो रिश्ते में बाबा लगता है। वहीं, युवक ने किशोरी का पहले अपहरण किया और बाद में उसके साथ दुष्कर्म किया था। क्षेत्र के गुलरिहा थानाक्षेत्र के एक गांव में मंगलवार को 60 वर्षीय बुजुर्ग ने रिश्ते में पौत्री लगने वाली किशोरी के साथ दुष्कर्म कर दिया। आरोप है कि मानसिक रूप से विक्षिप्त किशोरी बकरी चराने गई थी। रुपये का लालच देकर बुजुर्ग ने दुष्कर्म किया। इस बीच विद्यालय के हैंडपंप से पानी भरने गए एक युवक ने उसकी करतूत पकड़ ली और इसकी जानकारी किशोरी के पारिवारीजनों को दी। परिवार सहित गांववाले इकट्ठा होकर वृद्ध की पिटाई कर पुलिस को सूचना दिए।

# जालसाजी के आरोपी से 67 लाख का सोना बरामद किया

■ जालसाज के ही ऑर्डर पर जेवर की सप्लाई करने आया था कारोबारी
■ दिल्ली में ही जालसाज से हुई थी दोस्ती, जेवर का झोला लेकर भागा

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता । गाजियाबाद के स्वर्ण व्यापारी से 80 लाख रुपये के सोने की जालसाजी करने के आरोपी को गोरखनाथ पुलिस ने रिमांड पर लेकर उसकी निशानदेही पर 67 लाख कीमत का सोना बरामद कर लिया है। उसने सोने के जेवर रामनगर स्थित किराये के मकान में रखे थे। पुलिस के मुताबिक जेवर बेचने के लिए वह पंजाब के सराफा कारोबारियों के संपर्क में था।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि गाजियाबाद जिले के लोनी चौक निवासी लल्लन सोने का कारोबार करते हैं। वह व्यापारियों के आर्डर के हिसाब से सोने के गहने सप्लाई करते हैं। लल्लन दिल्ली के चांदनी चौक सराफा बाजार से करीब 80 लाख की कीमत के 1737 ग्राम सोने के गहने लेकर राजीव कुमार वर्मा के ऑर्डर पर 13 फरवरी को गोरखपुर आए थे। गोरखनाथ मंदिर में दर्शन के बहाने राजीव उन्हें मंदिर परिसर में ले गया। लल्लन को अंदर दर्शन के लिए भेज कर राजीव कुमार उनका बैग लेकर फरार हो गया। लल्लन की शिकायत पर गोरखनाथ पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। राजीव कुमार गोरखपुर में कहां का रहने वाला है, इस बारे में लल्लन को भी कुछ पता नहीं था। लल्लन और राजीव की मुलाकात दिल्ली में ही हुई थी। पुलिस ने जिले के सराफा कोराबारियों के जरिये राजीव कुमार के बारे में जानकारी जुटानी शुरू की लेकिन कुछ नहीं पता चला। राजीव मोबाइल बंद रखता था, लेकिन इंस्ट्राग्राम चलाता था। गोरखपुर पुलिस ने उसकी लोकेशन ट्रेस कर दिल्ली पुलिस को सूचना दी।

## गोल्ड सेंसेक्स में लगाया, पैसा डूबने पर बेचा मकान

राजीव कुमार वर्मा खजनी इलाके का मूल निवासी है। उसके भाई की खजनी में सराफा की दुकान है। राजीव का दिल्ली में मकान था। उसने गोल्ड सेंसेक्स में 2018 में एक करोड़ रुपये लगाया था। पैसा डूबने के बाद उसने दिल्ली स्थित अपना मकान बेच दिया था। मकान बेचने में भी उसने जालसाजी की थी। एक ही मकान को दो लोगों को बेचा था। मकान बेचने के बाद मिले पैसे में से 20 लाख रुपये दोबारा गोल्ड सेंसेक्स में लगाया था लेकिन फिर उसे घाटा ही हुआ था। जिसके बाद उसने लल्लन से जालसाजी की योजना बनाई थी।

# चिलुआताल में पकड़े गए तीन शातिर चोर

चिलुआताल। थानाक्षेत्र के फर्टिलाइजर चौकी क्षेत्र के मानबेला से पुलिस ने चोरी के आरोपित तीन युवकों को गिरफ्तार किया। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने हजारों रुपये का माल भी बरामद किया है। पुलिस टीम ने मानबेला में घेराबन्दी कर तीन युवकों रियाज पुत्र आलमगीर, लुकमान पुत्र बैतुल्लह और अरमान पुत्र अमजद निवासी मानबेला को गिरफ्तार किया।

# केस से नाम निकलवाने के नाम पर वसूला एक लाख

- नाम नहीं निकला और जेल भी चला गया हत्या के प्रयास का आरोपित
- जमानत पर बाहर आने के बाद पैसा मांगा नहीं मिलने पर कराया मुकदमा

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। कैंट पुलिस ने गुरुवार को एक ऐसे जालसाज को गिरफ्तार किया जो खुद को पुलिस का मुखबिर बताकर मुकदमों से विवेचना के दौरान नाम निकलवाने का दावा करते हुए जालसाजी करता था।

एक मामले में जब उसने नाम निकलवाने के नाम पर एक लाख रुपये लिए और रुपये देने वाला जब जेल चला गया तब उसकी जालसाजी सामने आई। पीड़ित ने अपने रुपये की मांग की तो कथित मुखबिर ने जान से मारने की धमकी देनी शुरू कर दी। जिसके बाद उसने केस दर्ज कराया। पुलिस ने कैंट इलाके के रानीडिहा के रहने वाले आरोपित मोहम्मद नईम चौधरी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया।

जहां से उसे जेल भेज दिया गया। एसपी सिटी ने बताया कि कैंट इलाके के विशुनपुरवा का रहने वाला गोलू साहनी हत्या की कोशिश के एक मुकदमें में नामजद आरोपी है। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। इस बीच जालसाज मोहम्मद नईम ने दावा किया कि वह उसका नाम केस से बाहर करा देगा। इसके एवज में उसने गोलू साहनी से एक लाख रुपये की मांग की। गोलू ने पैसा तो दे दिया लेकिन उसके बाद भी गोलू को पुलिस ने गिरफ्तार किया और जेल जाना पड़ा।

## पहले भी कई लोगों से ठगी कर चुका है आरोपी

जमानत पर रिहा होने के बाद गोलू ने नईम से अपने एक लाख रुपये की मांग शुरू कर दी। लेकिन, उसने रुपये देने से इनकार कर दिया। दबाव देने पर वह उल्टा जान से मारने की धमकी देने लगा। इसके बाद गोलू ने उसके खिलाफ कैंट थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी नईम पहले भी कई लोगों से इस तरह की जालसाजी कर चुका है।

# पासपोर्ट सत्यापन के लिए थाने नहीं बुलाएगी पुलिस

गोरखपुर। पासपोर्ट सत्यापन के लिए पुलिस अब फरियादी को थाने नहीं बुलाएगी बल्कि बीट सिपाही उनके घर पर जाकर सत्यापन करने के बाद ही अपनी रिपोर्ट लगाएंगे। वहीं सत्यापन के नाम पर वसूली की शिकायत पर सख्त कार्रवाई होगी। आईजी जे.रविंद्र ने रेंज के चारों जिलों के एसपी को पत्र लिखकर इसका निर्देश जारी किया है।

पासपोर्ट सत्यापन का काम पुलिस को करना होता है। ऐसे में फरियादी को पहले थाने पर बुलाया जाता है। माना जाता है कि इसके पीछे वसूली का खेल होता है। इसी वजह से आईजी ने अब इस पर सख्ती का निर्देश दिया है। वहीं वसूली की शिकायत के लिए आईजी ने सीयूजी नंबर 9454400209 भी जारी किया है। उन्होंने लोगों से कहा है कि अगर रुपया मांगा जाए तो सीधे मैसेज भेजकर इस पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

# लिपिक से लूट का प्रयास तीन महिलाएं गिरफ्तार

गोरखपुर। ई-रिक्शा में लिपिक की चेन लूट रही तीन महिलाओं को बुधवार की शाम गोलघर में स्थानीय लोगों की मदद से कैंट थाना पुलिस ने पकड़ लिया। बड़हलगंज क्षेत्र की रहने वाली आरोपितों के पास लूटी गई चेन बरामद कर गुरुवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

गोरखनाथ के हुमायूंपुर, अशोकनगर निवासी पिंकी सिंह सिंचाई विभाग में लिपिक हैं। बुधवार की शाम पुलिस लाइन के पास ई-रिक्शा पकड़कर वह गोलघर जा रही थीं। रास्ते में बच्चों के साथ बैठी तीन महिलाएं उनका पैर दबाने के साथ ही परेशान करने लगीं। गणेश चौराहे के पास ऑटो में ही तीनों चेन छीनने लगीं। पिंकी के शोर मचाने पर चौराहे पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने स्थानीय लोगों की मदद से तीनों को पकड़ लिया। पूछताछ में उनकी पहचान बड़हलगंज के करवलिया निवासी पूजा पत्नी रवि, मुस्कान पत्नी मेजर और अंजली पत्नी विशाल के रूप में हुई।

# होमगार्ड ने युवती से की छेड़खानी, पकड़ाया

**गोरखपुर :** नशे में धुत होमगार्ड ने मंगलवार की रात नौकायन पर युवती के साथ छेड़खानी शुरू कर दी। हाथ पकड़कर जबरन अपने साथ निर्जन स्थान पर ले जाने लगा। शोर मचाने पर पहुंचे दुकानदारों ने होमगार्ड को पकड़ लिया। छेड़खानी व धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर बुधवार को रामगढ़ताल थाना पुलिस ने आरोपित होमगार्ड को न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। (जासं)

# क्राइम सीन रिक्रिएट कर जांची गोली कांड की हकीकत

**जासं, सहजनवां :** सुरगहना निवासी युवक मानसिंह यादव को जांघ में गोली मारने के प्रकरण की जांच तेज हो गई है। गुरुवार को बैलिस्टिक टीम घटनास्थल पर पहुंची। पीड़िता को साथ लेकर क्राइम सीन को रिक्रिएट कर हकीकत की पड़ताल की। टीम की रिपोर्ट आने के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।

सहजनवां क्षेत्र के सुरगहना निवासी 32 वर्षीय मान सिंह यादव चार मार्च को दोपहर साढ़े 12 बजे बाइक से सहजनवां के लिए निकले थे। टिकरिया बांध के पास पहले से मौजूद तीन बाइक सवारों ने गोली चला दी, जो उनके बाएं जांघ में लगी। पिता रामकरन की तहरीर पर पुलिस ने पंचम, सिब्बन, अयोध्या और विनय यादव के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है। गोलीकांड को लेकर पुलिस हर बिंदु पर जांच कर रही है। गोली मारी गई कि खुद मारा गया है, इसकी जांच बैलिस्टिक एक्सपर्ट से कराई जा रही है। गुरुवार को बैलिस्टिक एक्सपर्ट स्थानीय पुलिस के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पीड़ित के बताए अनुसार घटना का क्राइम सीन रिक्रिएट कर पड़ताल की गई। थाना प्रभारी नितिन रघुनाथ श्रीवास्तव ने कहा कि टीम ने मौके पर जांच की है, रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई होगी।

# भ्रष्टाचार के मामले में अवर अभियंता को तीन साल कठोर कारावास

**विसं, गोरखपुर :** भ्रष्टाचार का आरोप सिद्ध पाए जाने पर विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम तनु भटनागर ने शारदा खंड-51, सिंचाई विभाग, प्रतापगढ़ में कार्यरत तत्कालीन अवर अभियंता हीरालाल उपाध्याय को तीन साल के कठोर कारावास और 50 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को छह माह का कारावास अलग से भुगतना होगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक परमानंद राम त्रिपाठी का कहना था कि 26 सितंबर, 1989 को दैनिक समाचार पत्र में लाखों के घोटाले को दबाने की कोशिश समाचार प्रकाशित किया गया था। जांच में पाया गया कि अभियुक्त अवर अभियंता हीरालाल उपाध्याय ने चार अक्टूबर, 1979 से आठ अक्टूबर, 1985 के मध्य अपने द्वारा संपादित कराए गए लोकहित के निर्माण कार्यों में तीन लाख 33 हजार 474 रुपए 85 पैसे का विभिन्न मदों का ब्योरा सक्षम अधिकारियों को नहीं प्रस्तुत किया था।

यह धनराशि अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम प्रकीर्ण में डाली गई थी। इसका समायोजन कराने के लिए वर्ष 1994 तक अनेकों बार लिखे जाने के बाद भी अभियुक्त द्वारा समायोजन के लिए कोई आंकड़ा प्रस्तुत नहीं किया गया।

# सरसों तेल के व्यापारी के साथ धोखाधड़ी, केस

**GIDA :** गीडा पुलिस ने गुरुवार को सरसों तेल के व्यापारी की तहरीर पर एक कंपनी के संचालकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है. पुलिस ने यह कार्रवाई व्यापारी द्वारा सीएम से शिकायत करने पर की है. गोरखनाथ थाना क्षेत्र के 36 क्यू, उत्तरी जटेपुर मंसाबाग निवासी सत्यभामा इंटरप्राइजेज के संचालक जितेंद्र त्रिपाठी ने सीएम को दिए प्रार्थना पत्र में बताया था कि पश्चिम बंगाल की कंपनी न्यूट्रीजोन इंड्रस्ट्रीज प्रा. लि. से सरसों तेल का व्यापार करने के लिए एग्रीमेंट किया. गीडा क्षेत्र के बाघागाड़ा में गोदाम भी ले लिया. व्यापार के लिए कंपनी के खाते में 15 लाख रुपये भी आरटीजीएस से भेज दिए. कंपनी के सीईओ और जीएम को कर्नाटक पुलिस ने जालसाजी में गिरफ्तार किया है. थाना प्रभारी मदन मोहन मिश्र ने बताया कि सीईओ सुदर्शन चौधरी, जीएम समीर दत्ता, एमडी मिथुन सिकंदर, दीपशिखा के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया है.

# दंड पुस्तिका में दर्ज हुई 25 बंदियों की करतूत

सतीश पांडेय • गोरखपुर

- कारागार की आचार संहिता तोड़ने पर हुई कार्रवाई, हो रही निगरानी
- अधीक्षक ने सुविधा में की कटौती, तन्हाई में डालने की दी चेतावनी

जेल के भीतर लड़ाई, गुटबाजी और मनमानी अब बंदियों को भारी पड़ेगी। शिकायत पर उन्हें दंडित करने के साथ ही दंड पुस्तिका में इसका विवरण दर्ज किया जा रहा है। अब तक 25 बंदी दंडित किए जा चुके हैं। बंदी रक्षक इनकी निगरानी कर रहे हैं। वरिष्ठ जेल अधीक्षक ने आचरण में सुधार न होने पर तन्हाई में डालने व न्यायालय में रिपोर्ट भेजने की चेतावनी दी है।

कारागार में रहने वाले बंदियों को अनुशासित रखने के लिए बंदी आचार संहिता होती है। प्रत्येक बंदी से इसका पालन कराना होता है। प्रतिदिन सुबह-शाम बैरक खुलने व बंद होने के समय बंदियों की गणना की जाती है। रात में बैरकों की पहरेदारी करने वाले गार्ड या वार्डर वहां पहरा देते हैं, जिससे कि बंदियों के आचरण व अनुशासन पर नजर रख सकें। जनवरी, 2023 से अब तक 25 बंदी आचार संहिता का उल्लंघन कर चुके हैं। इन पर अपने साथियों से खराब व्यवहार, जेल बंद होने के दौरान दूसरी बैरक में छिपना और हंगामा करने का आरोप था। बंदी रक्षक की रिपोर्ट पर हुई सुनवाई में अपराध की पुष्टि होने पर वरिष्ठ जेल अधीक्षक ने इन्हें दंडित किया है। दंड में लोगों की सुविधा में कटौती करने के साथ ही तन्हाई में डालने की चेतावनी मिली है।

## बंदियों को पक्ष रखने की मिलती है अनुमति



ओपी कटियार
वरिष्ठ जेल अधीक्षक

वरिष्ठ जेल अधीक्षक ओपी कटियार ने बताया कि जब कोई बंदी कारागार के नियमों का उल्लंघन करता है तो उसे अपना पक्ष रखने की अनुमति दी जाती है। मामला गंभीर होने पर सूचना देने वाले जेलकर्मी का बयान दर्ज होता है। आरोप तय होने पर उसकी सुविधाओं में कमी करने का प्रविधान है। चेतावनी व सुविधा में कमी के बाद भी उसके आचरण में सुधार न होने पर न्यायालय को रिपोर्ट भेजी जाती है।

## ये हैं कारागार अपराध

- जेल के भीतर किसी पर हमला या आपराधिक बल का प्रयोग करना।
- बंदी या किसी जेलकर्मी से अपमानजनक या धमकी भरी भाषा का प्रयोग।
- श्रम करने से अपने को जानबूझकर असमर्थ बना देना।
- बैरक में सलाखों को रेतना, काटना या उनमें हेरफेर करना।
- कारागार की संपत्ति को जानबूझकर नुकसान पहुंचाना।
- अभिलेख को बिगाड़ना या विरूपित करने का प्रयास करना।
- किसी अधिकारी या बंदी पर जानबूझ कर कोई झूठा आरोप लगाना।
- बंदी या कारागार अधिकारी पर आक्रमण की योजना तैयारी करना।
- कारागार से भागने का षडयंत्र रचने या भागने में सहायता करना।

# दर्ज केस से नाम निकालने के नाम पर एक लाख वसूले

**गोरखपुर।** हत्या की कोशिश के दर्ज मुकदमे से नाम हटाने के नाम पर एक लाख रुपये की वसूली करने के आरोपी को कैंट पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी मोहम्मद नईम चौधरी ने खुद को पुलिस का मुखबिर बताकर वसूली की थी। पुलिस लाइंस में एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पकड़े गए जालसाज के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैंट इलाके के विशुनपुरवा का रहने वाला गोलू साहनी हत्या की कोशिश के मुकदमे में नामजद आरोपी है। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। इस बीच जालसाज मोहम्मद नईम ने दावा किया कि वह उसका नाम केस से बाहर करा देगा। इसके एवज में उसने गोलू साहनी से एक लाख रुपये की मांग की। गोलू ने रुपये तो दे दिया लेकिन उसके बाद भी पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया और जेल जाना पड़ा। जमानत पर रिहा होने के बाद गोलू ने नईम से अपने एक लाख रुपये की मांग शुरू कर दी थी। ब्यूरो

# मजदूरी नहीं देने पर ठीकेदार पर मुकदमा दर्ज

**भटहट:** गुलरिहां थाना के पिपरी में बन रहे आयुष विश्वविद्यालय में काम कर रहे ठीकेदार पर गुरुवार को पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई रामगढ़ताल थाना क्षेत्र के रवि कुमार की तहरीर पर की है। थाना प्रभारी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। (जासं)

# प्रधान की पिटाई व धमकी देने का वीडियो वायरल

**सहजनवां :** गीडा थाना के नेवास गांव के प्रधान मुरारी लाल मौर्य की पिटाई और जान से मारने का वीडियो वायरल होने पर उन्होंने थाने में तहरीर दी है। आरोप लगाया है कि 10 मार्च को उप स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण के लिए भूमि की पैमाइश चल रही थी। इस दौरान वहां मौजूद भू-माफिया ने पीटना शुरू कर दिया। थाना प्रभारी मदन मोहन मिश्र ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। (जासं)

# चोरी के सामान के साथ तीन गिरफ्तार

**चिलुआताल :** थाना पुलिस ने गुरुवार को चोरी के सामान के साथ तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया। तीनों की पहचान मानबेला निवासी रियाज, लुकमान और अरमान के रूप में हुई। तीनों को पुलिस ने न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी जयंत सिंह ने बताया कि आरोपितों ने मानबेला में निर्माणाधीन मकान से हजारों का सामान चुराया था। (जासं)

# महिला पर हमले के आरोप में दो गिरफ्तार

**भटहट :** गुलरिहा थाना पुलिस ने जैनपुर गांव के टोला रघुनाथपुर निवासी संगीता देवी पर जानलेवा हमले के आरोपितों बिगुल व परशुराम को गिरफ्तार किया। दोनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि महिला ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि वह बुधवार की रात घर में सोई थी। रात 11 बजे आरोपित दरवाजा तोड़कर अंदर घुस गए और हमला कर दिए। (जासं)

# पासपोर्ट सत्यापन के लिए अब नहीं जाना होगा थाना

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** पासपोर्ट व चरित्र सत्यापन के लिए अब थाने नहीं जाना होगा। बीपीओ (बीट पुलिस अधिकारी) आवेदक के घर पहुंचकर सत्यापन करेंगे। किसी ने आवेदक को थाने बुलाया तो उसके विरुद्ध कार्रवाई होगी। गुरुवार को आइजी ने रेंज ने सभी कप्तान को पत्र लिख यह निर्देश दिया। शुक्रवार की सुबह परेड के बाद इसकी जानकारी पुलिसकर्मियों को दी जाएगी।

- **आज परेड के बाद पुलिसकर्मियों को बताए जाएंगे आइजी रेंज के निर्देश**
- **आइजी ने कहा रुपये मांगने पर सीयूजी नंबर पर दें सूचना, होगी कार्रवाई**



जे. रविन्दर गौड, आइजी रेंज

संतकबीरनगर जिले में आपराधिक मुकदमा दर्ज होने के बाद भी रुपये लेकर पासपोर्ट का सत्यापन करने का मामला सामने आया था। एसपी के निर्देश पर सत्यापन करने वाले दारोगा व सिपाही पर मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया। इस घटना की पुनरावृत्ति गोरखपुर परिक्षेत्र में न इसके लिए आइजी रेंज जे. रविन्दर गौड ने पासपोर्ट व चरित्र सत्यापन की रिपोर्ट समय से और आवेदक को बिना थाने बुलाए पूरा करने का निर्देश दिया है। सत्यापन के नाम पर अगर कोई पुलिसकर्मी रुपये मांगता है इसकी शिकायत के लिए आइजी ने अपना सीयूजी नंबर 9454400209 जारी किया है। उन्होंने बताया कि सत्यापन में हीलाहवाली करने व रुपये मांगने पर आवेदक सीयूजी पर मैसेज करके शिकायत दर्ज करा सकता है। जांच कराकर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। गोरखपुर, देवरिया, महराजगंज व कुशीनगर के पुलिस कप्तान शुक्रवार की सुबह परेड के बाद इस निर्देश की जानकारी सभी पुलिसकर्मियों को देंगे ताकि व्यवस्था को तत्काल अमल में लाया जा सके।

## दिल्ली में हुई थी जान–पहचान



राजीव वर्मा – सौ. इंटरनेट मीडिया

मूल रूप से खजनी कस्बे का रहने वाला राजीव वर्मा चार वर्ष पहले दिल्ली के चांदनी चौक में सर्राफ की दुकान पर काम करता था। वहां उसकी जान पहचान गाजियाबाद के रहने वाले लल्लन यादव से हुई थी। शेयर बाजार में रुपये डूबने के बाद उसकी नौकरी छूट गई। कर्ज में डूबने के बाद गोरखपुर चला आया। इंटर की पढ़ाई कर चुकी बेटी को वह कनाडा भेजना चाहता था। रुपये न होने पर चोरी की योजना बना लल्लन को गोरखपुर बुलाया। गहने चोरी करने के बाद दिल्ली, फिर वहां से पंजाब चला गया। वहां बेटी के साथ अपने कनाडा जाने के लिए एजेंट से बातचीत करके दिल्ली लौटा। इसी दौरान पुलिस ने उसे दबोच लिया।

# गायब किशोर को बरामद कर स्वजन को किया सिपुर्द

**पीपीगंज:** थाना पुलिस ने बेलौहां गांव के सात वर्षीय गायब किशोर को बराम्द कर गुरुवार को स्वजन को सिपुर्द कर दिया। थाना प्रभारी दीपक सिंह ने बताया कि किशोर के पिता सीताराम्म पासवान ने बुधवार को तहरीर देकर बताया था कि वह शाम्म को घर से कोचिंग पढ्ने निकला था। वापस न्हीं लौटने पर खोजबीन की गई तो जानकारी नहीं मिली। (जासं)

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपित बुजुर्ग गिरफ्तार

**जासं, भटहट :** गुलरिहां थाना के एक गांव में मंगलवार की शाम नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपित श्याम सुंदर निषाद को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गुरुवार को उसे न्यायालय में पेश करते हुए पुलिस ने जेल भेज दिया। नाबालिग की मां की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए पूछताछ के लिए बुधवार को बुजुर्ग को हिरासत में लिया था।

मां ने तहरीर में बताया था कि आरोपित उसकी पुत्री को पेड़ काटने के बहाने खेत में ले गया और दुष्कर्म किया। रोने पर रुपये का लालच देकर चुप करा दिया। घर पहुंचने उसने मां को पूरी जानकारी दी। थाना प्रभारी मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि पूछताछ में आरोपित ने जुर्म स्वीकार किया। उसको जेल भेज दिया गया।

# लुटेरे ने स्वीकारा अपराध, हुई आठ वर्ष की सजा

**आगरा/गोरखपुर :** विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावी क्षेत्र नीरज कुमार बख्शी ने लूट के मामले में दोषी खजनी के रहने वाले शैलेंद्र कुमार को दोषी पाते हुए आठ वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। सात वर्ष पहले हुई लूट के मामले में पुलिस ने उसे जेल भेजा था। अपनी गरीबी व कोई पैरोकार न होने का हवाला देते हुए शैलेंद्र ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए न्यायालय में प्रार्थना पत्र प्रेषित किया था। घटना जुलाई 2015 की है। न्यायालय ने उसे आठ वर्ष कारावास की सजा और पांच हजार रुपये के अर्थदंड का आदेश दिया है।

# गोद में बच्चे लेकर ऑटो सवार से चोरी करने वाली तीन महिलाएं गिरफ्तार

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। कैंट पुलिस ने ऑटो में सवार होकर बुजुर्ग और महिलाओं से रुपये, सोने के गहने चोरी करने वाली तीन महिलाओं को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया। आरोपियों ने बताया कि वह बच्चे को गोद में लेकर वारदात के अंजाम देती हैं, ताकि किसी यात्री को संदेह न हो। पुलिस ने आरोपियों पर केस दर्ज कर कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

पकड़ी गई महिलाओं की पहचान बड़हलगंज के करवलिया निवासी पूजा पत्नी रवि, इसी गांव की मुस्कान पत्नी मेजर और अंजली पत्नी विशाल के रूप में हुई है। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने पुलिस लाइंस में प्रेस कांफ्रेंस कर आरोपी महिलाओं के बारे में जानकारी दी।

## एक महिला के गले से सोने की चेन चोरी करने के दौरान पकड़ी गई थीं

एसपी सिटी ने बताया कि बृहस्पतिवार को हुमांयूपुर निवासी अजय कुमार सिंह की पत्नी पिंकी से ऑटो में एक महिला ने ध्यान भटकाकर सोने की चेन छीनने की कोशिश की। इस दौरान एक महिला पकड़ी गई। सूचना पर पुलिस पहुंची और जांच के बाद दो और महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया।

एसपी ने बताया कि आरोपी महिलाओं ने बताया कि ऑटो व रिक्शे पर सफर करने के दौरान वह बुजुर्ग और अकेली महिलाओं को निशाना बनाकर वारदात करती हैं। ध्यान भटकाकर पर्स, मोबाइल फोन, गहने चोरी कर लेती हैं।

# नौकायन पर घूमने आई युवती से होमगार्ड ने की छेड़खानी

**गोरखपुर।** नौकायन पर घूमने आई युवती से मंगलवार रात होमगार्ड ने छेड़खानी कर दी। हाथ पकड़कर उसे खींचने लगा। युवती के शोर मचाने पर दुकानदार आ गए और फिर होमगार्ड को पकड़ लिया गया। दुकानदार की तहरीर पर होमगार्ड के खिलाफ बुधवार को रामगढ़ताल पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया।

आरोपी होमगार्ड की पहचान लहसड़ी निवासी जयगोपाल पांडेय के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, मंगलवार रात में 10 बजे रामगढ़ताल की तरफ युवती आई थी। इस दौरान होमागार्ड ने उससे छेड़खानी की।

दुकानदारों ने रोकने का प्रयास किया तो जान से मारने की धमकी देने लगा। ब्यूरो

## दुष्कर्म के आरोपी बाबा समेत दो को जेल भेजा

**गोरखपुर।** दुष्कर्म के दो अलग-अलग मामलों में गुलरिहा पुलिस ने दो लोगों को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेजा गया। भटहट प्रतिनिधि के मुताबिक, मानसिक रूप से कमजोर किशोरी को रुपये का लालच देकर दुष्कर्म करने के आरोपी बाबा को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा। गुलरिहा प्रतिनिधि के मुताबिक, क्षेत्र के एक गांव की 15 वर्षीय किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने के आरोपी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान असनहिया निवासी सुरेश निषाद के रूप में हुई। ब्यूरो

## दस हजार रुपये का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**सरदारनगर।** चौरीचौरा पुलिस ने एसओजी की मदद से 10 हजार रुपये के इनामी को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान इब्राहिमपुर ढोलहां निवासी अखिलेश उर्फ बिगाडू पासवान के रूप में हुई। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने चार अप्रैल को मुकदमा दर्ज किया था। एसएसपी ने उस पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। ब्यूरो

## जानलेवा हमला करने का आरोपी पकड़ा गया

**सरदारनगर।** चौरीचौरा इलाके में चंदन प्रसाद पर हमला करने के एक आरोपी सुकई को पुलिस ने बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। वह जोधपुर गांव का निवासी है। पुलिस ने घायल चंदन प्रसाद की पत्नी की तहरीर पर 12 मार्च को सुकई समेत सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। अन्य की तलाश में पुलिस टीम लगी है। ब्यूरो

## मजदूरी मांगने पर धमकी देने का आरोप, केस दर्ज

**भटहट।** गुलरिहा थाना क्षेत्र के पिपरी में निर्माणाधीन आयुष विश्वविद्यालय के ठेकेदार पर मजदूरी के रुपये मांगने पर धमकी देने का मामला सामने आया। पुलिस आरोपी प्रवीण कुमार पर केस दर्ज कर जांच कर रही है। रामगढ़ताल थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरा देवी प्रसाद निवासी रवि कुमार ने तहरीर में लिखा है कि हरिसेवक इंटरप्राइजेज के मालिक के साथ पिपरी में नमहायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय में बिल्डिंग कार्य व सरिया बांधने का कार्य अन्य मजदूरों के साथ कर रहा था। ब्यूरो

## कर्ज की रकम वापस मांगने पर मारपीट

**खोराबार।** कर्ज में दी गई रकम वापस मांगने पर मारपीट व धमकी देने का मामला सामने आया है। रायगंज बाजार के कोइरी टोला निवासी पूनम ने तहरीर में लिखा है कि गांव की राजमती व उनकी बहू को उधार में रुपये दिए थे। रकम देने के बाद पूनम पति के साथ बाहर चली गईं। जब वह घर आईं और बेटी काजल की शादी के लिए तैयारी करने लगीं। 15 मार्च को राजमती से रकम मांगने लगी तो हिलाहवाली की गई। साथ ही मारपीट भी की गई। बचाव करने गई पूनम की बेटी काजल को भी लोगों ने पीट दिया। ब्यूरो

# स्वर्ण व्यापारी के भाई ने की थी 1.20 किलो सोने की जालसाजी

## गाजियाबाद के व्यापारी से ठगा गया सोना गोरखनाथ पुलिस ने किया बरामद

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** गाजियाबाद के स्वर्ण व्यापारी के कर्मचारी लल्लन को गोरखपुर बुलाकर 1.020 किलो सोने की जालसाजी खजनी के बड़े स्वर्ण व्यापारी के भाई राजीव वर्मा ने की थी। आरोपी राजीव को कोर्ट से कस्टडी रिमांड लेकर गोरखपुर पुलिस ने 1.020 किलो सोना बरामद कर लिया। इसकी बाजार में कीमत 67 लाख रुपये बताई जा रही है।

आरोपी को दिल्ली पुलिस ने गोरखपुर पुलिस की सूचना पर तीन मार्च को ही गिरफ्तार कर लिया था। अब उसे रिमांड पर लिया गया। बरामदगी करने वाली पुलिस टीम को एसएसपी ने 25 हजार रुपये का इनाम देने की घोषणा की।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने पुलिस लाइंस में प्रेस कांफ्रेंस कर घटना की जानकारी दी। एसपी सिटी ने बताया कि 13 फरवरी को गाजियाबाद के लोनी थाना क्षेत्र निवासी लल्लन ने पुलिस को सोने की जालसाजी की सूचना दी। गोरखनाथ पुलिस केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी।

उन्होंने पुलिस को बताया कि उनके जानने वाले राजीव वर्मा जो गोरखनाथ में कमरा लेकर रहते हैं, बुलाए थे और फिर सोना गायब कर दिए। एसपी ने बताया कि सूचना पर केस दर्ज कर पुलिस ने जांच की तो पता चला कि राजीव खजनी का मूल निवासी है और गोरखनाथ में किराए के कमरे में रहता था। खजनी से पता चला कि वह दिल्ली रहता है।

जांच में सामने आया कि राजीव वर्मा वर्षों पहले दिल्ली चला गया था। वहां सर्राफा मंडी में काम करने लगा था। अच्छी कमाई के बाद मकान खरीद लिया था। गोल्ड ट्रेडिंग में एक करोड़ रुपये हारने के बाद वह दिल्ली का मकान बेचकर पंजाब चला गया। उसकी बेटी बारहवीं पास है।

वहां पर एक जालसाज से उसकी मुलाकात हुई और बोला कि अगर सोना दिला दो तो उसे अच्छे दाम पर बेच दिया जाएगा। इसके बाद राजीव वर्मा गोरखनाथ में आया और पुराने परिचित लल्लन को सोना लेकर बुलाया। गोरखपुर आने के बाद राजीव ने बड़ी चालाकी से लल्लन को गोरखनाथ मंदिर घूमने भेज दिया और सोना गायब कर दिया था।

एसपी ने बताया कि केस दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी थी। तीन मार्च को लोकेशन दिल्ली में मिलने पर वहां की पुलिस को सूचना दी गई थी जिससे आरोपी को पकड़ा गया था। दिल्ली से ट्रांजिट रिमांड पर लेकर गोरखपुर पुलिस ने गोरखनाथ में उसके किराए के कमरे से सोने की बरामदगी की है।

### साफ करने के बहाने जेवर लेकर फरार

सरहरी (गोरखपुर)। गुलरिहा इलाके के महराजगंज चौराहे पर स्थित एक मकान पर पहुंचे जालसाज ने महिला के गहने चमकाने के बहाने लेकर फरार हो गया। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस फुटेज की मदद से आरोपी की पहचान करने में जुटी है। जानकारी के मुताबिक, गुलरिहा क्षेत्र के महराजगंज चौराहा निवासी फूलचंद के घर बृहस्पतिवार दोपहर एक जालसाज बाइक से पहुंचा और घर की महिलाओं से बर्तन साफ करने के लिए कहा। महिलाओं ने पहले उसे एक लोटा साफ करने को दिया तो उसे साफ कर दिया। फिर उसने महिलाओं से कहा कि वह जेवर भी दो मिनट में ही साफ कर चमका देता है। कुछ दिन पूर्व ससुराल से मायके आई फूलचंद की पुत्री रीना ने जालसाज के झांसे में आकर अपनी दो अंगूठी, दो मंगल सूत्र एवं एक जोड़ा कान का झुमका उसे साफ करने के लिए दे दिया। जालसाज ने सभी गहने लोटे में रखकर उसमें पाउडर लगाया और लोटा ढक कर रीना को देते हुए बोला कि इसे फ्रिज में रख दें, 10 मिनट बाद जेवर चमकने लगेगा। रीना लोटा फ्रिज में रखने चली गई, उधर जालसाज गहने लेकर फरार हो गया। ब्यूरो



सीसीटीवी कैमरे में कैद जालसाज।

### 1.20 करोड़ हारने के बाद जालसाज बना राजीव

एसपी सिटी ने बताया कि 2018 में गोल्ड ट्रेडिंग में एक करोड़ रुपये राजीव वर्मा हार गया। उसने दिल्ली के एक मकान को दो लोगों को बेचकर जालसाजी की शुरुआत की। इसके बाद पंजाब से गोरखपुर आया और फिर पुराने परिचय का फायदा उठाकर सोने की जालसाजी कर दी। एसपी ने बताया कि बरामदगी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश कुमार सिंह, उप निरीक्षक गोपाल यादव, सिपाही दीपक, अशोक कुमार, सूर्यदीप कुशवाहा शामिल थे।

# पासपोर्ट सत्यापन के नाम पर रुपये लिए तो जेल जाना तय

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** पासपोर्ट ऑफिस से पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होने के बाद भी पुलिस सत्यापन के नाम पर वसूली कर लेती है। ऐसे पुलिसकर्मी अब जेल जाएंगे। आईजी जे रविंद्र ने इसे गंभीरता से लेते हुए रेंज के सभी जिले (गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया व महराजगंज) के एसपी को पत्र लिखकर निर्देशित किया।

उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि पुलिस किसी को सत्यापन के लिए थाने नहीं बुलाएगी। यह जिम्मेदारी थाने पर मुंशी के पास भी नहीं होगी। बीट सिपाही अपने इलाके में घर जाकर सत्यापन कर रिपोर्ट लगाएंगे। अगर कहीं पर भी वसूली की शिकायत आई तो केस दर्ज कर आरोपी पुलिसकर्मी को जेल भी भेजा जाएगा।

शिकायत के लिए आईजी ने सीयूजी नंबर 9454400209 भी जारी किया है। अगर रुपये मांगे जाते हैं तो सीधे मैसेज भेजकर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। शिकायत करने वाले का नाम भी गोपनीय रखा जाएगा। जानकारी के मुताबिक, अभी संतकबीरनगर में आपराधिक मुकदमे के आरोपी का भी वसूली कर पासपोर्ट जारी करने का मामला सामने आया है।

पता चला कि ऑनलाइन व्यवस्था के बाद भी वसूली के चक्कर में पुलिस ने थाने बुलाकर रुपये वसूले और फिर उसे पासपोर्ट जारी करने के लिए रिपोर्ट लगा दी गई, जिसे नहीं देना था। उस पर मुकदमे हैं।

मामले में एक दीवान समेत दो लोगों को जेल भी भेजा गया है। इसी वजह से आईजी ने रेंज के सभी जिले में पहले ही आदेश जारी कर हिदायत दे दी है कि पासपोर्ट का सत्यापन घर जाकर किया जाए।

पासपोर्ट, चरित्र सत्यापन आदि के लिए थाने बुलाने की कोई जरूरत नहीं है। सभी एसपी को निर्देशित किया गया है कि वह जिले के थाना पुलिस को बता दें। बीट सिपाही सीधे घर जाकर सत्यापन करें। अगर कहीं भी रुपये लेने की शिकायत आई तो केस दर्ज कर आरोपी पुलिसकर्मी को जेल भेजा जाएगा। - **जे.रविंद्र,** आईजी गोरखपुर रेंज

DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 17-03-2023

रा० सहारा दि० 17/03/23

# डीएम व एसपी ने किया विद्युत उप केंद्रों का निरीक्षण

देवरिया(एसएनबी)। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने वृहस्पतिवार को विभिन्न विद्युत उप-केंद्रों का निरीक्षण कर विद्युत आपूर्ति व्यवस्था का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाये रखने के लिए व्यापक प्रबन्ध किये गए हैं। आमजन को किसी भी तरह की असुविधा नहीं होने दी जाएगी।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने वृहस्पतिवार को अपराह्न डेढ़ बजे रामलीला मैदान स्थित 32/केवी उपकेंद्र का निरीक्षण किया। विद्युत उपकेंद्र पर कार्मिक कार्य करते मिले। उपकेंद्र पर मौजूद कार्मिक गौरीलाल ने जिलाधिकारी को बताया कि उनके उपकेंद्र के फीडर से विद्युत आपूर्ति में किसी भी तरह की समस्या की सूचना नहीं मिली है। इसके बाद डीएम एवं एसपी ने उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन द्वारा संचालित 220/132 केवी विद्युत पारेषण उपकेंद्र कतरारी का निरीक्षण किया। यहाँ भी स्थितियां सामान्य मिली। जिलाधिकारी ने कार्य बहिष्कार, हड़ताल के दौरान जनपद में निर्बाध विद्युत आपूर्ति व्यवस्था के सफल संचालन हेतु ट्रांसफार्मर की पर्याप्त उपलब्धता एवं उसके अनुरक्षण हेतु उचित प्रबंध, विद्युत आपूर्ति से संबंधित समस्त सामग्रियों का पर्याप्त भंडारण,



विद्युत उपकेन्द्र का निरीक्षण करते डीएम व एसपी।

संवेदनशील तथा अति आवश्यक सेवाओं यथा सरकारी एवं निजी अस्पताल, पेयजल आपूर्ति, एवं अन्य अति महत्वपूर्ण क्षेत्रों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु विशिष्ट निगरानी की व्यवस्था हेतु निर्देशित किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि कतिपय विद्युत कर्मचारी संगठनों द्वारा आहूत सांकेतिक हड़ताल के दृष्टिगत जनपद में बिजली आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाये रखने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। जनपद में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था सुचारू रूप से जारी है। विद्युत आपूर्ति से जुड़ी कुछ रूटीन सी शिकायतें मिली हैं, जिन्हें ठीक करा दिया गया है। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों को सुचारू विद्युत आपूर्ति के लिए आश्वस्त किया। इस दौरान अधिशासी अभियंता वीएस त्यागी सहित विभिन्न अधिकारी एवं कार्मिक मौजूद रहे।

रा० उजाला दि०-17/03/23

# भूमि विवाद को लेकर भिड़े, चार चालान

खुखुन्दू। स्थानीय थाना क्षेत्र के करौंदी गांव में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में कहासुनी होने लगा, इसी बीच विवाद बढ़ गया, दोनों आपस में भिड़ गए ,पुलिस ने चार को शांतिभंग में चालान कर दिया। करौंदी गांव में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में कहासुनी होने लगा। इसी बीच विवाद बढ़ गया और दोनों आमने-सामने आ गए और भीड़ गए। सूचना मिलते ही पुलिस तमिला को जा रही तभी मौके पर पहुंच गई पुलिस और गोविंद चौहान अमित चौहान प्रभुनाथ चौहान और अरविंद चौहान को लेकर थाने आई और शांतिभंग में चालान कर दिया। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार ने बताया कि आपसी विवाद में दो पक्ष भिड़ गए, चार को चालान कर दिया गया।

रा० सहारा दि०-17/03/23

# किशोर न्याय अधिनियम के अनुरूप बच्चों के हित में कार्य करें

देवरिया (एसएनबी)। बृहस्पतिवार को पुलिस लाइन के मनोरंजन कक्ष में विशेष किशोर पुलिस इकाई की मासिक समीक्षा बैठक माह मार्च 2023 का आयोजन अपर पुलिस अधीक्षक/प्रभारी विशेष किशोर पुलिस इकाई राजेश कुमार सोनकर के अध्यक्षता में किया गया।

इस दौरान श्री सोनकर द्वारा एसजेपीयू के कर्तव्य एवं दायित्व के बारे में अवगत कराया गया तथा किशोर न्याय अधिनियम के अनुरूप बच्चों के हित में कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया।




**किशोर पुलिस इकाई की समीक्षा बैठक को संबोधित करते एएसपी।**

प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी जय प्रकाश तिवारी ने बच्चों की दो कटगरी सीएनसीपी एवं सीआईसीएल के बारे में विस्तृत रूप से बताया कि वर्तमान में किशोर न्याय अधिनियम में नियमित बदलाव हो रहे हैं। गोद लेने की प्रक्रिया वर्तमान में जिलाधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) के न्यायालय से कराये जाने के प्राविधान है। इसके साथ ही जनपद में बाल विवाह की रोकथाम एवं किसी भी अवैध तरीके से बच्चों को गोद न दिया जाय। गोद देने की प्रक्रिया वेबसाईट के माध्यम से कराया जाये। अध्यक्ष बाल कल्याण समिति के सदस्य विरेन्द्र मणि त्रिपाठी ने पाक्सो के सम्बंध में विस्तृत रूप से जानकारी दी। एएचटीयू के प्रभारी टीजे सिंह ने बाल श्रम से मुक्त कराये जाने तथा बच्चों को नशे से दूर रखने के लिए राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के ज्वाइंट एक्शन प्लान एक युद्ध नशे के विरुद्ध के बारे में चर्चा किया।

बैठक में रामकृपाल, मनोवैज्ञानिक, राजकीय बाल गृह (बालक) राजेश कुमार यादव एवं रूबि सिंह सामाजिक कार्यकर्ता जिला बाल संरक्षण इकाई देवरिया, आकाश कुमार कुशवाहा थाना एएचटीओ व श्रम विभाग, चाईल्ड लाइन कालेव/रेलवे उपयुक्त संस्था श्याम सुन्दर मेमोरियल सोसाइटी व जनपद के समस्त थानों में नामित विशेष किशार पुलिस इकाई आदि मौजूद रहे।

रा० सहारा दि०-17/03/23

# प्रधान सहित 6 पर बलवा व मारपीट का केस

**रुद्रपुर (एसएनबी)।** एकौना थानाक्षेत्र के ग्राम लालपुर परसिया निवासिनी गुन्नर देवी पत्नी सुशील कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर गांव के महिला ग्राम प्रधान सहित आधा दर्जन लोगों पर गाली गुत्ता देने व मारपीट कर घायल कर देने का आरोप लगाया है। इस मामले में पुलिस ने उक्त गांव निवासी विनय कुमार पुत्र झगरू, ग्राम प्रधान ममता देवी पत्नी विनय कुमार, नन्दू प्रसाद, अंजू मन्जू पुत्री गण नन्दू प्रसाद, सविता देवी पत्नी धर्मेन्द्र के खिलाफ धारा 147, 323, 504, 506, 452 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

संक्षिप्त खबरें

# वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट वाहनों पर स्टाल कर सिस्टम में अपडेट कराना अनिवार्य

**देवरिया(एसएनबी)।** सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) ने बताया है कि वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट की समीक्षा में तथा वाहनों के पत्रावलियों के निस्तारण में यह तथ्य प्रकाश में आया है कि डीलरों द्वारा वाहनों के हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट जनरेट कर दिये गये हैं तथा प्लेट वाहन स्वामी को उपलब्ध करा दी जाती है एवं प्लेट में पंच नहीं की जाती है। वाहन स्वामियों द्वारा पंजीयन पुस्तिका प्राप्त करने हेतु रजिस्ट्रेशन प्लेट वाहनों में न लगवाकर ऐसे ही दे दिया जा रहा है। डीलरों का उक्त कृत्य किसी भी दशा में स्वीकार योग्य नहीं है। इस सन्दर्भ में जनपद के समस्त डीलरों को निर्देशित किया गया है कि वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट वाहनों पर स्टाल कर सिस्टम में अपडेट करना सुनिश्चित करें। यदि किसी डीलर के स्तर से प्लेट वाहन स्वामी को बिना वाहनों में स्टाल किये ही उपलब्ध कराने का प्रकरण प्रकाश में आता है, तो ऐसे डीलरों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी।

# दो पक्षों के आठ पर केस

**तरकुलवा(एसएनबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पचरूखिया में चार दिन पूर्व खेत की सिंचाई करने की बात को लेकर घर में घुसकर मारपीट करने और गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने पर पुलिस ने दोनों पक्ष के आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। तरकुलवा थाना क्षेत्र के ग्राम पचरुखिया निवासी बलवंत यादव और राम नरीजन यादव के परिवारीजनों के बीच गत 14 मार्च की सुबह 7 बजे के करीब खेत की सिंचाई करने की बात को लेकर मारपीट हो गई। जिसमें दोनों तरफ के करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। इस मामले में दोनों पक्षों की ओर से थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई। जिसमें एक पक्ष के बलवंत यादव पुत्र रामनाथ यादव की तहरीर पर राम नरीजन यादव पुत्र दूधनाथ, जितेंद्र यादव पुत्र राम नरीजन यादव, रविता देवी पत्नी राणा प्रताप, सुनीता देवी पत्नी जितेंद्र यादव के खिलाफ और दूसरे पक्ष के राम नरीजन यादव पुत्र दूध नाथ यादव की तहरीर पर बलवंत यादव पुत्र राम नाथ यादव, पंकज यादव पुत्र बलवंत यादव, चंद्रभान पुत्र राम नाथ यादव, रवि यादव चंद्रभान यादव के विरुद्ध पुलिस ने धारा 323,452,504 व 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस संबंध में थाना प्रभारी दिनेश कुमार मिश्रा ने बताया कि मारपीट के मामले में दोनों पक्षों की तरफ से चार-चार लोगों पर मुकद्दमा दर्ज किया गया है।

राष्ट्रीय सहारा दि० - 17/03/23

## मारपीट व धमकी देने के सम्बंध में चार पर केस

**भटनी (देवरिया)**। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम डेमुसा में पुलिस ने चार लोगो के खिलाफ मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के सम्बंध में मुकदमा दर्ज किया है। बताया गया है कि धर्मेन्द्र यादव पुत्र गया प्रसाद यादव ने थाना भटनी में चार लोगों के खिलाफ तहरीर दिया है जिसमे लिखा है कि मेरे ही गाँव के कमरूल अंसारी पुत्र हुसैन,अमरुद्दीन अंसारी पुत्र हुसैन,आबिद अंसारी पुत्र कमरुल अंसारी,धर्मदेव दुबे पुत्र सीताराम दुबे द्वारा चुनावी रंजिश को लेकर वादी को माँ बहन की गाली देते हुए लात घूंसे से मारने पीटने व जान से मारने की धमकी देने के सम्बंध में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ धारा 323 504 506 के तहत केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज

**भटनी (देवरिया)**। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम बलुआ अफगान के बिंदवलिया टोला में पुरानी रंजिश को लेकर मकान जला देने के सम्बंध में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है1 बताया गया है कि रासमुनी देवी पत्नी नागेन्द्र कश्यप ग्राम पंचायत बलुआ अफगान ने थाना भटनी में तहरीर दिया है। जिसमे लिखा है कि मेरे ही गाँव के फुलझरी पत्नी मुन्ना,मैना पत्नी डोमा, गुलरी पुत्री डोमा व मुन्ना पुत्र सिंघासन द्वारा पुरानी रंजिश को लेकर मेरे मकान में आग लगा देने व घर मे रखा सारा सामान जल जाने के सम्बंध में पुलिस ने दिए गए तहरीर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ धारा 435 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जाँच कर रही है।

हिन्दुस्तान दि० - 17/03/23

## कई पर बलवा, छेड़खानी व लूट का केस दर्ज

**देवरिया**। दस दिनों पूर्व शाम को शौच के लिए जा रही युवती को गांव के युवक ने रेप करने की कोशिश किया। विरोध करने पर युवक ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट और लूट पाट किया। पीड़िता की तहरीर पर खामपार पुलिस ने तीन नामजद और अज्ञात के विरुद्ध बलवा, मारपीट, छेड़खानी और लूट का मुकदमा दर्ज किया था।

हिन्दुस्तान

# विवाद में दो को पीटा, केस

देवरिया, निज संवाददाता। रास्ते पर जाने से एक व्यक्ति ने रोका तो महिला ने विरोध किया। मनबढ़ ने महिला और उसके घर आए रिश्तेदार को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के राम नाथ देवरिया मोहल्ला की रहने वाली गुड़िया (35) पति इमाम रास्ते से घर जा रही थी। एक व्यक्ति ने रास्ते से जाने से रोका। महिला ने विरोध किया तो युवक ने महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। महिला को बचाने उसका रिश्तेदार आया तो मनबढ़ ने रिश्तेदार अख्तर अंसारी (40) को भी मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने युवक के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है।

हिन्दुस्तान, दि- 17/03/23

# छेड़खानी मामले में प्रधानाध्यापक निलंबित

**फॉलोअप**

- **बीईओ लार व रुद्रपुर की रिपोर्ट के आधार पर हुई कार्रवाई**
- **जांच में छात्रा के परिजनों के आरोपों की हो गई थी पुष्टि**

देवरिया, निज संवाददाता। छात्रा से छेड़खानी के आरोपी प्रधानाध्यापक को बीएसए हरिश्चंद्र नाथ ने गुरुवार को निलंबित कर दिया। उसे लार बीआरसी से संबद्ध कर दिया गया है। खण्ड शिक्षा अधिकारी लार व रुद्रपुर की जांच रिपोर्ट के आधार पर उक्त कार्रवाई हुई है। आरोपी प्रधानाध्यापक के खिलाफ पुलिस ने बुधवार को ही केस दर्ज कर लिया था। घटना के बाद से प्रधानाध्यापक फरार है।

मामले में बीएसए के निर्देश पर खंड शिक्षा अधिकारी लार व डीएम के निर्देश पर खंड शिक्षा अधिकारी रुद्रपुर ने अलग-अलग जांच की थी। जांच करने पहुंचे बीईओ लार को मौके पर आरोपी प्रधानाध्यापक अमित कुमार सिंह नहीं मिले। सभी कक्षाओं को मिलाकर कुल नामांकित बच्चों में से महज आठ बच्चे ही पढ़ने आए थे। बुधवार को बीईओ जया राय ने पीड़ित छात्रा के घर जाकर बात की थी, जिसमें सभी आरोप सही पाए गए। कक्षा की एक दूसरी छात्रा ने भी अपने मौखिक बयान में पहले भी दुर्व्यवहार की शिकायत की। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए बीएसए ने शिक्षक को निलंबित कर दिया। शिक्षक पर प्रथम दृष्टया सात आरोप सही पाए गए हैं।

बीएसए हरिश्चंद्र नाथ ने बताया कि जांच रिपोर्ट के आधार पर छात्रा से छेड़खानी के आरोपी प्रधानाध्यापक को निलंबित कर दिया गया है। निलंबन की अवधि में आरोपी प्रधानाध्यापक बीआरसी लार से संबद्ध रहेगा। बनकटा के खंड शिक्षा अधिकारी कुलदीप नारायण सिंह आगे की जांच करेंगे।

हि-दुस्तान दि-17/03/23

# पेपर खराब होने से दुखी छात्र चला गया वाराणसी

## हड़कंप



वाराणसी रेलवे स्टेशन पर पुलिस के साथ वेदांत।

सलेमपुर, हिन्दुस्तान संवाद। दसवीं विज्ञान का पेपर खराब होने से दुखी एक छात्र परिजनों को बिना बताए वाराणसी चला गया। छात्र के गायब होने की खबर से घर में कोहराम मच गया। परिजनों की सूचना पर पुलिस छानबीन में जुट गई। इसी बीच गुरुवार को छात्र ने परिजनों को फोन कर खुद के वाराणसी में होने की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस की सहयोग से छात्र को उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया।

मईल क्षेत्र के पिपरा मिश्र निवासी विनोद मिश्र अष्टभुजी जूनियर हाईस्कूल के समीप रहते हैं। उनका बेटा वेदांत मिश्र उर्फ हर्ष आरएल एकेडमी में 10 वीं के छात्र है। वह हाईस्कूल का पेपर दे रहा था। साइंस का पेपर खराब होने से वह दुखी था। वह बुधवार को परीक्षा देने स्कूल गया और देर शाम तक घर नही लौटा। जिससे परिजन परेशान हो गए। छात्र की मां ने पुलिस को देर शाम तहरीर दी। गुरुवार को गायब छात्र ने वाराणसी से परिजनों को फोन किया और रोने लगा। परिजनों की सूचना कोतवाली पुलिस ने वाराणसी पुलिस से संपर्क किया। इसके बाद वाराणसी पुलिस की मदद से छात्र को उसके परिजनों को सौंप दिया गया। कोतवाल गोपाल पांडेय ने बताया कि छात्र को वाराणसी रेलवे स्टेशन से बरामद कर सुरक्षित परिजनों को सौंप दिया गया।

पुलिस की जोन स्तरीय प्रतियोगिता के तीसरे दिन हुए फाइनल मुकाबले

# बहराइच, कुशीनगर व बस्ती ने जीता खिताब

**प्रतियोगिता**

देवरिया, निज संवाददाता। 71 वीं गोरखपुर जोन की अन्तर्जनपदीय पुलिस प्रतियोगिता के तीसरे दिन वॉलीबाल, बास्केटबाल, हैण्डबाल, सेपक टकरा, टेबल टेनिस के मुकाबले हुए। जिसमें महिला वर्ग के बास्केटबाल और हैंडबाल के फाइनल मुकाबले में बहराईच, वालीवॉल में बस्ती और हैंडबाल की पुरुष टीम में कुशीनगर चैम्पियन बनी।

महिला वर्ग की बास्केटबाल फाइनल प्रतियोगिता बहराइच और बस्ती के बीच हुई। जिसमें बहराइच ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए 12-2 से बस्ती को हरा दी। वालीबॉल महिला वर्ग का फाइनल बस्ती और संतकबीरनगर के बीच खेला गया। जिसमें बस्ती 2-0 से विजयी रही। हैण्डबाल पुरूष वर्ग की फाइनल प्रतियोगिता कुशीनगर और देवरिया के बीच खेला गया, जिसमें कुशीनगर 14-7 से विजयी रहा। महिला वर्ग का फाइनल बहराइच और सिद्धार्थनगर के बीच खेला गया। जिसमें बहराइच 11-2 से विजयी रही।



पुलिस लाइन में चल रहीं 71वीं गोरखपुर जोन की अंतरजनपदीय पुलिस प्रतियोगिता में वॉलीबॉल का मैच खेलते खिलाड़ी।

## आज होंगे ये फाइनल मुकाबले

सेपक टकरा का क्वाटर फाइनल बलरामपुर और श्रावस्ती के बीच खेला गया। जिसमें श्रावस्ती 2-0 से विजयी रहा। जनपद देवरिया और बहराइच के बीच खेले गए क्वाटर फाइनल में देवरिया 2-0 से विजयी रहा। पहला सेमीफाइनल देवरिया और संतकबीरनगर के बीच हुआ। जिसमें देवरिया 2-0 से विजयी रहा। दूसरा सेमीफाइनल गोरखपुर और श्रावस्ती के बीच खेला गया। जिसमें गोरखपुर 2-1 से विजयी रहा। शुक्रवार को सेपक टकरा का फाइनल गोरखपुर और देवरिया के बीच खेला जाएगा। बास्केटबॉल व वालीबॉल पुरूष वर्ग का फाइनल देवरिया और गोरखपुर के बीच होगा।

हिन्दुस्तान दि० 17.03.23

# मारपीट करने वाले आठ पर केस

तरकुलवा। चार दिन पूर्व खेत की सिंचाई करने के मामले को लेकर घर में घुसकर मारपीट किया था। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दोनों पक्ष के आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

तरकुलवा थानाक्षेत्र के ग्राम पचरुखिया निवासी बलवंत यादव और राम नरीजन यादव के परिवरिजनों के बीच तीन दिन पूर्व सुबह खेत की सिंचाई करने को लेकर मारपीट हुआ था। जिसमें दोनों तरफ के करीब आधा दर्जन लोग घायल हुए थे। मामले में दोनों पक्षों की ओर से थाने में तहरीर देकर कर्रवाई की मांग की गई। पुलिस ने एक पक्ष के बलवंत यादव की तहरीर पर राम नरीजन यादव, जितेंद्र यादव, रविता देवी, सुनीता देवी और दूसरे पक्ष के राम नरीजन की तहरीर पर बलवंत, पंकज, चंद्रभान, रवि के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# बिना हाई सिक्योरिटी नंबर के वाहन बेचने वाली एजेंसियों पर होगी कार्रवाई

देवरिया, निज संवाददाता। बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाए वाहन बेचने वाली एजेंसियों पर कार्रवाई होगी। एआरटीओ ने सभी एजेसियों को इस संबंध में निर्देश जारी किया है। उन्होंने कहा है कि हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लगाकर ही वाहनों की डिलेवरी एजेंसी संचालक करें। ऐसा नहीं करने वाले एजेंसी के विरुद्ध कार्यवाई की जाएगी।

परिवहन निगम ने वर्ष 2019 से ही नए वाहनों के साथ ही पुराने वाहनों में भी हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लगाने का निर्देश दे रखा है। इसके साथ ही वाहनों के आरसी ट्रांसफर, कामर्शियल वाहनों के टैक्स, और फिटनेश कराने के लिए भी हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लगवाकर आना अनिवार्य है। जिले में छोटे-बड़े कुल 5,03,954 वाहन रजिस्टर्ड है। इसमें से 2,03,886 वाहनों में हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लगा है। एजेंसी को सख्त निर्देश है कि वह बिना हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लगाए वाहनों को नहीं बेच सकेंगे। इसके बाद भी जिले के एजेंसियों ने बिना नम्बर प्लेट स्टाल किए हुए ही वाहनों को बेच रहे हैं। एजेंसी पर एक सप्ताह से दस दिन बाद हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट आ रहा है। इसके बाद उसे गाड़ियों में लगाया जा रहा है। वाहन बेचने के बाद नम्बर प्लेट लगाने के समय आगे और पीछे नम्बर प्लेट का फोटो लेकर वेबसाइट पर अपलोड करना होता है। लेकिन वाहन चालक बाद में नम्बर प्लेट लगवाकर चले जाते हैं, उनका नम्बर वेबसाइट पर अपडेट नहीं हो पाता है।

> "जिले के एजेंसी में बिना हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट स्टाल किए हुए वाहन नहीं बेच सकते हैं। एजेंसी हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लगाकर ही वाहनों की डिलिवरी दें। ऐसा नहीं करने वाले एजेंसी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।
>
> **आशुतोष शुक्ला**, एआरटीओ देवरिया।

# छात्राओं के साथ अश्लील हरकत में प्रधानाध्यापक निलंबित

- जांच कमेटी की रिपोर्ट आने के बाद बीएसए ने की यह कार्रवाई
- निलंबन के बाद बीईओ बनकटा को बनाया गया जांच अधिकारी

जागरण संवाददाता, लार, देवरिया: लार उपनगर के एक प्राथमिक विद्यालय की छात्राओं के साथ अश्लील हरकत करने वाले प्रधानाध्यापक अमित सिंह को बीएसए ने गुरुवार को निलंबित कर दिया। साथ ही जांच के लिए बनकटा के बीईओ को जांच अधिकारी नामित किया गया है। अन्य विभागीय कार्रवाई भी संबंधित आरोपित के विरुद्ध विभाग ने शुरू कर दी है।

उपनगर स्थित प्राथमिक विद्यालय की कक्षा पांच की छात्रा ने प्रधानाध्यापक अमित सिंह पर अश्लील हरकत करने का मंगलवार को आरोप लगाया तो मामला तूल पकड़ लिया। छात्रा की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित प्रधानाध्यापक के विरुद्ध छेड़खानी, पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। बीएसए ने जांच कमेटी गठित की, बुधवार को कमेटी ने जांच की। जांच में कक्षा पांच की छात्रा के साथ ही दो और छात्राओं ने भी प्रधानाध्यापक पर अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया है। छात्राओं का कहना है कि अश्लील हरकत करने के साथ ही धमकी भी प्रधानाध्यापक द्वारा दी जाती थी। जांच रिपोर्ट आने के बाद बीएसए ने प्रधानाध्यापक को निलंबित कर दिया है। बीएसए हरिश्चंद नाथ ने बताया कि आरोपित प्रधानाध्यापक को निलंबित कर जांच बीईओ बनकटा को सौंपी गई है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**मोबाइल बंद कर आरोपित प्रधानाध्यापक फरार :** छात्राओं के साथ अश्लील हरकत करने वाले आरोपित प्रधानाध्यापक अमित सिंह की गिरफ्तारी के लिए सीओ के नेतृत्व में लार पुलिस ने कई जगहों पर दबिश दी, लेकिन सफलता हाथ नहीं लग सकी। मोबाइल बंद होने के चलते पुलिस का अचूक हथियार सर्विलांस भी मदद नहीं कर पा रहा है। हालांकि पुलिस अधिकारी जल्द ही आरोपित को गिरफ्तार कर लेने का दावा कर रहे हैं। सीओ देवा आनंद ने बताया कि आरोपित की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगाई गई हैं, जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## जिले में हो चुकी हैं इस तरह की कई घटनाएं

शिक्षा के मंदिर में छात्राओं के साथ अश्लील हरकत की घटनाओं में इजाफा हो गया है। एक वर्ष पहले शहर के एक पीजी कालेज की छात्रा के साथ प्राचार्य द्वारा अश्लील हरकत करने का मामला सामने आया था। इस मामले में प्राचार्य को निलंबित करने के साथ ही जेल भी जाना पड़ा था। सदर विकास खंड के एक शिक्षक पर भी अश्लील हरकत का आरोप लगाने के बाद निलंबन की कार्रवाई करनी पड़ी। लार विकास खंड के एक इंटर कालेज के शिक्षक पर भी छात्रा के साथ अश्लील हरकत करने का आरोप लगा था। इस मामले में थाने में तहरीर भी पड़ी थी, जबकि बैतालपुर विकास खंड के एक पूर्व माध्यमिक विद्यालय मे तैनात अनुचर पर भी छात्रा के साथ अश्लील हरकत करने का आरोप लगने के बाद उसे निलंबित किया गया। यह तो एक बानगी मात्र है। इस तरह की घटनाएं जिले में बढ़ गई हैं।

## चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा

**भटनी :** बलुआ अफगान के बिंदवलिया में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। जिसमें फुलझरी देवी, मैना, गुलरी देवी, मुन्ना शामिल हैं। यह कार्रवाई पुलिस ने रासमुनी देवी की तहरीर पर किया है। (जासं)

## दो लोगों के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा

**रामपुर कारखाना :** रामपुर कारखाना के सोनार टोली के रहने वाले दो लोगों के विरुद्घ पुलिस ने मारपीट व विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। लार थाने के सहजौर की रहने वाली जुगुना देवी का मायका रामपुर कारखाना के गोविंदपुर में है। वह अपने मायके आई थी। इस बीच रामपुर कारखाना के सोनार टोली के रहने वाले चंदन शर्मा एवं प्रमोद शर्मा ने पिटाई कर दी। (जासं)

## भूमि में विवाद में मारपीट चार का चालान

**खुखुंदू :** क्षेत्र के करौंदी में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई, जिसमें चार लोगों को पुलिस ने शांतिभंग में चालान कर दिया। इसमें गोविंद चौहान, अमित चौहान, प्रभुनाथ चौहान व अरविंद शामिल हैं। (जासं)

दैनिक जागरण दि० 17/03/23

# विशेष किशोर पुलिस इकाई की हुई बैठक

जासं, देवरिया : पुलिस लाइन सभागार में गुरुवार को विशेष किशोर पुलिस इकाई की बैठक हुई। जिसमें अपर पुलिस अधीक्षक राजेश सोनकर ने कहा कि किशोर न्याय अधिनियम के अनुरूप बच्चों के हित में कार्य करें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी जय प्रकाश तिवारी, वीरेंद्र मणि त्रिपाठी, रामकृपाल, राजेश, रुबि प्रमुख रूप से मौजूद रहीं।

सफल है।

दैनिक जागरण दि० 17/03/23

## ग्राम प्रधान, दारोगा समेत छह के विरुद्ध बलवा व मारपीट का मुकदमा

जासं, रुद्रपुर : एकौना थाने के लालपुर परसिया के ग्राम प्रधान, गैर जनपद में तैनात दारोगा समेत छह लोगों के विरुद्ध पुलिस ने बलवा समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही पुलिस प्रकरण की जांच शुरू कर दी है। गांव की रहने वाली गुन्नर देवी का कहना है कि 25 जनवरी को राशन की दुकान पर जांच के लिए अधिकारी आए थे। इस बीच विनय ने मेरे साथ अपशब्द बोलते हुए मारपीट किया। पुलिस ने ग्राम प्रधान ममता देवी, विनय कुमार, गैर जनपद में तैनात दारोगा नंदू प्रसाद, अंजू, मंजू और सरिता के विरुद्ध बलवा समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष गोपाल राजभर ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

एकौना के ग्राम विशुनपुर बनही गांव में दादा के साथ मृतका रानी के मासूम बच्चे • जागरण

दैनिक जागरण दि० 17/03/23

# महिला से छेड़खानी के मामले में मुकदमा दर्ज

जासं, भिंगारी बाजार : खामपार क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली लड़की के साथ छेड़खानी व विरोध करने पर मारपीट कर मोबाइल छीनने व धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने तीन नामजद व व कुछ अज्ञात युवकों के विरुद्ध छेड़खानी सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।, महिला ने आरोप लगाया है कि पांच मार्च की शाम वह शौच के लिए खेत की तरफ गई थी तब पड़ोस के ही एक युवक पकड़ कर छेड़खानी करने लगा। विरोध करने पर उसके भाइयों ने भाभियों को मारपीट कर घायल कर दिया तथा मोबाइल भी छीन लिए। पीड़िता की तहरीर के आधार पर भिंगारी बाजार के रहने वाले सुहेल अली मंसूरी, सद्दाम अली मंसूरी, शकील अली मंसूरी पुत्र हैदर अली व कुछ अन्य लोगों के विरुद्ध छेड़खानी सहित गंभीर धाराओं में खामपार पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। चौकी इंचार्ज रामलक्षण सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच कर आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा।


कार्यालयः गोरखपुर विकास प्राधिकरण, गोरखपुर

विज्ञापन संख्या-49 दिनांक 15.03.2023 अन्तिम तिथि-14.04.2023

(ई-निविदा सूचना)

# बिना हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट के दौड़ रहे वाहन

## अधिकारियों के वाहनों पर जुर्माना लगाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे एआरटीओ व पुलिसकर्मी

जागरण संवाददाता, देवरिया: देश के सभी प्रांतों में सभी प्रकार के वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट अनिवार्य होने के बावजूद आम लोगों के अलावा सरकारी विभागों के अधिकारी नियम कानून की धज्जियां उड़ा रहे हैं। अधिकारियों के वाहनों का चालान करने अथवा जुर्माना लगाने की हिम्मत एआरटीओ व पुलिस कर्मी नहीं जुटा पा रहे हैं।

जिला मुख्यालय पर गुरुवार को दैनिक जागरण की पड़ताल में पाया गया कि सहायक संभागीय अधिकारी एवं तीन अन्य वाहनों को छोड़कर ज्यादातर सरकारी अधिकारियों एवं उनके साथ चलने वाली स्कोर्ट वाहन में भी हाई हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट नहीं है।

कलेक्ट्रेट में दो दर्जन से अधिक ऐसे वाहन मिले जिनके वाहन पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट नहीं लगा था। सिर्फ एक वाहन पुलिस विभाग का मिला। जिसमें हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगा हुआ था। विकास भवन का नजारा कुछ और ही था यहां तो कतार में खड़ी सरकारी वाहनों में से किसी भी वाहन में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट नहीं लगा था। विकास विभाग के सैकड़ों कर्मचारियों को नसीहत देने वाले जिला विकास अधिकारी के वाहन पर भी हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट नहीं मिला।

मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय का हाल और खराब रहा। कार्यालय परिसर में खड़े एक दर्जन भर से अधिक चिकित्सा अधिकारियों एवं अन्य कार्यों में प्रयोग किए जाने वाले स्वास्थ्य विभाग के किसी भी वाहन में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट नहीं लगा था। यही नहीं बल्कि मुख्य चिकित्साधिकारी के सरकारी वाहन पर भी नियम कानून का कोई असर नहीं रहा। इस वाहन पर भी पुराना रजिस्ट्रेशन वाला प्लेट लगा हुआ पाया गया।

यही हाल बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं कृषि विभाग का भी रहा। ज्यादेतर वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट नहीं थे।

सरकारी वाहनों को दंड लगाने से पुलिस एवं सहायक संभागीय अधिकारी कार्यालय के लोग भी कतरा रहे हैं।

01 अप्रैल, 2019 के पहले या उसके बाद विनिर्मित और पंजीकृत सभी वाहनों (व्यावसायिक और गैर व्यावसायिक) में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाया जाना अनिवार्य किया गया है। इसके बावजूद कोई असर नहीं है।



सीएमओ कार्यालय परिसर में बिना हाई सिक्योरिटी नंबर वाले खड़े वाहन • जागरण

**जागरण पड़ताल**

आम लोगों के अलावा सरकारी विभागों के अधिकारी भी-उड़ा रहे नियम कानून की धज्जियां

### प्राइवेट वाहनों पर भी कोई असर नहीं

जिले में प्राइवेट वाहनों पर भी हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट अभी तक पूरी तौर पर नहीं लग पाया है। नए वाहनों के रजिस्ट्रेशन में भी लापरवाही बढ़ती जा रही है।



हाई सिक्योरिटी नंबर विहीन जिला विकास अधिकारी का वाहन • जागरण

### वाहन एक नजर में

- जिले में सभी प्रकार के कुल वाहनों की संख्या : 503554
- हाई-सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट वाले वाहनों की संख्या : 280325



कलेक्ट्रेट परिसर में बिना हाई सिक्योरिटी नंबर का खड़ा सरकारी वाहन • जागरण

### नियम तोड़ने में रोडवेज भी पीछे नहीं

हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट के मामले में परिवहन निगम भी पीछे नहीं है। देवरिया डिपो के बेड़े में ज्यादातर बसों में पुराने नंबर प्लेट लगे हुए हैं। यह भी जुर्माने की कोई चिंता नहीं है।



मुख्य चिकित्साधिकारी के वाहन पर हाई सिक्योरिटी नंबर नहीं • जागरण

> सभी वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाने का निर्देश जारी किया गया है। जुर्माने की कार्रवाई लगातार की जा रही है। सरकारी अफसरों के वाहनों पर भी वही नियम है, जो जन सामान्य के लिए है। शीघ्र व्यापक अभियान चलाया जाएगा।
>
> आशुतोष शुक्ला, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी

### यह है दंड का प्रविधान

पहली बार बिना हाई-सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट के पकड़े जाने पर में पांच हजार रुपये, दूसरी बार में 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। तीसरी बार में वाहन को जब्त करने का प्रविधान कर सकते हैं।

दैनिक जागरण दि० 17/03/23

अमर उजाला दि० 17.3.23

# हाई सिक्योरिटी प्लेट बाहर लगवाना पड़ेगा महंगा

**संवाद न्यूज एजेंसी**

देवरिया। वाहन एजेंसी से हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लेकर इसे वहीं लगवाना होगा। बाहर लगवाने पर विभागीय सॉफ्टवेयर पर इसका पंजीकरण नहीं हो पा रहा है।

इससे कितने वाहनों में एचएसआरपी लगा है, कितनों में नहीं इसे लेकर भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। परिवहन विभाग ऐसे वाहनों एजेंसियों पर भी कार्रवाई करने की तैयारी कर रहा है।

वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाने के बाद इसे निर्धारित सॉफ्टवेयर पर अपलोड करने को डीलरों के लिए अनिवार्य बनाया गया है। हालांकि, जिले की कुछ एजेंसियां ऐसा नहीं कर रही हैं।

एआरटीओ प्रशासन आशुतोष शुक्ल ने बृहस्पतिवार को बताया कि विभागीय समीक्षा में तथा वाहनों के पत्रावलियों के निस्तारण में यह तथ्य प्रकाश में आया है कि डीलरों की ओर से वाहनों के हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट जेनरेट कर वाहन स्वामी को भी उपलब्ध करा दी जाती है। जबकि प्लेट में पंच नहीं की जाती है।

### कितने वाहनों में लगा एचएसआरपी, कितने में नहीं इसे लेकर भ्रम की स्थिति

### जनपद में पांच लाख से अधिक वाहन हैं पंजीकृत

जिले में 4,53,155 बाइक व 50 हजार से अधिक चारपहिया, तीनपहिया व व्यावसायिक छोटे व बड़े वाहन हैं। तीन से चार साल पुराने वाहनों को छोड़ दें तो अभी भी अधिकतर वाहनों में एचएसआरपी नहीं लगा है। हालांकि, विभाग दावा कर रहा है कि 50 प्रतिशत से अधिक वाहनों में यह लग चुका है। एआरटीओ आशुतोष शुक्ल ने बताया कि जिले के अधिकतर वाहनों में एचएसआरपी लग गया है, जिनमें नहीं लगा है, उसका चालान किया जाता है।

### लगवाने के नाम पर लिया जा रहा शुल्क

वाहन एजेंसियों पर एचएसआरपी लगवाने के नाम पर शुल्क लिया जा रहा है। जबकि विभागीय नियमों के अनुसार यह निशुल्क है। ऐसे में वाहन स्वामी इसे बाहर ही लगवा लेने में अधिक रुचि रखता है। इधर, फरवरी माह में जब एचएसआरपी को लेकर शासन की ओर से सख्ती बरती जा रही है।

# बास्केटबाल फाइनल मैच में बहराइच ने बस्ती की महिला टीम को हराया

## हैंडबाल में कुशीनगर की टीम विजयी, पुलिस लाइन में अंतरजनपदीय पुलिस वालीबाल, बास्केटबाल, हैंडबाल, योग एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिता

**जागरण संवाददाता, देवरिया:** पुलिस लाइन में चल रहे 71वीं गोरखपुर जोन की अंतरजनपदीय पुलिस वालीबाल, हैंडबाल, बास्केटबाल, योग एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिता के बास्केटबाल के फाइनल में बहराइच की महिला टीम ने बस्ती की टीम को तथा हैंडबाल पुरुष में कुशीनगर ने देवरिया को हराकर ट्राफी पर कब्जा जमा लिया।

सेपक टकरा खेल में जनपद बलरामपुर व श्रावस्ती के बीच क्वार्टर फाइनल मैच खेला गया, जिसमें श्रावस्ती की टीम 2-0 से विजयी रही। संतकबीर नगर व देवरिया के बीच सेमीफाइनल खेला गया, जिसमें 2-0 से देवरिया की टीम विजयी रही। दूसरा सेमीफाइनल मैच श्रावस्ती व गोरखपुर के बीच खेला गया। जिसमें गोरखपुर की टीम विजेता रही। फाइनल गोरखपुर व देवरिया के बीच खेला जाएगा। बास्केटबाल महिला का फाइनल बहराइच व बस्ती के बीच खेला गया। जिसमें बहराइच की टीम 12-2 से विजयी रही। देवरिया व बस्ती पुरुष टीम के बीच सेमीफाइनल खेला गया। जिसमें देवरिया की टीम 31-22 से विजयी रही। गोरखपुर व देवरिया के बीच शुक्रवार को इसका फाइनल खेला जाएगा। वालीबाल महिला टीम का फाइनल बस्ती व संतकबीर नगर के बीच खेला गया, जिसमें बस्ती की टीम 2-0 से विजयी रही। पुरुष सेमीफाइनल देवरिया व कुशीनगर के बीच खेला गया, जिसमें देवरिया की टीम 3-2 से विजयी रही, जबकि संतकबीर नगर व गोरखपुर के



पुलिस लाइन स्थित वालीबाल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते खिलाड़ी • जागरण

बीच दूसरा सेमीफाइनल खेला गया, जिसमें गोरखपुर की टीम 3-2 से विजयी रही। शुक्रवार को देवरिया व गोरखपुर के बीच फाइनल खेला जाएगा। हैंडबाल का सेमीफाइनल देवरिया व महराजगंज के बीच खेला गया, जिसमें देवरिया 17-7 से विजयी रहा। फाइनल कुशीनगर व देवरिया के बीच खेला गया, जिसमें कुशीनगर की टीम 14-7 से विजयी रही। बहराइच व सिद्धार्थनगर महिला टीम के बीच फाइनल खेला गया। जिसमें बहराइच की टीम 11-2 से विजयी रही।

सेपक टकरा खेल में जनपद बलरामपुर व श्रावस्ती के बीच क्वाटर फाइनल खेला गया, जिसमें श्रावस्ती की टीम 2-0 से विजयी रही। देवरिया व संतकबीर नगर के बीच सेमीफाइनल खेला गया, जिसमें 2-0 से देवरिया की टीम विजयी रही। दूसरा सेमीफाइनल मैच श्रावस्ती व गोरखपुर के बीच खेला गया, जिसमें गोरखपुर की टीम विजेता रही। फाइनल गोरखपुर व देवरिया के बीच खेला जाएगा। बास्केटबाल महिला का फाइनल बहराइच व बस्ती के बीच खेला गया। जिसमें बहराइच की टीम 12-2 से विजयी रही। देवरिया व बस्ती पुरुष टीम के बीच सेमीफाइनल खेला गया, जिसमें देवरिया की टीम 31-22 से विजयी रही। गोरखपुर व देवरिया के बीच शुक्रवार को इसका फाइनल खेला जाएगा। वालीबाल महिला टीम का फाइनल बस्ती व संतकबीर नगर के बीच खेला गया, जिसमें बस्ती की टीम 2-0 से विजयी रही। पुरुष सेमीफाइनल देवरिया व कुशीनगर के बीच खेला गया, जिसमें देवरिया की टीम 3-2 से विजयी रही, जबकि संतकबीर नगर व गोरखपुर के बीच दूसरा सेमीफाइनल खेला गया, जिसमें गोरखपुर की टीम 3-2 से विजयी रही। शुक्रवार को देवरिया व गोरखपुर के बीच फाइनल खेला जाएगा। हैंडबाल का सेमीफाइनल देवरिया व महराजगंज के बीच खेला गया, जिसमें देवरिया 17-7 से विजयी रहा। फाइनल कुशीनगर व देवरिया के बीच खेला गया, जिसमें कुशीनगर की टीम 14-7 से विजयी रही। बहराइच व सिद्धार्थनगर महिला टीम के बीच फाइनल खेला गया। जिसमें बहराइच की टीम 11-2 से विजयी रही।

# ओवरआल चैंपियन रहीं बीए द्वितीय वर्ष की गुड़िया

- दीनानाथ पांडेय राजकीय महिला पीजी कालेज में चल रहे वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन
- बेहतर खेल का प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को किया गया पुरस्कृत

**जागरण संवाददाता, देवरिया:** शहर के दीनानाथ पांडेय राजकीय महिला पीजी कालेज में चल रहे वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का गुरुवार को समापन हो गया। बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा गुड़िया ओवरआल चैंपियन रही, जबकि तृतीय वर्ष की छात्रा खुशबू चौहान उप विजेता रहीं। बेहतर खेल का प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को मेडल देकर पुरस्कृत किया गया।

400 मीटर की दौड़ में रीना प्रथम, खुशबू चौहान द्वितीय तथा नीतू कुशवाहा तृतीय स्थान पर रहीं। खो-खो का फाइनल में बीए तृतीय वर्ष की टीम विजेता रही मुख्य अतिथि महिला थाने की प्रभारी निरीक्षक अर्चना सिंह ने कहा कि खेल खेलने से न केवल शारीरिक विकास होता है, बल्कि मानसिक विकास भी होता है। प्राचार्य डा.राजेश कुमार ने कहा कि छात्राएं खेल के माध्यम से जीवन को अनुशासित बनाकर समाज के विकास में योगदान दें। संचालन डा.सुशील तिवारी ने किया। जबकि खेल प्रभारी डा.अनुपमा राय ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। डा.प्रतिमा गुप्ता, महेश, डा.आलोक रंजन, डा.अनीता सिंह, डा.प्रफुल्ल कुमार राय, ध्रुव नारायण वर्मा, सावित्री, दिनेश, हरिकेश मौजूद रहे।



राजकीय महिला डिग्री कालेज में दौड़ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करती छात्राएं • जागरण




ओवरआल चैंपियन बनी छात्राओं के साथ मुख्य अतिथि व अन्य • जागरण

अमर उजाला दि० 17-3-23

# सेपक टकरा में गोरखपुर और देवरिया फाइनल में

**देवरिया।** 71वीं गोरखपुर जोन की अंतरजनपदीय पुलिस वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, हैंडबॉल, सेपक टकरा, योग एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिता के अंतर्गत तीसरे दिन भी पुलिस कर्मियों ने विभिन्न खेलों में प्रतिभा का प्रदर्शन किया। स्पोर्ट्स स्टेडियम एवं पुलिस लाइंस में हुए मुकाबलों में सेपक टकरा में गोरखपुर व देवरिया की टीमों ने सेमीफाइनल में विपक्षी टीमों को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। सेपक टकरा प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में श्रावस्ती ने बलरामपुर 2-0 से हराया। देवरिया व बहराइच के बीच हुए क्वाटर फाइनल में देवरिया 2-0 से विजयी रही। देवरिया व संतकबीर नगर के बीच सेमीफाइनल में देवरिया 2-0 से विजयी रही। गोरखपुर व श्रावस्ती के बीच हुए सेमीफइनल में गोरखपुर 2-1 से विजयी रही। बास्केटबॉल में बहराइच व बस्ती महिला टीम के मध्य हुए फाइनल में बहराइच 12-02 से विजयी रही।

# युवती की तहरीर पर चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा

**भिंगारी बाजार :** खामपार पुलिस ने एक युवती की तहरीर पर चार लोगों के विरुद्ध छेड़खानी, लूट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिसा आरोपितों की गिरफ्तारी में जुट गई है। युवती का आरोप है कि वह पांच मार्च की शाम शौच करने को गई थी। इस बीच एक युवक ने उसके साथ अश्लील हरकत की। विरोध करने पर मारपीट किया व मोबाइल भी लूट लिया। उसके परिवार के लोगों ने भी उसका सहयोग किया। पुलिस ने सुहेल अली, सद्दाम, शकील के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

दैनिक जागरण दि० 17/03/23

अमर उजाला दि. 17-3-23

# पासपोर्ट सत्यापन के नाम पर रुपये लिए तो जाएंगे जेल

गोरखपुर। पासपोर्ट ऑफिस से पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होने के बाद भी पुलिस सत्यापन के नाम पर वसूली कर लेती है। ऐसे पुलिसकर्मी अब जेल जाएंगे। आईजी जे रविंद्र ने इसे गंभीरता से लेते हुए रेंज के सभी जिले (गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया व महराजगंज) के एसपी को पत्र लिखकर निर्देशित किया।

कहा है कि पुलिस किसी को सत्यापन के लिए थाने नहीं बुलाएगी। बीट सिपाही अपने इलाके में घर जाकर सत्यापन कर रिपोर्ट लगाएंगे। अगर कहीं पर भी वसूली की शिकायत आई तो केस दर्ज कर आरोपी पुलिसकर्मी को जेल भी भेजा जाएगा। शिकायत के लिए आईजी ने सीयूजी नंबर 9454400209 भी जारी किया है। अगर रुपये मांगे जाते हैं तो सीधे मैसेज भेजें। संवाद

अमर उजाला दि. 17.3.23

# बच्चों के हित में करें कार्य : एएसपी

देवरिया। विशेष किशोर पुलिस इकाई की समीक्षा बैठक बृहस्पतिवार को पुलिस लाइंस के मनोरंजन कक्ष में हुई। अपर पुलिस अधीक्षक व इकाई के प्रभारी राजेश कुमार सोनकर ने कहा कि किशोर न्याय अधिनियम के मुताबिक बच्चों के हित में कार्य करें। उन्होंने एसजेपीयू के कर्तव्य एवं दायित्व के बारे में बताया।

प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी जय प्रकाश तिवारी ने बच्चों की दो कटेगरी सीएनसीपी एवं सीआईसीएल के बारे में जानकारी दी.। कहा कि वर्तमान में किशोर न्याय अधिनियम में नियमित बदलाव हो रहे हैं। बच्चों की गोद देने की प्रक्रिया परिवार न्यायालय से होता था। इस समय जिलाधिकारी व एडीएम प्रशासन के न्यायालय से कराए जाने के प्रावधान है।

**पुलिस लाइंस के मनोरंजन कक्ष में हुई विशेष किशोर पुलिस इकाई की बैठक**

कहा कि जनपद में बाल विवाह की रोकथाम की जाए। अवैध तरीके से बच्चों को गोद न दिया जाए। गोद देने की प्रक्रिया कारा के वेबसाइट के माध्यम से कराया जाए। बाल कल्याण समिति के सदस्य विरेंद्र मणि त्रिपाठी ने पॉक्सो के संबंध में जानकारी दी।

एएचटीयू टीजे सिंह ने बाल श्रम से मुक्त कराए जाने तथा नशे से दूर रखने को राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के ज्वाइंट एक्शन प्लान के बारे में बताया। संवाद

KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 17-03-2023

# मासूम से कुकर्म के दोषी को 20 साल की सजा

- पांच साल के बच्चे की मां ने 27 दिसंबर 2013 को दर्ज कराया था केस
- पॉक्सो कोर्ट नंबर एक के विशेष न्यायाधीश ने सुनायी सजा

**कुशीनगर, वरिष्ठ संवाददाता।** मासूम बच्चे से अप्राकृतिक दुष्कर्म के अभियुक्त को पॉक्सो कोर्ट नंबर एक के विशेष न्यायाधीश अमित कुमार तिवारी ने दोषी पाए जाने पर बीस साल के सश्रम कारावास व तीस हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनायी है। अदालत में पेशी पर आए अभियुक्त को दोष सिद्ध होने के बाद बुधवार की शाम को ही जेल भेज दिया गया था। फैसले के बाद उसे फिर जेल भेज दिया गया।

विशेष लोक अभियोजक फूलबदन व अजय गुप्ता ने बताया कि कुबेस्थान थाना क्षेत्र की निवासी एक महिला का मायका रामकोला थाना क्षेत्र के एक गांव में है। 27 फरवरी को वह अपने पांच साल के बेटे के साथ मायके में थी। उस दिन बेटा गांव में बच्चों के साथ खेल रहा था। अपराह्न करीब 4 बजे रामकोला थाना क्षेत्र के पुरैनी मुसहरी गांव का निवासी मनबढ़ रिजवान पुत्र हातिम अंसारी बच्चे के पास पहुंचा। उसे बहला-फुसला कर गांव के बाहर गन्ने के खेत में ले गया और अप्राकृतिक दुष्कर्म किया। बच्चे चिल्लाने लगा तो रिजवान ने उसका मुंह दबा दिया।

# फर्जी मुकदमे में सुलह को कारोबारी से मांगे पांच लाख

- केस दर्ज कराने वालों ने मांगे रुपये, दुकानदारी बंद कराने की धमकी
- एसपी के आदेश पर पटहेरवा पुलिस ने दर्ज किया दो लोगों पर केस

पटहेरवा, हिन्दुस्तान संवाद। पटहेरवा थाना क्षेत्र के फाजिलनगर निवासी एक व्यक्ति ने क्षेत्र के परसौनी गांव निवासी दो लोगों पर फर्जी मुकदमे में सुलहनामा कराने को लेकर 5 लाख रुपये रंगदारी मांगने और नहीं देने पर जान माल की धमकी देते हुए सोने चांदी का व्यवसाय बंद कराने की धमकी देने का आरोप लगाया है। एसपी के निर्देश पर पुलिस पीड़ित की तहरीर पर आरोपी दो लोगों के खिलाफ रंगदारी वसूलने की धमकी देने सहित अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है।

थाना के फाजिलनगर निवासी संतोष वर्मा ने एसपी से शिकायत की थी कि कुछ लोगों ने उसके और उसके भाई धन्नू वर्मा के खिलाफ बीते 22 फरवरी को फर्जी केस पटहेरवा थाने में दर्ज कराया था। पीड़ित का आरोप था कि इसी मामले में 24 फरवरी को परसौनी गांव निवास दो लोगों ने मुकदमे में सुलह कराए जाने को लेकर फोन किया और इसके लिए 5 लाख रुपये की मांग की। पीड़ित ने जब इंकार किया तो उसे जान माल की धमकी दी गई और उसके सोने चांदी की दुकान को बंद कराने व दर्जनों फर्जी केस कराने पूरे परिवार को जेल में डलवाने की धमकी दी गई। आरोपी उसके भाई धन्नू को 25 फरवरी को गंडक कालोनी पर रोक कर गाली गलौज किए और जान माल की धमकी दिए। पीड़ित ने पटहेरवा पुलिस को तहरीर दी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित ने एसपी धवल जायसवाल से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की थी। एसपी के आदेश पर पटहेरवा पुलिस ने परसौनी निवासी दोनों आरोपी रिंकू राव व सुड्डू राव के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

अहिरौली बाजार थाना के बसंतपुर गांव में बुधवार देर रात की घटना

# युवक को जिंदा फूंकने की कोशिश, पांच पर केस

- झुलसे युवक को इलाज के लिए गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया
- रात में ही घटनास्थल पर पहुंची थी पुलिस, गुरुवार को दर्ज हुआ केस

**अहिरौली बाजार, हिन्दुस्तान संवाद।** अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के बसंतपुर गांव में एक युवक को पकड़ कर जिंदा फूंकने की कोशिश का मामला प्रकाश में आया है। घटना बुधवार देर रात की बतायी है। गंभीर रूप से झुलसे युवक को इलाज के लिए गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने इस मामले में एक ही परिवार के पांच लोगों के पर हत्या के प्रयास समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। गांव के लोग इस मामले में कुछ भी बोलने से परहेज कर रहे हैं।

परिजनों द्वारा पुलिस को दी गयी तहरीर के अनुसार बुधवार की देर रात बसंतपुर गांव के कुछ लोगों ने शिवदयाल नामक 23 साल के युवक को पकड़कर पीटा। शरीर पर पेट्रोल डालकर कर आग लगा दी। युवक चिल्लाते हुए भागा तब लोगों की नजर पड़ी। परिजनों ने शरीर में लगी आग बुझायी। रात में ही पुलिस को सूचना दी गयी। पुलिस ने गंभीर रूप से झुलसे युवक को निकट के सरकारी अस्पताल भेजवाया, जहां से डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत देखते हुए मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया।

गुरुवार को इस मामले में युवक की मां धर्मा देवी ने अहिरौली बाजार थाने में तहरीर देकर गांव के ही शोभन व उसके परिवार के चार लोगों के खिलाफ जलाकर मारने की कोशिश का आरोप लगाा। इस आधार पर पुलिस ने पांचों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया। परिजनों ने बताया कि उसे पकड़ कर जिंदा जलाया गया है। गंभीर रूप से झुलसे युवक का मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। अहिरौली थाना के प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार गुप्ता ने बताया मामला संज्ञान में है। मौके पर पुलिस गयी थी। युवक का परिजन गोरखपुर में इलाज करा रहे हैं। युवक की मां धर्मा देवी ने तहरीर दी है और उसके आधार पर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# दुष्कर्म के आरोपित को 20 वर्ष सश्रम की सजा

**पडरौना :** अपर जिला एवं सत्र न्यायालय पाक्सो के विद्वान न्यायाधीश ने आरोप सिद्ध होने पर रिजवान निवासी पुरैनी मुसहरी रामकोला को 20 वर्ष सश्रम की सजा का आदेश पारित किया है। 2014 में हुई घटना में रामकोला थाने में पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया था, जिसमें आरोपित ने एक किशोरी से दुष्कर्म किया था। बीस हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया गया है। (जासं)

# चोरी का मुकदमा

**पडरौना :** फाजिलनगर कस्बा निवासी रमाशंकर की तहरीर पर पटहेरवा पुलिस ने बोलेरो चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया। तहरीर देकर बताया कि बीते 13 फरवरी की रात दरवाजे से चोर बोलेरो चुरा ले गए। (जासं)

# छह लोगों पर मारपीट का मुकदमा

**जागरण संवाददाता, पटहेरवा :** क्षेत्र के एक गांव की महिला ने गांव के छह व्यक्तियों के विरुद्ध मारपीट व छेड़खानी का मुकदमा न्यायालय के आदेश पर दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

महिला ने न्यायिक मजिस्ट्रेट कसया के न्यायालय में एक प्रकीर्णवाद दाखिल करते हुए लिखा है कि एक मई 2022 को शमसुल आजम, हिदायतुल्लाह, परवेज आलम, चांद मुहम्मद, हमीद रजा व कैश लाठी-डंडा व लोहे की राड लेकर उसे जान से मारने की नीयत से घर में घुसकर मारने-पीटने लगे। घर में रखे गृहस्थी की सामान व फर्नीचर को तोड़फोड़ कर नष्ट कर दिए। इस दौरान छेड़खानी भी किया गया। न्यायालय ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के अवलोकन के बाद मुकदमा दर्ज करने आदेश पारित किया।

प्रभारी निरीक्षक अनिल उपाध्याय ने बताया नामजद मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# 43 उपनिरीक्षक इधर से हुए उधर

**पडरौना :** एसपी धवल जायसवाल ने कानून व्यवस्था के मद्देनजर 43 उपनिरीक्षक को एक से दूसरे थानों पर इधर से उधर किया है, जिसमें पुलिस लाइन से आधा दर्जन उपनिरीक्षकों को थाने पर भेजा गया है।

# सात पर एससी-एसटी एक्ट का मुकदमा

**पडरौना :** क्षेत्र के बभनौली निवासी सीमा की तहरीर पर पटहेरवा पुलिस ने गांव के ही मैनेजर सिंह, आदित्य सिंह, निखिल सिंह, नीलम सिंह, अलका सिंह, सन्नी सिंह व सुधीरा सिंह के विरुद्ध एससी-एसटी एक्ट का मुकदमा दर्ज कर लिया। सीमा ने तहरीर में कहा है कि तीन नवंबर 2022 को उनका पुत्र अंकित गांव में ही स्थित दुकान से सामान खरीदने जा रहा था। अपने दरवाजे पर मौजूद आरोपितों ने उस पर लाठी च चाकू से प्रहार कर लहूलुहान कर दिया और जातिसूचक शब्द कहा। उसका जिला अस्पताल में उपचार हुआ।

# दिल्ली से पकड़ा गया धोखाधड़ी का आरोपित

**पडरौना :** कोतवाली प्रभारी राज प्रकाश सिंह ने बताया कि धोखाधड़ी के मामले में वांछित चल रहे आरोपित को पुलिस टीम ने दिल्ली से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए मदन सिंह निवासी बैजनाथपुर थाना कसया हालमुकाम राजीव एक्सटेंशन नियर लाल मंदिर गली न–एक थाना बेगमपुर जिला रोहिणी दिल्ली व एक महिला पकड़ी गई है। (जासं)

# कराया गया समझौता

**पडरौना :** मिशन शक्ति के तहत महिला थाने की पुलिस दो जोड़ों के मध्य समझौता करा एक साथ विदाई कराई गई। प्रियंका देवी पत्नी आशीष कुमार ग्राम हरना थाना कोतवाली पडरौना व रविता पत्नी दीपक ग्राम चिरगोंड़ा थाना कसया में मामूली विवाद को लेकर अलग रहे रहे थे। इस मौके पर महिला थाना प्रभारी रेखा देवी व कांस्टेबल संजू वर्मा का सराहनीय योगदान रहा। (जासं)

# स्वर्ण व्यवसायी की तहरीर पर सगे भाइयों पर मुकदमा

**जासं, पटहेरवा:** कस्बा के वार्ड 14 निवासी स्वर्ण व्यवसायी द्वारा एसपी से की गई शिकायत के क्रम में पटहेरवा पुलिस दो सगे भाइयों पर मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।स्वर्ण व्यवसायी संतोष वर्मा ने एसपी से शिकायत की थी कि मुझ पर व मेरे भाई धन्नू वर्मा पर रंजिशन एक महिला ने परसौनी निवासी रिंकू राव के साथ साजिश कर बीते 22 फरवरी को फर्जी मुकदमा दर्ज कराया। बीते 24 फरवरी को रिंकू राव व सुड्डू राव ने फोन कर समझौता कराने के लिए पांच लाख रुपये की मांग की।

इन्कार करने पर व्यवसाय ठप कराने व फर्जी मुकदमे दर्ज कराकर परिवार सहित जेल भिजवाने की धमकी दी। 25 फरवरी को गंडक कालोनी फाजिलनगर में धन्नू वर्मा की गाड़ी रोकर आरोपितों ने जान मारने की धमकी दी। एसपी के निर्देश पर पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# गो-तस्करों के शरणदाताओं पर गैंगस्टर

## कोतवाली पडरौना, रवींद्रनगर व कुबेरस्थान थाने की समीक्षा में एसपी ने दिए निर्देश

**जागरण संवाददाता, पडरौना** :पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने कहा कि गो-तस्करी रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जाने चाहिए। तस्करी में लिप्त अपराधियों के साथ-साथ उनके शरणदाताओं को भी कार्रवाई के दायरे में लाएं। इनके विरुद्ध गुंडा व गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की जाए। इनकी आय तथा रहन-सहन के बारे में भी पता करें। चिन्हित शरणदाताओं पर कानूनी शिकंजा कसते हुए उनकी संपत्ति भी जब्त की जाए।

वह अपने कार्यालय में कोतवाली पडरौना, रवींद्रनगरधूस व कुबेरस्थान थाने की विवेचनाओं की समीक्षा कर रहे थे। एसपी ने कहा कि गो-तस्करी के दर्ज मुकदमों की विवेचना का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करें। साक्ष्य संकलन में कोई चूक न हो। ताकि मुकदमे की सुनवाई के दौरान अपराधियों को किसी तरह की मदद न मिल सके। बीते पांच से 10 वर्षों के गो-तस्करों का भी ब्योरा तैयार करें। पता करें कि वे आज भी गो-तस्करी में लिप्त हैं या नहीं। समीक्षा में गो-तस्करी से जुड़े सात मामले लंबित पाए गए, जिसके शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने अन्य मुकदमों के बारे में भी समीक्षा की। कहा कि महिलाओं व बाल अपराध की रोकथाम में पुलिस को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। पुलिस आम जन से मित्रता पूर्ण व्यवहार करें और अपराध पर अंकुश के लिए नागरिकों का सहयोग लें। घटनाओं की विवेचना में पूरी ईमानदारी बरतें।



कार्यालय में लंबित विवेचनाओं की समीक्षा करते एसपी धवल जायसवाल● जागरण

- **अपराधियों द्वारा अपराध से अर्जित संपत्ति का करें जब्तीकरण**
- **पांच से 10 वर्षों तक के गो-तस्करों का खंगाला जाएगा ब्योरा**

# विदेशी महिला पर्यटक मेडिकल कालेज रेफर

**जासं, कुशीनगर:** जिलाचिकित्सालय में जांचोंपरांत विदेशी महिला पर्यटक को उपचार के लिए मेडिकल कालेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया। ताइवान मूल की 42 वर्षीया चीनी पर्यटक शिह डी कुआन लगभग एक माह से नामग्याल मोनास्ट्री कुशीनगर में रह रही थीं। बुधवार को उनकी तबीयत गंभीर हो गई। वह मानसिक रूप से अस्वस्थ दिखने लगी थीं। सीएमओ के निर्देश पर जिला मानसिक स्वास्थ्य टीम ने उनसे पूछताछ की व कुछ दवा लेने का सुझाव दिया। सीएमओ डा. सुरेश पटारिया ने बताया कि रोगी विदेशी महिला को एंबुलेंस से स्टाफ व ट्रांसलेटर के साथ बेहतर उपचार के लिए बीआरडी मेडिकल कालेज गोरखपुर भिजवा दिया गया है।

# कस्तूरबा की छात्रा की स्थिति में सुधार

**जासं, तमकुहीराज :** जिला अस्पताल में भर्ती कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय तमकुहीराज की छात्रा की स्थिति में सुधार हो रहा है। तमकुहीराज के कोटवा गुलाब राय निवासी नूरतारा पुत्री मीरहसन उक्त विद्यालय में आठवीं कक्षा की छात्रा है। बुधवार की शाम उसे सांस लेने में दिक्कत होने लगी। वार्डन अर्चना चौरसिया ने सीएचसी में भर्ती करा स्वजन को सूचना दी। चिकित्सकों ने जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

सूचना पर बीएसए डा. राम जियावन मौर्य रात में जिला अस्पताल पहुंचकर हाल जाना। बेहतर उपचार के लिए सीएमओ से बात की। गुरुवार की सुबह बीईओ अंकिता सिंह एवं डीसी प्रशिक्षण सत्येन्द्र मौर्य जिला चिकित्सालय पहुंचकर चिकित्सकों एवं स्वजन से बात की। छात्रा की हालत अब ठीक बताई जा रही है। जूनियर शिक्षक संघ मंत्री अंजनी सिंह, राजेश प्रसाद, अजय सिंह, राजू सिंह, हरिकेश पांडेय मौजूद रहे।

# पेट्रोल छिड़ककर युवक को जिंदा जलाने का प्रयास

- पीड़ित युवक की मां की तहरीर पर पांच पर मुकदमा दर्ज
- प्रेम-प्रसंग में हुई घटना, जांच में जुटी पुलिस

**जागरण संवाददाता, बोदरवारः** अहिरौली के बसंतपुर गांव में प्रेम प्रसंग को लेकर बुधवार की देर रात एक युवक के ऊपर प्रेमिका के स्वजन ने साथियों संग मिलकर पेट्रोल छिड़ककर जिंदा जलाने का प्रयास किया गया। पीड़ित युवक की मां की तहरीर पर गुरुवार को पुलिस एक नामजद व चार अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई है। दूसरी ओर गोरखपुर मेडिकल कालेज में भर्ती युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

शिवदयाल का गांव की लड़की से कुछ दिनों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। घटना के दिन वह शाम को वह घर वालों से यह कहकर निकला कि बगल में ही कुछ कार्य से जा रहा हूं, शीघ्र लौट आऊंगा। दूसरी ओर पुलिस के अनुसार वह प्रेमिका से मिलने ही गया था। इस दौरान प्रेमिका के स्वजन उसको घर में ही रंगे हाथ पकड़ लिए। मारा-पीटा और घर के गैलन में रखा पेट्रोल उसके शरीर पर छिड़ककर आग लगाकर जान लेने का प्रयास किए। शिवदयाल के चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर कुछ दूरी पर स्थित घर में मौजूद स्वजन पहुंचे तो देखे वह आग से घिरा हुआ है। किसी तरह आग बुझाई और मेडिकल कालेज गोरखपुर लेकर गए। चर्चा यह भी है कि इसे लेकर दोनों परिवारों में विवाद चल रहा था। सीओ कुंदन सिंह ने बताया कि मामला प्रेम प्रसंग का लग रहा है। युवक की मां धर्मा देवी की तहरीर पर पुलिस ने शोभन व चार अज्ञात आरोपितों पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। युवक का बयान लेने पुलिस टीम भेजी गई है।

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 17-03-2023

धरना स्थल से उठाकर कोतवाली ले आई पुलिस, रिहाई की मांग को लेकर जुटे बिजली कर्मचारी, पुलिस करती रही इनकार

# 2 एसडीओ संग 6 बिजलीकर्मियों को पुलिस ने उठाया

बिजली हड़ताल

महराजगंज, निज संवाददाता। कार्य बहिष्कार और धरना-प्रदर्शन के बीच गुरुवार को दो एसडीओ समेत छह बिजलीकर्मियों को पुलिस ने धरनास्थल से उठा लिया। अधीक्षण अभियंता वाईपी सिंह ने इसकी पुष्टि की। इसकी सूचना मिलते ही 20 से अधिक बिजलीकर्मी कोतवाली के गेट के बाहर एकत्र हो गए। वह बिजलीकर्मियों को रिहा करने की मांग कर रहे थे। वहीं पुलिस किसी भी कर्मचारी को गिरफ्तार करने से इनकार करती रही। देर शाम सभी कर्मचारियों को छोड़ दिया गया।

गुरुवार को शहर के बैकुंठपुर सब स्टेशन पर धरने पर बैठे एसडीओ सदर उपेन्द्र नाथ चौरसिया ने शाम साढ़े पांच बजे व्हाट्सएप के माध्यम से अपने सहयोगियों को खुद की गिरफ्तारी की सूचना दी। कुछ ही देर में दो एसडीओ समेत छह बिजलीकर्मियों को कोतवाली पुलिस द्वारा उठाए जाने की खबर फैल गई। अधीक्षण अभियंता वाईपी सिंह ने बताया कि एसडीओ उपेन्द्र नाथ चौरसिया को पुलिस बैकुंठपुर सब स्टेशन स्थित धरना स्थल से उठा कर ले गई। एसडीओ निचलौल राजीव रंजन भी वहां मौजूद थे। उनका मोबाइल भी स्विच ऑफ बता रहा है। एसडीओ और कर्मचारियों की गिरफ्तारी की सूचना मिलते ही आंदोलन पर बैठे कर्मचारी कोतवाली के पास एकत्र होने लगे। अवर अभियंता रामकृपाल, सुनील गुप्ता, चंदन सिंह, संतोष सिंह, उपखंड अधिकारी आशुतोष उपाध्याय, राकेश कुमार, जेई मनीष, राकेश कुमार आदि का कहना था कि एसडीओ उपेंद्र चौरसिया, एसडीओ आलोक रंजन गुप्ता, जेई शंभू कुमार, अनिल कुमार, राजकुमार, सुग्रीव, राधारमण चौरसिया को पुलिस अपने साथे ले आई है।



एसडीओ व कर्मचारियों की रिहाई को लेकर कोतवाली के बाहर जुटे बिजलीकर्मी। • हिन्दुस्तान



सिसवा विद्युत उपकेंद्र पर पहुंचे एसई वाईपी सिंह, एसडीएम रामसजीवन मौर्या व सीओ सूर्यबली मौर्या।

## दौड़ाने का वीडियो वायरल

सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो रहा है सादी वर्दी में एक पुलिसकर्मी दो लोगों को विद्युत सब स्टेशन के पास खेत में दौड़ा कर पकड़ रही है। हालांकि हिन्दुस्तान वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है। कर्मचारियों का कहना है पुलिस ने दो बिजलीकर्मियों को दौड़ाकर पकड़ा था। एसडीओ ने उन्हें पकड़े जाने का विरोध किया तो पुलिस उन्हें भी अपने साथ ले गई।

## ढूंढ रहे लाइनमैन

एसडीएम सदर मो. जसीम ने सीओ सदर के साथ कानून व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि किसी भी बिजली विभाग के कर्मी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। चौक व घुघली फीडर में फॉल्ट के चलते सप्लाई बाधित है। फाल्ट को दुरुस्त करने के लिए विद्युत विभाग के लाइनमैन को ढूंढ़ा जा रहा है ताकि फाल्ट को दुरुस्त कराकर आपूर्ति बहाल कराई जा सके।

"जिले में किसी भी बिजली अधिकारी या कर्मचारी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। -डॉ. कौस्तुभ, एसपी"

## चार फीडरों के 81 गांवों की बिजली सप्लाई ठप

महराजगंज, निज संवाददाता। जिले के विद्युत उपकेंद्रों के चार फीडरों में तकनीकि खराबी व फाल्ट के हो गया। इससे इन फीडरों से जुड़े 81 गांवों की बिजली गुल हो गई। इतना ही नही फाल्ट से नगर पालिका परिषद सिसवा में 200 घरों की बिजली सुबह से ही गुल चल रही है।

33/11 बैकुंठपुर विद्युत उपकेंद्र के शिकारपुर, मिठौरा और चौक फीडर से 61 गांवों की बिजली आपूर्ति होती है। गुरूवार की दोपहर 12:10 बजे बारी-बारी से इन तीनों फीडर क्षेत्रों में फाल्ट हो गया। इसी तरह दूठीबारी विद्युत उपकेंद्र के परसामलिक फीडर से 20 गांवों की बिजली आपूर्ति होती है। नगर पालिका परिषद सिसवा में ट्रांसफार्मर में फाल्ट होने से इससे जुड़े सेनानी नगर, नौका टोला व सब्जी मंडी के 200 घरों की बिजली गुल हो गई।

**अवर अभियंताओं की सीयूजी नंबर बंद:** बिजली फाल्ट और तकनीकि दूरी करने की जिम्मेदारी अवर अभियंताओं और लाइनमैन की है। आंदोलन से इन कर्मचारियों ने सीयूजी नंबर बंद कर लिया। लाइनमैन मोबाइल बंद कर गायब चल रहे हैं।

"आंदोलन के चलते अवर अभियंताओं का सीयूजी नंबर बंद चल रहा है। लाइनमैन ढूढ़े नही मिल रहे है। ऐसे में फाल्ट ठीक होने में देरी हो सकती है। फाल्ट ठीक होते ही फीडरों की बिजली सप्लाई बहाल कर दी जाएगी। -वाईपी सिंह, अधीक्षण अभियंता विद्युत मंडल महराजगंज"

**बिजली समस्या को लेकर प्रशासन अलर्ट: महराजगंज।** विद्युत कर्मचारियों की हड़ताल को देखते हुए जिला प्रशासन अलर्ट हो गया है। डीएम सत्येन्द्र कुमार के निर्देश पर जनपद में निर्बाध बिजली आपूर्ति बनाए रखने के लिए सभी विद्युत उपकेंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

## सभी विद्युत उपकेन्द्रों पर पुलिस का रहा पहरा

महराजगंज, हिन्दुस्तान टीम। बिजली कर्मचारियों के कार्य बहिष्कार को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट हो गया है। बिजली आपूर्ति सामान्य रखने के लिए राजस्व, बेसिक शिक्षा और सिंचाई विभाग को जिम्मेदारी दी है। इतना ही नही बीडीओ को विद्युत उपकेंद्रों का नोडल नामित किया है। सुरक्षा के लिए पुलिस की तैनाती की है। इन अधिकारियों ने बिजली आपूर्ति की कमान संभाल लिया है।

33/11 केवी बैकुंठपुर विद्युत उपकेंद्र के सात फीडरों से करीब नगर पालिका परिषद महराजगंज सहित 200 गांव रोशन होते है। जिला प्रशासन ने बीडीओ सदर को यहा का नोडल बनाया है। नोडल अधिकारी के देखरेख में बीईओ सदर चंद्रभूषण पांडेय, लेखपाल ऋषिकेश शर्मा और अमित पटेल बिजली आपूर्ति करने में जुटे रहे। विद्युत उपकेंद्र आनंदनगर के नोडल अधिकारी बीडीओ सच्चिदानन्द शुक्ल की देखरेख में राजस्व कर्मी आपूर्ति व्यवस्था संभाल रहे हैं। निचलौल उपकेंद्र बीडीओ के नेतृत्व में लेखपाल अवधेश सिंह के साथ चार पुलिस कर्मी की तैनाती है।

**विद्युत उपकेंद्र पर पुलिस का पहरा:** जिला प्रशासन ने सभी उपकेंद्रों पर पुलिस की तैनाती की है। हर विद्युत उपकेंद्र पर कम से कम छह पुलिस कर्मी तैनाती है। सीओ और थानाध्यक्ष सुरक्षा का जायजा लेने में जुटे हैं

"बिजली आपूर्ति व्यवस्था सामान्य रखने के लिए जिला प्रशासन जिम्मेदारी सौपी हैं। फीडरों को जायजा लिया जा रहा है। फीडरों में तकनीकि खराबी व फाल्ट होने की सूचना मिल रही है। उसे ठीक कराने की कोशिश की जा रही है। -वाईपी सिंह, अधीक्षण अभियंता विद्युत मंडल महराजगंज"

# बोरे में लावारिश हालत में नेपाली शराब बरामद

सोनौली। एसएसबी की 22वीं बटालियन व सोनौली पुलिस के जवानों ने गुरुवार की शाम गश्त के दौरान नोमेंस किनारे 330 सीसी नेपाली शराब लावारिश हालत में बरामद किया। सोनौली थानाध्यक्ष अभिषेक सिंह ने बताया कि बार्डर के पास तीन सामान भरे बोरे लावारिस हालत में नेपाली शराब मिला।

# भूमि विवाद में मारपीट, नौ गिरफ्तार

महराजगंज। शहर के पिपरदेउरा वार्ड में जमीनी विवाद को लेकर गुरूवार को मारपीट हुई। इसमें तीन लोग घायल हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस दोनों पक्ष के नौ लोगों को गिरफ्तार कर कोतवाली लाई। सदर कोतवाल रवि कुमार राय ने बताया कि पिपरदेउरा वार्ड में दो महिलाओं के बीच कहासुनी शुरू हुई थी। मामले में दोनों पक्ष के आरोपित भोलेश्वर, रामचंद्र, सागर, राजेंद्र, शशिकला, निधि, पूजा, मुधुरा और सीमा देवी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# बिजली व्यवस्था लड़खड़ाई, पुलिस ने आठ को उठाया

## सभी 33 विद्युत उपकेंद्रों पर पुलिस व राजस्वकर्मी तैनात, शहर से गांव तक कई क्षेत्रों में गुल रही बिजली

**जासं, महराजगंज** : विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले 14 सूत्रीय मांगों को लेकर बिजली कर्मचारी गुरुवार को भी कार्य बहिष्कार कर अधीक्षण अभियंता कार्यालय के समक्ष धरने पर डटे रहे। बिजली कर्मचारियों की हड़ताल को लेकर कई क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था लड़खड़ा गई है। आधे शहर में अंधेरा छाया रहा। जिले में आपूर्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिए उपकेंद्रों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। वहां राजस्व विभाग के कर्मचारियों की तैनाती की गई है। उपकेंद्रों पर पुलिस का पहरा है। एसडीएम और क्षेत्राधिकारियों ने उपकेंद्रों का निरीक्षण भी किया। कोतवाली पुलिस ने एसडीओ सहित आठ कर्मचारियों को उठाया है।

हड़ताल के कारण मिठौरा क्षेत्रों में जहां दोपहर से बिजली नहीं है वहीं राजीव नगर, लोहियानगर, शास्त्रीनगर सहित शहर के कई इलाके में बिजली गुल रही। कर्मचारी किसी की सुन नहीं रहे है। इस वजह से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। दोपहर में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय के पास ट्रांसफार्मर से तेल रिसने के बाद भी कर्मचारी उसे ठीक नहीं किए। अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर धरना दे रहे संघर्ष समिति के संयोजक एसडीओ उपेंद्र चौरसिया ने कहा कि विद्युत कर्मचारी 14 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं।

पिछले दिनों उर्जा मंत्री और मुख्यमंत्री के मुख्य सलाहकार अवनीश अवस्थी से हुई वार्ता के मुताबिक 18 दिसंबर 2022 तक उनकी मांगों को लागू करना था, लेकिन सरकार ने मांगों को दरकिनार कर दिया। आश्वासन मिलने के बावजूद मांगों पर विचार नहीं करने के कारण संघर्ष समिति ने 72 घंटे कार्य बहिष्कार के बाद गुरुवार की देर रात से पूर्ण रूप से हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है। इस दौरान जिलाध्यक्ष दीपक कुमार सिंह, इंजी. आलोक रंजन गुप्ता, आशुतोष त्रिपाठी, अरविन्द सिंह, पुष्कर उपाध्याय, छेदी प्रसाद, पी. एन. मौर्या, आलोक कुमार, सनी चौरसिया, मृणाल सिंह, सुरेश सिंह, जुबैर खान, बृजभान लाल, अशोक पासवान, छेदी, इकबाल अहमद मौजूद रहे।

एसडीओ उपेंद्र चौरसिया ने बताया कि उन्हें और एसडीओ आलोक रंजन गुप्ता, जेई शम्भु कुमार, कर्मचारी अनिल कुमार, राजकुमार, सुग्रीव, छेदी को पुलिस ने कोतवाली में बैठा लिया है। कोतवाल रवि राय ने बताया कि एसडीओ से वार्ता की जा रही है।




अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर धरना देते विद्युत कर्मचारी • जागरण

### बाधित रही बिजली, कंट्रोल रूम में शिकायत के बाद हुआ निराकरण

मिठौरा बाजार : विद्युतकर्मियों के कार्य बहिष्कार के दौरान मिठौरा उपकेंद्र के मधुबनी फीडर की आपूर्ति दोपहर में तार गिरने की वजह से बाधित हो गई। मधुबनी फीडर में तार गिरने से करीब 11 गांवों की आपूर्ति ठप हो गई। इसके बाद ग्रामीणों ने इसकी शिकायत जिला मुख्यालय स्थित कंट्रोल रूम में दर्ज कराई, जिसपर पुलिस और राजस्व विभाग के कर्मियों ने एक प्राइवेट लाइनमैन को लाकर बिजली सही कराया। अपर जिलाधिकारी डा. पंकज कुमार वर्मा ने बताया कि जिले में निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति चालू रहे इसके लिए इंतजाम किए जा रहे हैं।

### विद्युत समस्या पर कंट्रोल रूम में दर्ज कराएं शिकायत

हड़ताल के दौरान किसी भी प्रकार की बिजली की समस्या होने पर विभाग की ओर से कंट्रोल रूम बनाया गया है। अपर जिलाधिकारी डा. पंकज कुमार वर्मा ने बताया कि कंट्रोल रूम के नंबर 8004924659, 8115067843 तथा 7380957450 पर शिकायतें दर्ज कराई जा सकती हैं। समाधान कराया जाएगा।

# ग्रामीणों ने सीओ से की शिकायत

निचलौल। ठूठीबारी कोतवाली के लक्ष्मीपुर खुर्द के ग्रामीणों ने गुरूवार को सीओ निचलौल को शिकायत पत्र देकर चौकी इंचार्ज और एक सिपाही की शिकायत की है। शिकायत कर्ता प्रदीप कुमार, राजू गुप्ता, सुभाष, कन्हैया, अजय कुमार, तारा प्रसाद व बबलू ने आरोप लगाया है कि मंगलवार को इनके गांव का अनिल जायसवाल निचलौल से दो बोरी यूरिया लेकर अपने गन्ने के खेत में डालने जा रहा था।

# एसडीएम की छापेमारी में 6 ट्रॉली गेंहू-चावल बरामद

ठूठीबारी,हिन्दुस्तान संवाद। इंडो-नेपाल बार्डर से सटे ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र के सरहदी गांव लक्ष्मीपुर खुर्द में बुद्ध विहार के पास छापेमारी कर एसडीएम राज सजीवन मौर्य व सीओ सूर्यबली मौर्य ने छह ट्राली पर लदा करीब आठ सौ बोरी गेहूं-चावल बरामद किया। खाद्यान्न को नेपाल भेजने की योजना थी। भारी मात्रा में खाद्यान्न देख कस्टम व एसएसबी को बुला लिया गया।

जांच के बाद सीओ व एसडीएम ने बरामद खाद्यान्न को सीज कर अग्रिम कार्रवाई के लिए कस्टम को सौंप दिया। बरामद खाद्यान्न के मालिकाना हक को लेकर अभी कोई सामने नहीं है। आसपास के लोगों के मुताबिक कुछ लोग ट्राली पर गेहूं-चावल लाद कर

> लक्ष्मीपुर खुर्द में छह ट्राली गेंहू-चावल बरामद हुआ है। उसे सीज कर दिया गया है। बरामद गेहूं-चावल को अग्रिम कार्रवाई के लिए कस्टम को सौंप दिया गया है।
>
> **-सूर्यबली मौर्य**, सीओ निचलौल

ट्रैक्टर से लाए। खड़ा कर चले गए। लक्ष्मीपुर खुर्द भारत-नेपाल सीमा पर बसा है। इस क्षेत्र से बड़े पैमाने पर तस्करी की खबरें सामने आती रहती हैं। मुखबिर से तस्करी की सूचना पर बुधवार रात करीब 11 बजे एसडीएम निचलौल राम सजीवन मौर्य व सीओ सूर्यबली मौर्य ने लक्ष्मीपुर खुर्द गांव में छापेमारी की। इस दौरान छह ट्राली पर लदा करीब आठ सौ से अधिक गेहूं-चावल लावारिश हालत में मिला।

# मतांतरण की सूचना पर पुलिस ने दो को उठाया

**जासं, बागापार :** कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम सभा नदुआ में एक व्यक्ति के घर में पूजा पाठ के बहाने मतांतरण की सूचना पर बागापार चौकी की पुलिस दो लोगों को पकड़ कर कोतवाली ले आई। इस मामले में किसी ने तहरीर नहीं दी है।

गुरुवार को बागापार चौकी प्रभारी भूपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि दूरभाष से सूचना मिली कि ग्राम नदुआ में कुछ लोग पूजा पाठ के बहाने मतांतरण कराने का प्रयास कर रहे हैं। चौकी प्रभारी तत्काल मौके पर पहुंचे। पुलिस को देख प्रार्थना सभा में उपस्थित महिलाएं व पुरुष फरार हो गए, दो लोगों को पकड़कर कोतवाली लाया गया। चौकी प्रभारी ने बताया कि पकड़े गए लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।

# भूमि विवाद को लेकर मारपीट, नौ गिरफ्तार

- शहर के पिपरदेउरा वार्ड में सुबह हुई थी घटना
- दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर दर्ज कराया मुकदमा

**जासं, महराजगंज** : भूमि विवाद को लेकर गुरुवार की सुबह पिपरदेउरा वार्ड में दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। तीन लोगों को मामूली चोट आई है। विवाद की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्ष के नौ लोगों को गिरफ्तार कर लिया। बाद में दोनों पक्षों से मिली तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करते हुए चालान कर दिया है।

सदर कोतवाल रवि कुमार राय ने बताया कि वार्ड में शशिकला शर्मा और पूजा के बीच गुरुवार को भूमि विवाद को लेकर कहासुनी हो गई। बात बढ़ने पर दोनों पक्षों में हाथापाई के बाद मारपीट हुई। दोनों तरफ के तीन लोगों को मामूली चोट आई है। एक पक्ष की पूजा की तहरीर पर सागर, शशिकला, निधि और राजेंद्र तथा दूसरे पक्ष की शशिकला की तहरीर पर रामचंद्र, भोला, छोटे व कैलाश के विरुद्ध मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। विवाद कर रहे नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपितों में भोलेश्वर, रामचंद्र, सागर, राजेंद्र, शशिकला, निधि, पूजा, मुधुरा और सीमा शामिल हैं।



सदर कोतवाली में गिरफ्तार आरोपितों के साथ पुलिस टीम ● जागरण

# पब्लिक एप्रूवल रेटिंग में मिला प्रथम स्थान

## एडीजी कार्यालय से जारी रिपोर्ट में थानों की सराहना, और बेहतर कार्य करने के निर्देश

**जागरण संवाददाता, महराजगंज** : पुलिस की छवि को लेकर पब्लिक एप्रूवल रेटिंग सिस्टम पर जनता से ली जा रही राय की वार्षिक रिपोर्ट में महराजगंज पुलिस ने मंडल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मार्च 2022 से शुरू हुए इस सर्वे में पुलिस ने जनता की संतुष्टि को 48.78 प्रतिशत से लेकर दिसंबर 2022 में 82.62 प्रतिशत पहुंचाने का कार्य किया है। औसतन यह आंकड़ा 65.82 प्रतिशत दर्ज किया गया है। ऐसे में पुलिस अधीक्षक ने जिले के थानेदारों की सराहना करते हुए और बेहतर कार्य करने का निर्देश दिया है।

> थानों द्वारा वर्ष भर किए गए बेहतर कार्यों की बदौलत ही जिले की पुलिस ने पब्लिक एप्रूवल रेटिंग सिस्टम में मंडल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। सभी थानेदार इसके लिए बधाई के पात्र हैं, थानेदारो को और भी बेहतर कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया है।
>
> **डा. कौस्तुभ**, पुलिस अधीक्षक महराजगंज

अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह ने बताया कि अपर पुलिस महानिदेशक की ओर से पुलिस की कार्यप्रणाली में सुधार और सतत निगरानी के लिए हर माह लोगों से फीडबैक लिया जाता है। इसमें बेहतर थानों को सम्मानित करने और खराब प्रदर्शन वाले थानों पर कार्रवाई भी की जाती है। इसी कड़ी में अपर पुलिस महानिदेशक ने वार्षिक आंकड़ा जारी किया है। जिसमें महराजगंज पुलिस ने एफआइआर, आइजीआरएस, जनशिकायतों का निस्तारण और पुलिसकर्मियों के कुशल व्यवहार में बेहतर कार्य करते हुए मंडल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

# प्रशासनिक अधिकारियों ने किया उपकेंद्रों का निरीक्षण



नौतनवा विद्युत उपकेंद्र का निरीक्षण करते एसडीएम दिनेश कुमार मिश्र • जागरण



भिटौली विद्युत उपकेंद्र पर तैनात पुलिसकर्मी • जागरण

**जासं, महराजगंज** : विद्युतकर्मियों के हड़ताल को देखते हुए जिले के उपकेंद्रों पर उपजिलाधिकारियों ने अपने स्तर से निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था देखी। नौतनवा संवाददाता के अनुसार एसडीएम दिनेश कुमार मिश्र ने तहसील क्षेत्र के विद्युत उपकेंद्र नौतनवा, संपतिहा, सोनौली, अड्डा बाजार, ललाइन पैसिया का निरीक्षण किया। बताया कि नायब तहसीलदार सौरभ श्रीवास्तव व विवेक श्रीवास्तव को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। आकस्मिक घटना की सूचना तहसीलदार अरविंद कुमार श्रीवास्तव को तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। भिटौली संवाददाता के अनुसार सदर एसडीएम मोहम्मद जसीम ने उपकेंद्र का निरीक्षण किया और विद्युत आपूर्ति बहाल रखने के निर्देश दिए ।

**कोठीभार व भिटौली में गुल रही बिजली**: भिटौली और कोठीभार क्षेत्र में भी बिजली गुल रही। गांवों की आपूर्ति दोपहर से बाधित है। इससे लगभग दोनों क्षेत्रों के 70 गांवों के करीब 60 हजार लोग प्रभावित रहे। सिसवा नगर पालिका के विभिन्न वार्डो में फाल्ट से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। रात में सिसवा कस्बे के विभिन्न वार्डो के सैकड़ो घरों की बत्ती गुल हो गई। विद्युत उपखण्ड सिसवा कार्यालय पहुचे अधीक्षण अभियंता वाई. पी. सिंह,एसडीएम रामसजीवन मौर्य तथा क्षेत्राधिकारी सूर्यबली मौर्य ने समस्याओं का जायजा लिया। उपकेंद्र पर उपस्थित एक मात्र संविदा कर्मी पप्पू साहनी को फाल्ट ढूंढने भेजा गया, परन्तु सब स्टेशन पर परिचालक न होने से शटडाउन नहीं मिल सका।

# लक्ष्मीपुर में भारी मात्रा में खाद्यान्न बरामद

**जासं,ढूढीबारी**: एसडीएम राम सजीवन मौर्य और क्षेत्राधिकारी सूर्यबली मौर्य ने गुरुवार की शाम करीब पांच बजे भारत नेपाल सीमा से सटे लक्ष्मीपुर खुर्द गांव में एक नेपाली ट्रैक्टर तथा छह ट्राली पर लदा खाद्यान्न व एक गोदाम से 200 बोरा चावल, गेहूं बरामद किया है।

एसडीएम ने बताया कि बरामद हुए खाद्यान्न ट्रैक्टर-ट्राली को निचलौल कस्टम कार्यालय को सौंप दिया गया है। निचलौल कस्टम अधीक्षक आरके तिवारी ने बताया की पकड़े गए नेपाली नंबर प्लेट के ट्रैक्टर, छह ट्राली पर लदा खाद्यान्न समेत गोदाम में रखा हुआ 200 बोरी चावल गेहूं को कब्जे में लेकर कार्रवाई की जा रही है। खाद्यान्न की अनुमानित लागत आठ लाख रुपये बताई जा रही है।

# प्रधान के पति पर धारदार हथियार से हमला, हिरासत में आरोपित

**जासं, पनियरा** : क्षेत्र के ग्राम पंचायत रजौड़ा पंजुम में गुरुवार की शाम पांच बजे गांव का ही एक युवक ने पुरानी रंजिश में धारदार हथियार से प्रधान के पति पर हमला कर दिया। प्रधान के पति सुरेंद्र सिंह उर्फ मुन्ना सिंह घर के पास खडे थे, इसी दौरान गांव का निवासी शिवा मल्ल हथियार लहराते हुए आया और हमला कर दिया। उनको आंख के पास चोट लगी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने आरोपित युवक को हिरासत में लिया है। घायल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पनियरा लाया गया। वहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। थानाध्यक्ष स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# सीमा से सटे बैरियहवा में बोरियों में मिली संदिग्ध वस्तु

**जासं, नौतनवा (महराजगंज)** : बैरियहवा गांव के आम की बाग में गुरुवार को दो दर्जन बोरियों में रखी संदिग्ध वस्तु मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची एसएसबी, डाग स्क्वायड व पुलिस टीम काफी प्रयास के बाद भी यह पता नहीं लगा सकी कि बोरे में क्या है। मौके पर जांच पड़ताल की जा रही है। वस्तु क्या है इसका तरह-तरह से अंदाजा लगाया जा रहा है।

नेपाल सीमा से सटे 500 मीटर की दूरी पर भारतीय क्षेत्र में पोल्ट्री फार्म के पास दो दर्जन से अधिक बोरियों को पुआल से ढका देख ग्रामीणों ने पुलिस व एसएसबी को सूचना दी। एसएसबी 66 वीं वाहिनी के डिप्टी कमांडेंट अभिनव कुमार सिंह, पुलिस चौकी प्रभारी संजय कुमार, धीरज कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंचे। डाग स्क्वायड की जांच के बाद भी यह पता नहीं लगा कि बोरियों में क्या है। काले पत्थर के टुकड़े व धूल की तरह दिख रही वस्तु कहां से लाई गई है और कौन रखकर गया है, यह चर्चा का विषय बना हुआ है। बोरियों पर नेपाल की विभिन्न कंपनियों के नाम छपे हुए हैं। डिप्टी कमांडेंट ने बताया कि बरामद वस्तु की जांच कराई जा रही है, रिपोर्ट आने पर स्पष्ट होगा कि यह क्या है। चौकी प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि वस्तु क्या है, जिसकी जांच एसएसबी के अधिकारी कर रहे हैं।



बोरे में मिली संदिग्ध वस्तु की जांच करती एसएसबी व पुलिस की टीम • जागरण

> बोरियों में मिले पदार्थ की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस जांच कर रही है। अबतक की जांच में यह नेपाल के किसी प्लांट से निकला कोई रा-मटेरियल बताया जा रहा है। इसे संतकबीर नगर के मेहदावल ले जाने की सूचना मिली है। तस्कर इसका क्या उपयोग करते हैं, इसकी जांच की जा रही है, साथ ही इसे नेपाल से भारतीय क्षेत्र में लाने वालों की भी खोजबीन की जा रही है। जांच के बाद मामले में कार्रवाई की जाएगी।
>
> **डा. कौस्तुभ**, पुलिस अधीक्षक महराजगंज

# चौकी इंचार्ज पर लगे आरोप की सीओ ने की जांच

**जागरण संवाददाता, निचलौल** : अपने ही खेत में यूरिया डालने के लिए ले जा रहे किसान को लक्ष्मीपुर चौकी इंचार्ज द्वारा मारने पीटने के आरोप की पुलिस क्षेत्राधिकारी ने गुरुवार को जांच कर रिपोर्ट जिले पर भेज दी। कार्यालय पर आए पीड़ित ने अपना बयान नहीं दर्ज कराया।

लक्ष्मीपुर खुर्द निवासी अनिल कुमार जायसवाल ने पुलिस पर मारने-पीटने का आरोप लगाया है। बताया कि मंगलवार को किसान बही के साथ निचलौल से खाद लेकर घर जा रहा था। उसी दौरान लक्ष्मीपुर खुर्द चौकी इंचार्ज शैलेश प्रताप व कांस्टेबल भौरहियां नदी पुल पर खड़े

## खेत में डालने के लिए यूरिया लेकर आ रहे किसान को पीटने के मामले की हुई जांच, पीड़ित किसान ने नहीं दर्ज कराया बयान

थे। उन्होंने मुझे रुकने के लिए कहा, मैं जैसे ही रुका वह डंडे से मारने लगे। उसके बाद ग्रामीणों ने चौकी का घेराव किया। गुरुवार को पीड़ित स्वजन सहित पुलिस क्षेत्राधिकारी के कार्यालय पर पहुंचा, लेकिन अपना बयान दर्ज नहीं कराया। पुलिस क्षेत्राधिकारी सूर्यवंशी मौर्य ने बताया कि इस मामले में विभिन्न पहलुओं पर जांच की गई है, रिपोर्ट जिले पर भेज दी गई है।

# धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में तीन पकड़े गए

संवाद न्यूज एजेंसी

## सदर कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम नदुआ का मामला

बागापार। सदर कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम नदुआ में बृहस्पतिवार को धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में तीन युवकों को पकड़कर पुलिस कोतवाली लाई। मामले में पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। हालांकि इस मामले में किसी ने तहरीर नहीं दी है।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के नगर प्रचारक वीरेंद्र को सूचना मिली कि सदर कोतवाली क्षेत्र के नदुआ गांव में कुछ लोग गांव के लोगों को इकट्ठा कर धर्म परिवर्तन करा रहे हैं। वह आरएसएस के कार्यकर्ता गोलू जायसवाल, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संगठन मंत्री दीपक सिंह के साथ मौके पर पहुंच गए।

उन्होंने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लेकर कोतवाली ले गई। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक रवि राय ने बताया कि तीन युवकों को पूछताछ के लिए थाने पर लाया गया है। तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# महिला के साथ मारपीट चार के खिलाफ केस

**महराजगंज।** कोतवाली पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर चार लोगों के खिलाफ मारने पीटने व अन्य धाराओं में केस दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है। नगर पालिका महराजगंज के नेहरू नगर वार्ड निवासी पूजा ने सदर कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि बुधवार रात करीब 8:30 बजे घर पर अकेली बैठी थी। इसी दौरान मुहल्ले के सागर, शशिकला, निधि व राजेंद्र पुरानी रंजिश को लेकर अपशब्द बोलने लगे। मना करने पर मारने पीटने लगे। महिला ने बताया कि इस घटना में इस घटना में हाथ की अंगुली कट गई और खून बहने लगा। शोर सुनकर मोहल्ले के कुछ लोग इकट्ठा हुए तो उन्हें भी मारने पीटने लगे। संवाद

# 24 बोरियों में मिली संदिग्ध वस्तु, जांच शुरू

संवाद न्यूज एजेंसी

**नौतनवां।** आराजी सरकार उर्फ बैरिहवा गांव के पहाड़ी टोले पर एक बगीचे में लावारिस हालत में 24 बोरियों में रखी काले रंग की मिट्टी और काला पत्थर मिला। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस और सशस्त्र सीमा बल के जवान, उसे बरामद कर जांच पड़ताल में जुटे हैं।

जानकारी के मुताबिक, भारत-नेपाल के सीमावर्ती नौतनवां थाना क्षेत्र के गांव आराजी सरकार उर्फ बैरिहवा के पहाड़ी टोले पर एक बगीचे में लावारिस हालत में 24 बोरियां मिलीं। आसपास के लोगों ने सशस्त्र सीमा बल चौकी और पुलिस को सूचना दी।

मौके पर पहुंची पुलिस और एसएसबी ने लावारिस रूप में पड़ी 24 बोरियों को बरामद कर देखा तो कुछ में काले रंग में राख तो कुछ में काले पत्थर की तरह की वस्तु रखी हुई थी।

सूचना पाकर मौके पर सशस्त्र सीमा बल के असिस्टेंट कमांडेंट अभिनव कुमार सिंह पहुंच गए। असिस्टेंट कमांडेंट ने बताया कि जांच के लिए गोरखपुर भेजा जाएगा। इसके बाद ही पता चलेगा कि वह कौन सी वस्तु है।

# पुलिस ने चस्पा किया कुर्की का नोटिस

**मिठौरा।** न्यायालय के आदेश पर बृहस्पतिवार को सिंदुरिया थाने की पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी के घर पर कुर्की का नोटिस चस्पा किया। आरोपी द्वारा न्यायालय में हाजिर न होने के दशा में भगोड़ा घोषित करते हुए घर को कुर्की का आदेश मिला है। यह जानकारी उप निरीक्षक तरुण शुक्ला ने दी। संवाद

# मारपीट के मामले में चार पर केस दर्ज

**महराजगंज।** शहर के पिपरदेउरा नेहरु नगर वार्ड में बुधवार रात जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई थी। इस मामले में बृहस्पतिवार को पुलिस ने पीड़ित के तहरीर पर चार आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया है। सदर कोतवाल रवि कुमार राय ने कहा कि पीड़िता शशिकला निवासी पिपरदेउरा नेहरु नगर वार्ड नंबर 2 की तहरीर पर आरोपी रामचंद्र, भोला, छोटे और कैलाश निवासी पिपरदेउरा नेहरु नगर वार्ड के खिलाफ केस दर्ज कर जांच की जा रही है। संवाद

# झुलनीपुर के 52 लोगों को पुलिस ने किया पाबंद

**निचलौल।** थाना क्षेत्र के झुलनीपुर गांव में शतचंडी यज्ञ के लिए खलिहान की जमीन में स्थायी यज्ञशाला के निर्माण को लेकर दो पक्षों में तनाव हो गया। इस मामले में पुलिस ने 52 लोगों को पाबंद किया है। बता दें कि झुलनीपुर में 24 मार्च को शतचंडी यज्ञ होना है। इसको लेकर खलिहान की भूमि पर स्थायी यज्ञ शाला का निर्माण किया जा रहा था। उसी बात को लेकर भास्कर विश्वकर्मा व अब्दुल करीम में विवाद हो गया। उप जिला मजिस्ट्रेट रामसजीवन मौर्य ने बताया कि सभी लोगों को जमानत देने के लिए नोटिस भेज दिया गया है। जमानत नहीं होने पर वारंट जारी किया जाएगा। संवाद

# बॉर्डर पर छह ट्रॉली खाद्यान्न बरामद

**ठूठीबारी।** भारत नेपाल बार्डर से सटे लक्ष्मीपुर खुर्द गांव के पास छह ट्राली खाद्यान्न बरामद किया गया। उसे कस्टम विभाग को सौंप दिया गया है। निचलौल कस्टम अधीक्षक आरके तिवारी ने बताया कि पकड़े गए नेपाली ट्रैक्टर, छह ट्राली पर लदे खाद्यान्न समेत गोदाम में रखा हुआ 200 बोरी चावल गेहूं को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की जा रही है। संवाद

# पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**ठूठीबारी।** लक्ष्मीपुर खूर्द पुलिस चौकी पर तैनात चौकी इंचार्ज व सिपाही के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर पीड़ित किसान के साथ लोग पुलिस क्षेत्राधिकारी से मिले। पीडित ग्राम लक्ष्मीपुर खुर्द निवासी अनिल कुमार जायसवाल ने बताया कि मंगलवार को किसान बही के साथ निचलौल से खाद लेकर घर जा रहा था। आरोप है की लक्ष्मीपुर खूर्द चौकी इंचार्ज व सिपाही भौरहियां नदी पुल पर  पूछताछ के दौरान पीटा। क्षेत्राधिकारी निचलौल सूर्यबली मौर्य ने बताया कि पीड़ित का बयान दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। संवाद

BASTI POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 17-03-2023

# उपचार के लिए फर्जी बुकिंग के नाम पर ठगे पैसे, केस

**बस्ती** । पतंजलि योग पीठ हरिद्वार में उपचार के लिए एक व्यक्ति ने ऑनलाइन बुकिंग करते हुए खाते में पैसे भेजे थे। लेकिन बुकिंग करने वाला आरोपी पैसे खाते में न भेजकर हड़प लिया। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात धारक पर मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के पशुपति पुरम सिविल लाइन निवासी ओमकार पाण्डेय ने अपनी पत्नी के इलाज के लिए पतंजलि योग पीठ हरिद्वार में दस दिनों तक उपचार हेतु 28 हजार रूप्ये खाते में भेजते हुए बुकिंग कराया था। बुकिंग की सारी प्रक्रिया उन्हे एक वाट्सएप नम्बर के सम्पन्न हुई थी। बुकिंग फाइनल करने के बाद डिटेल भेजकर पतंललि योग पीठ से सम्पर्क किया गया तो पता चला कि उनके द्वारा भेजा गया पैसा खाते में नही जमा हुआ है और न ही कोई बुकिंग हुई है। मामले में पीड़ित ओमकार की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने वाट्सएप नम्बर के अज्ञात धारक के विरुद्ध धारा 420 आईपीसी व 66 डी आईटी एक्टके तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# मार्ग दुर्घटना में व्यक्ति घायल, केस

**बस्ती** । मार्ग दुर्घटना में एक व्यक्ति गम्भीर रूप से जख्मी हो गया। मामले में घायल के पुत्र की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। रूधौली थानाक्षेत्र के दसिया चौराहे के पास तेज रफ्तार बाइक संख्या यूपी 51 एएल 17311 के चालक द्वारा लापरवाही पूर्वक आकर चन्द्र प्रकाश को ठोकर मार दिया। जिससे वह घायल हो गये। मामले में घायल के पुत्र रामविलास पुत्र चंद्र प्रकाश ग्राम दसिया पोस्ट दसिया थाना रुधौली की तहरीर पर वाहन अज्ञात के के विरुद्ध धारा 279, 337, 338 आईपीसी व 184 एमबी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# पांच अभियुक्तों पर गैंगस्टर की कार्रवाई

**बस्ती** । जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए कलवारी पुलिस ने क्षेत्र से पांच अभियुक्तो पर यूपी गैंगेस्टर की कार्यवाही किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार जिले की कलवारी पुलिस ने अभियुक्त दीपू सोनकर पुत्र जियालाल सोनकर , गोलू सोनकर पुत्र मिठ्ठू सोनकर , सोनू पुत्र कन्हैयालाल , अनिल पुत्र गंगाराम  व रविन्द्र उर्फ झिन्ने पुत्र कल्पनाथ निवासीगण गाना थाना कलवारी के विरुद्ध 3(1) यूपी गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही किया है। पुलिस ने बताया कि अभियुक्तो द्वारा गैंग बनाकर अपने  आर्थिक, भौतिक एवं दुनियाबी लाभ के लिए नकबजनी व चोरी का संगठित अपराध कारित करते थे। जिससे क्षेत्र में भय एवं आतंक का माहौल व्याप्त था। कई बार पुलिस द्वारा हिदायत देने के बावजूद इनकी कार्यशैली में परिवर्तन नही आया तो यह कार्यवाही की गयी।

# सब्जी बाजार के पास से दो बाइक चोरी, केस

**बस्ती** । सब्जी बाजार के पास खड़ी दो बाइको पर चोरो की नजर गड़ गयी और मौके का फायदा उठाते हुए उसे चोरी कर फरार हो गये। मामले में वाहन स्वामी की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के सोनूपार स्थित सब्जी बाजार के पास मोतीराम अपनी बाइक संख्या यूपी 51 एआर 7589 तथा नन्दलाल  पुत्र बृजलाल निवासी चन्दी थाना नगर अपनी बाइक संख्या यूपी 51 एवी 2362 को खड़ी कर सब्जी की खरीद करने चले गये। इस दौरान अज्ञात चोरो ने दोनो की बाइक  को चोरी कर फरार हो गये। काफी खोजबीन के बाद भी जब कुछ पता नही चला तो वाहन स्वामी मोतीराम पुत्र महाबली निवासी भुवंर निरंजनपुर थाना कोतवाली की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोर के विरुद्ध धारा 379 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# मारपीट में टूटी महिला की अंगुली, केस

**बस्ती** । नगर थानाक्षेत्र के ककराई गांव की रहने वाली गुलाबपति घर के पास ही गोबर का उपला बना रही थी। इसी बीच पुराने विवाद को लेकर राम प्रकाश व राम सुन्दर आये और उसे गालियां देते हुए लाठी डण्डे से मारापीटा। मारपीट में गुलाबपति की अंगुली टूट गयी। मामले में गुलाबपति के पति अगर्दी पुत्र विषई निवासी ककराई थाना नगर की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी रामप्रकाश पुत्र मोती व रामसुन्दर पुत्र रामबहाल निवासीगण ककराई थाना नगर के विरुद्ध धारा 323, 504, 506, 325 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# पशु तस्करी के मामले में चार नामजद

**बस्ती ।** पुलिस ने बध के लिए ले जा रहे पशुओं को बरामद करते हुए चार नामजद व कुछ अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। कार्यवाही मुण्डेरवा थाने की पुलिस ने की है। मुण्डेरवा थानाक्षेत्र के खजौला चौकी के पास पुलिस द्वारा लगाये गये वाहन चेकिंग के दौरान एक ट्रक से 20 जिन्दा तथा एक मृत पशु को बरामद किया। जो बध के लिए गोपालगंज बिहार जा रहे थे। इस दौरान पुलिस ने मौके पर एक व्यक्ति जिसकी पहचान मेहदी हसन पुत्र अब्दुल रहमान निवासी अजीतपुर थाना सिविल लाईन जनपद रामपुर के रूप में हुई है उसे गिरफ्तार किया है। जिसकी निशानदेही पर मुण्डेरवा पुलिस ने तुफैल पुत्र इस्तियाक निवासी साफियाबाद थाना दुधारा जनपद संतकबीर नगर, दानिस पुत्र असरफ निवासी मकान नंबर 36 वार्ड 24 काशीपुर स्वार जनपद रामपुर, इकबाल निवासी काशीपुर थाना गंज जनपद रामपुर, तथा कुछ अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 3/5क/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनीयम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।

# सात लाख हड़पने का आरोप, केस

बस्ती। कप्तानगंज थाने में तहरीर देकर केवला देवी निवासी देईपार थाना सोनहा हालमुकाम नकटीदेई ने आरोप लगाया है कि जमीन को बैनामा करने के नाम पर उनसे विपक्षियों ने कुल सात लाख रुपया ले लिया। इसके बाद बैनामा नहीं किया। पुलिस ने पिन्टू उपाध्याय, दिलीप, गीता देवी, शिवकुमारी व हरीराम निवासी रमवापुर थाना कप्तानगंज के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# गैंगस्टर में फरार वांछित पर मुकदमा

बस्ती। कप्तानगंज थाने में एक फरार गैंगस्टर के आरोपी के खिलाफ थानाध्यक्ष नगर जर्नादिन प्रसाद ने केस दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष ने तहरीर में बताया है कि कप्तानगंज थाने में संतकबीरनगर के बखिरा थानांतर्गत नेतारी कला निवासी सराफत अली के खिलाफ गैंगस्टर का केस कायम किया गया था। कोर्ट के आदेश के बाद भी आरोपी सराफत अली फरार चल रहा है। पुलिस ने केस दर्ज किया है।

# पब्लिक एप्रूवल रेटिंग में बस्ती जनपद अव्वल

## आईजीआरएस

- सिद्धार्थनगर दूसरे और संतकबीरनगर तीसरे स्थान पर आया
- रेटिंग सिस्टम के तहत छह बिंदुओं पर ली जाती है जनता की राय

बस्ती, निज संवाददाता। पब्लिक एप्रूवल रेटिंग में परिक्षेत्र में बस्ती जनपद को फरवरी माह में पहला स्थान मिला है। वहीं सिद्धार्थनगर दूसरे स्थान पर और संतकबीरनगर तीसरे स्थान पर रहा। एडीजी जोन गोरखपुर स्तर से बनी व्यवस्था के तहत रेटिंग सिस्टम के तहत छह बिंदुओं पर जनता की राय ली जाती है। आईजीआरएस पर की गई शिकायतों के निस्तारण की स्थिति, ट्विटर पोल, डायरेक्ट पोल, एफआईआर का फीड बैक, पीआरवी का रिस्पांस टाइम, पासपोर्ट एवं चरित्र सत्यापन को लेकर जनता की राय ली जाती है।

पुलिस कार्यालय के जारी सूचना के अनुसार आईजीआरएस परशिकायतों के निस्तारण में बस्ती को 47.8, ट्विवटर पोल में 99, डायरेक्ट पोल में 99.9, एफआइआर में 97.1, पीआरवी रिस्पांस के लिए 84.2 और पासपोर्ट व चरित्र सत्यापन के मामले में 94.8 % मत मिले हैं। इस पर प्रकार कुल 600 अंकों में बस्ती को 522.8 अंक यानी 87.13 % मत प्राप्त हुए। दूसरे स्थान पर रहे सिद्धार्थनगर जनद को कुल 600 अंकों में उसे 492.7 अंक यानी 82.12 % मत प्राप्त हुआ। संतकबीरनगर को सबसे अधिक चरित्र सत्यापन के मामले में 97.7 % मत मिले हैं। कुल 600 अंकों में 485.8 अंक यानी 80.92% के साथ संतकबीरनगर तीसरे स्थान पर रहा।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस कल

बस्ती। जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील बस्ती सदर में शनिवार को प्रातः दस बजे से आयोजित होगा। यह जानकारी एसडीएम सदर शैलेष दुबे ने दी है। इसी प्रकार हर्रैया, रुधौली व भानपुर तहसील में भी समाधान दिवस का आयोजन कर लोगों की समस्याओं का निस्तारण किया जायेगा।

# लावारिस शिशु को मिले गोद लेने वाले माता-पिता

बस्ती, निज संवाददाता। शहर से सटे एक गांव में लावारिस नवजात को कानूनन माता-पिता मिल गए। गोद लेने की कानूनन प्रक्रिया पूरा करने वाले दंपति को सीडब्लूसी ने गुरुवार को शिशु सौंप दिया। न्याय पीठ बाल कल्याण समिति के कार्यालय में अध्यक्ष प्रेरक मिश्रा और उनकी टीम ने विधिक प्रक्रिया पूरी की। शिशु पाने की इच्छा पूरी होने पर दंपति के आंखों में खुशी के आंसू छलक गए।

जनपद मुख्यालय के पास स्थित एक गांव में कुछ माह पूर्व एक लावारिस नवजात विद्यालय के पास फेंका मिला था। शिशु को चाइल्ड लाइन व मुकामी पुलिस ने सीडब्लूसी के समक्ष प्रस्तुत किया था। शिशु की हालत को देखते हुए सीडब्लूसी के आदेश पर चाइल्ड लाइन ने महिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उसके स्वस्थ होने के बाद न्याय पीठ बाल कल्याण समिति ने उसे शिशु गृह में भेज दिया था। इसके साथ ही उसके जैविक माता-पिता की खोज के लिए भी आदेश जारी किया।

काफी खोजबीन के बाद जैविक माता-पिता के न मिलने पर न्याय पीठ के अध्यक्ष प्रेरक मिश्रा, सदस्य अजय श्रीवास्तव, डॉ. संतोष श्रीवास्तव, मंजू त्रिपाठी ने शिशु को गोद लेने के लिए स्वतंत्र घोषित कर दिया। केंद्र सरकार की एजेंसी कारा के तहत सम्पूर्ण प्रक्रिया पूरी करने के बाद गुरुवार को कानूनी अभिभावक शिशु गृह के अधिकारियों के साथ न्याय पीठ के दफ्तर पहुंचे। शिशु को गोद देने की औपचारिकता पूर्ण करते हुए न्याय पीठ ने दंपति को सौंप दिया।

# पतंजलि योगपीठ के नाम पर फ्रॉड

**जालसाजी**

- ऑनलाइन सर्च करने के दौरान इलाज के चक्कर में फंस गए
- कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शुरू की छानबीन

**बस्ती, निज संवाददाता।** पतंजलि योग पीठ हरिद्वार में इलाज कराने के नाम पर एक व्यक्ति से गोलमाल का मामला सामने आया है। ऑनलाइन सर्च के दौरान फर्जी साइट पर पहुंचकर जालसाज के चक्कर में फंस गए। 17 मार्च से 26 मार्च 2023 तक दस दिन के लिए बुंकिग के नाम पर 28 हजार रुपये का भुगतान भी कर दिया। जब जाने का समय करीब आया तो पतंजलि की अधिकृत वेबसाइट पर गए।

यहां संपर्क करने पर पता चला कि पतंजलि योग पीठ हरिद्वार में न तो उनकी कोई बुकिंग हुई है और न ही पैसा खाते में जमा किया गया है। ऑनलाइन फ्राड की जानकारी होने के बाद पीड़ित ने तहरीर कोतवाली में दी। कोतवाल शशांक शेखर राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा कायम कर छानबीन शुरू कर दी गई है। शहर के पशुपतिपुरम सिविल लाइन निवासी ओमकार पांडेय ने तहरीर देकर बताया है कि वह अपना व अपनी पत्नी के इलाज के लिए पतंजलि योग पीठ हरिद्वार जाना चाहते थे। इसके लिए आठ नवंबर 2022 को ऑनलाइन सर्च के दौरान पतंजिल योग पीठ हरिद्वार की फर्जी वेबसाइट पर पहुंच गए। इसे असली मानकर 17 मार्च 2023 से 26 मार्च 2023 के लिए दस दिन की बुकिंग करना शुरू कर दिया। बुकिंग प्रक्रिया यहां दर्ज दो व्हाट्सअप नंबर से पूरी करने के बाद बताए गए खाते में 28 हजार ट्रांसफर कर दिया। हरिद्वार जाने की तारीख करीब आने पर बुकिंग का स्टेटस जानने के लिए उन्होंने पतंजलि योग पीठ हरिद्वार की अधिकृत वेबसाइट पर जाकर संपर्क साधा। यहां पूछताछ में पता चला कि उनके नाम से न तो कोई बुकिंग कराई गई है और न ही कोई धनराशि योग पीठ खाते में जमा की गई। इसके बाद दोनों व्हाट्सअप नं. पर संपर्क करना चाहा तो दोनों बंद मिले। जालसाजी का आभास होने के बाद उन्होंने प्रकरण की शिकायत कोतवाली में की।

पुलिस ने दोनों व्हाट्सअप नंबर के धारक के खिलाफ आईपीसी 420 व 66डी आईटी एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

# फर्जीवाड़ा कर हासिल की शिक्षक की नौकरी, एफआईआर

**कलंक के खिलाफ**

> फर्जी अभिलेखों के आधार पर नियुक्ति प्राप्त करने के आरोप में कम्पोजिट विद्यालय मंसूरनगर गौर के प्रधानाध्यापक राजेश कुमार पांडेय को बर्खास्त करने के बाद गौर थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। भुगतान की गई धनराशि की रिकवरी भी नियमानुसार कराई जाएगी।
>
> – डॉ. इन्द्रजीत प्रजापति, बीएसए बस्ती

**बस्ती, निज संवाददाता।** 18 साल से बलिया के एक व्यक्ति के शैक्षिक अभिलेख पर बेसिक शिक्षा विभाग में सहायक अध्यापक बन नौकरी करने वाले नटरवरलाल के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा कायम कर लिया है। बीएसए डॉ. इन्द्रजीत प्रजापति ने गौर ब्लॉक के कम्पोजिट विद्यालय मंसूरनगर में कार्यरत प्रधानाध्यापक राजेश कुमार पांडेय की नियुक्ति फर्जी पाए जाने पर बर्खास्तगी की कार्रवाई का मुकदमा दर्ज कराने का आदेश दिया। बीईओ गौर ओंकारनाथ वर्मा की तहरीर पर गौर पुलिस ने आरोपी राजेश कुमार पांडेय निवासी कलवारी जिला बस्ती के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

बीएसए कार्यालय के अनुसार 2005 में राजेश कुमार पांडेय का चयन सहायक अध्यापक के रूप में कम्पोजिट विद्यालय मंसूरनगर में हुआ था। प्रोन्नति पाने के बाद यहीं पर प्रधानाध्यापक बन गए। अगस्त 2022 में फर्जी अभिलेख के आधार पर नौकरी हथियाने की शिकायत हुई। इसके आधार पर बीएसए ने जांच शुरू कराई। प्रधानाध्यापक स्तर से हाईस्कूल, इंटर, स्नातक व बीएड के प्रमाण पत्र के साथ निवास प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया। हाईस्कूल व इंटर के प्रमाण पत्र जांच के लिए राम सिंहासन किसान इंटर कॉलेज दुबहर बलिया भेजे गए।

इंटर कॉलेज से सत्यापन आख्या में बताया गया कि राजेश कुमार पांडेय छपरा पोस्ट भरसर जिला बलिया के स्थायी निवासी है। सत्यापन पत्र में संलग्न हाईस्कूल व इंटर के अंकपत्र पर प्रधानाचार्य का हस्तारक्षर फर्जी है। बीएड का अंकपत्र भी बलिया के कॉलेज से जारी नहीं किया गया था। राजेश कुमार पांडेय ने अपना पता कलवारी तप्पा कलवारी जनपद बस्ती दर्ज किया था। पुलिस वेरीफिकेशनअ में पता चला कि इस गांव में राजेश कुमार पांडेय नाम का कोई व्यक्ति रहता ही नहीं है। इससे यह स्पष्ट हो गया कि राजेश कुमार पांडेय पुत्र शिव बचन ने फर्जी व कूटरचित अभिलेखों के आधार पर विभाग को गुमराह कर नियुक्ति हासिल की है। बीएसए ने मुकदमा दर्ज कराने का आदेश दिया था।

# कंडा बनाते समय हुई मारपीट में मुकदमा

**गोटवा, बस्ती :** नगर पुलिस ने मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। इसी थाने के ककराई निवासी अगर्दी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उनकी पत्नी गुलाबपति को गोबर का कंडा बनाते समय अपशब्द कहा और विरोध करने पर मारापीटा। इससे उसकी अंगुली टूट गई। विपक्षियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गांव के रामप्रकाश और रामसुंदर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। (जासं)

# फर्जी मिले प्रमाणपत्र, मुकदमा

## गौर थाने में खंड शिक्षाधिकारी ने धोखाधड़ी का दर्ज कराया केस

**जागरण संवाददाता, बस्ती** : कूटरचित अभिलेखों के आधार पर 18 वर्ष से बेसिक शिक्षा विभाग में अध्यापक की नौकरी करने वाले एक व्यक्ति के विरुद्ध कलवारी पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

जिला बेसिक शिक्षाधिकारी डा.इंद्रजीत प्रजापति ने कंपोजिट विद्यालय मंसूरनगर विकासखंड गौर में कार्यरत प्रधानाध्यापक राजेश कुमार पांडेय की नियुक्ति फर्जी पाए जाने पर बर्खास्तगी की कार्रवाई करने के बाद खंड शिक्षाधिकारी गौर ओंकारनाथ वर्मा को मामले में मुकदमा दर्ज कराने का निर्देश दिया था। खंड शिक्षाधिकारी ने बुधवार को गौर पुलिस को तहरीर देकर पर

**आरोपित पर पहले हो चुकी है सेवा समाप्ति की कार्रवाई, सत्यापन में हाईस्कूल और इंटर के अंकपत्र पर हस्ताक्षर फर्जी पाए गए**

आरोपित राजेश कुमार पांडेय निवासी कलवारी जनपद बस्ती के विरुद्ध धोखाधड़ी, कूटरचना व अभिलेखों में हेरफेर की धारा में मुकदमा दर्ज किया है।

बीएसए कार्यालय के अनुसार 2005 में राजेश कुमार पांडेय का चयन सहायक अध्यापक के रूप में कंपोजिट विद्यालय मंसूरनगर विकासखंड गौर में हुआ था। प्रोन्नति पाने के बाद वह यहीं पर प्रधानाध्यापक बन गए। अगस्त 2022 में फर्जी अभिलेख के आधार पर नौकरी हथियाने की शिकायत हुई। इसके आधार पर बीएसए ने जांच शुरू कराई। सत्यापन में हाईस्कूल व इंटर के अंकपत्र पर प्रधानाचार्य के हस्ताक्षर फर्जी पाए गए। बीएड का अंकपत्र भी संबंधित कालेज से जारी नहीं होने की बात सामने आई। इस आधार पर बीएसए ने आरोपित की सेवा समाप्त कर दी थी। इसके बाद खंड शिक्षाधिकारी को आरोपित के विरुद्ध संबंधित थाने में मुकदमा दर्ज कराने को कहा था। प्रभारी निरीक्षक ब्रजेंद्र कुमार पटेल ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना निरीक्षक रमेश कुमार यादव को सौंपी गई है।

# बर्खास्त शिक्षक पर केस दर्ज

## अगस्त 2022 में फर्जी अभिलेख से नौकरी लेने की हुई थी शिकायत

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**बस्ती।** फर्जी शैक्षिक प्रमाणपत्र के आधार पर बेसिक शिक्षा विभाग में सहायक अध्यापक की नौकरी हासिल करने वाले जालसाज के खिलाफ बृहस्पतिवार को एफआईआर दर्ज की गई है।

जांच में जालसाजी सामने आने के बाद बीएसए डॉ. इंद्रजीत प्रजापति ने गौर विकास खंड के मंसूरनगर कंपोजिट विद्यालय में कार्यरत प्रधानाध्यापक राजेश कुमार पांडेय को पहले ही बर्खास्त कर दिया था।

**गौर ब्लॉक के मंसूरनगर कंपोजिट विद्यालय पर तैनात था राजेश बीएसए पहले कर चुके हैं कार्रवाई**

बीएसए के निर्देश पर बीईओ गौर ओंकारनाथ वर्मा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी राजेश कुमार पांडेय के खिलाफ अभियोग दर्ज कर लिया है। बीएसए कार्यालय के अनुसार वर्ष 2005 में राजेश कुमार पांडेय का चयन सहायक अध्यापक के रूप में कंपोजिट विद्यालय मंसूरनगर विकासखंड गौर में हुआ था। प्रोन्नति पाने के बाद वहीं पर प्रधानाध्यापक बन गए।

अगस्त 2022 में फर्जी अभिलेख के आधार पर नौकरी हथियाने की शिकायत हुई। इस शिकायत कर बीएसए ने जांच शुरू कराई। सत्यापन में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के अंकपत्र पर प्रधानाचार्य का हस्ताक्षर फर्जी मिला, जबकि बीएड का अंकपत्र भी बलिया के जिस कॉलेज का लगाया गया था, वहां से जारी नहीं होने की बात सामने आई।

इस आधार पर बीएसए ने राजेश कुमार पांडेय की सेवा समाप्त कर दी थी।

# नकबजनी के पांच आरोपियों पर लगा गैंगस्टर

कलवारी। कलवारी पुलिस ने नकबजनी और चोरी का संगठित अपराध करने के आरोप में पांच आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की है।

थानाध्यक्ष आलोक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि इसी थाना क्षेत्र के गाना निवासी दीपू सोनकर, गोलू सोनकर, सोनू, अनिल और रविंद्र उर्फ झिन्ने पर गैंगस्टर लगाया गया है। आरोप है कि यह लोग गिरोह बनाकर आर्थिक व भौतिक लाभ के लिए नकबजनी और चोरी का अपराध करते हैं। संवाद

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 17-03-2023

# बाइक व पिकअप की भिडंत में एक की मौत

**लोटन(एसएनबी)।** थाना मोहाना अंतर्गत स्थित सिकरी कस्बे में मदिरा दुकान के निकट बृहस्पतिवार की शाम चार बजे के लगभग मोटरसाइकिल एंव पिकप की भिडंत में मोटर साइकिल सवार की मौत हो गई।जिससे पूरे कस्बे में लोगों ने गहरा दुख व्यक्त किया। जानकारी के अनुसार मृतक रमेश सिंह उम्र लगभग पचपन वर्ष जो गोरखपुर जनपद के किसी गांव के निवासी हैं।इसके साथ ही अपनी पत्नी मीरा सिंह एंव अपने बच्चों के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सिकरी में रहते थे।चूंकि मीरा सिंह एनएम के पद पर दशकों से उक्त अस्पताल पर कार्यरत हैं।ऐसे में पूरा परिवार अस्पताल में बने भवन में ही रहता था।बताया जा रहा है कि मृतक रमेश सिंह किसी कार्य से सिकरी स्थित मदिरा की दुकान की ओर से अपने मोटरसाइकिल से कस्बे की ओर आ रहे थे।इसी दौरान लोटन की ओर से तेज गति से आ रही एक पिकप की आपस में भिडंत हो गई।मौके को भांपते हुए पिकप चालक गाडी लेकर सिकरी कस्बे से फरार हो गया।

# दो वारंटी गिरफ्तार

**बांसी (एसएनबी)।** वर्ष 2022 में हुए मारपीट के एक मामले में दर्ज हुए मुकदमे में न्यायालय के वांछित दो वारंटियों को गिरफ्तार कर शिवनगर पुलिस ने न्यायालय भेज दिया। शिवनगर पुलिस द्वारा जारी की गई प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार क्षेत्र के टिकरी पकडिया गाँव के उमाकांत पुत्र राजबहादुर तथा विष्णु प्रताप मिश्रा पुत्र पुरुषोत्तम मिश्रा के खिलाफ न्यायालय ने गैर जमानती वारंट जारी किया था। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में एसआई विश्व मोहन राय के नेतृत्व में शिवनगर पुलिस टीम ने दोनों वारंटियों को गिरफ्तार कर बृहस्पतिवार को न्यायालय भेज दिया। पुलिस टीम में कां0 जितेंद्र राजभर कां 0 सुशील कुमार तथा का0 अवनीश कुमार भी शामिल रहे। इस बावत थानाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि गिरफ्तार किये गए वारंटियों को न्यायालय भेज दिया गया।

# पुलिस ने बालू भरी ट्रैक्टर ट्रालियों को किया सीज

**गोल्हौरा (एसएनबी)।** गोल्हौरा थाना पुलिस ने बालू भरी दो ट्रैक्टर ट्राली को सीज कर दिया है। बताते हैं कि ट्राली में राप्ती नदी से अवैध खनन कर बालू कहीं ले जाया जा रहा था। पुलिस के अनुसार बैंक व वाहन चेकिंग के दौरान एसआई सुभाष चन्द्र, हेड कांस्टेबल अशोक व रामू चौहान, कांस्टेबल



मनोज चौहान ने महुआ पाठक तिराहे पर बालू भरी उक्त वाहनों को रोककर कागजात दिखाने को कहा। कागजात न होने की दशा में पुलिस टीम वाहनों को थाने पर लाकर धारा 207 एमबी एक्ट में सीज कर दिया, और अवैध बालू के मामले में उपजिलाधिकारी इटवा को सूचित कर दिया है। उक्त बावत प्रभारी निरीक्षक बलजीत राव ने कहा कि दोनों सीज वाहन राजकुमार व अवधेश पाठक का है, जो महुआ पाठक के निवासी हैं।

# एसएसबी को सीमा पर मिली बालिका

सिद्धार्थनगर। 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की सीमा चौकी पकड़िहवा के जवानों को सीमा पर रोती हुई एक बालिका मिली। वह अपना पता नहीं बता सकी। उसे चाइल्ड लाइन को सौंप दिया गया है।

एसएसबी जवानों को गश्त के दौरान एक आठ साल की लड़की रोती हुई दिखाई दी। पूछताछ में उसने अपना नाम पूजा पिता का नाम धर्मेंद्र बताया पर वह कहां की रहने वाली है नहीं बता सकी। उप कमांडेंट एसएसबी यशवंत कुमार ने बताया कि बरामद बच्ची को चाइल्ड लाइन को सौंप दिया गया है।

## एक नजर में

### मारने पीटने पर चार के विरुद्ध मुकदमा

शोहरतगढ़ : चिल्हिया थाना क्षेत्र के सूर्यकुड़िया टोला हथियागढ़ में बच्चों के विवाद को लेकर महिला को मारने-पीटने के मामले में पुलिस ने चार आरोपितों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया है। आरोपितों का नाम गांव निवासी पंचम, लाले, विजय व सुनीता है। पीड़ित चंद्रावती ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बच्चों के विवाद को लेकर मेरे ही गांव के आरोपितों ने मुझे मारनेलगे, जिससे मुझे चोट आई है। मेरी ननद मीरा व उसकी लड़की शीला को भी मारापीटा गया है। (जासं)

# भारत-साउथ कोरिया से आये बौद्ध तीर्थ यात्रियों का स्वागत

**भारत-साउथ कोरिया के सम्बंध को मजबूत करने की पहल**

साउथ कोरिया से आये 114 बौद्ध भिक्षुओं ने बृहस्पतिवार को बढ़नी विकास खण्ड के सूर्या महाविद्यालय परसा स्टेशन में विश्राम किया। बौद्ध भिक्षु 9 फरवरी से पद यात्रा पर है जो 23 मार्च तक चलेगा ये पद यात्रा विश्व शांति के लिए बौद्ध तीर्थ स्थलों का पैदल भ्रमण कर रहे है।

इन बौद्ध भिक्षुओं ने 9 फरवरी से सारनाथ से पद यात्रा शुरू किया। राजगीर, कुशीनगर होते हुए सोनौली के रास्ते मंगलवार को लुम्बिनी पहुंचे। लुम्बिनी से बुधवार की भोर में पैदल ही चलते हुए ककरहवा के रास्ते भारत मे प्रवेश किया जंहा पर यात्रियों की सुविधा के लिए भारत द्वारा मोबाइल इमिग्रेशन की व्यवस्था कर दी गई थी। जिससे इन बौद्ध भिक्षुओं की यात्रा सुगम हुई। ककरहवा से बौद्ध भिक्षुओं ने पैदल यात्रा करके बृहस्पतिवार को बढ़नी विकास खण्ड के सूर्या महाविद्यालय परसा स्टेशन में जलपान करने के बाद यात्री टीम नाश्ता कर आराम किया, तथा शाम को विद्यालय प्रांगण मे पूजा अर्चना शुरू किया। पूजा करते हुए साउथ कोरिया के यात्रियों ने बताया कि भारत साउथ कोरिया के सम्बंध और भी गहरा हो यही कामना करते हुए पद यात्रा कर रहे है। साउथ कोरिया से भगवान बुद्ध की प्रतिमा साथ साथ लेकर पूजा करते हुए चल रहे है। विश्व के स्वास्थ्य एवं समृद्धि के लिए कामना कर रहे है। सिद्धार्थ नगर में आये साउथ कोरिया के बौद्ध तीर्थ यात्रियों ने सूर्या महाविद्यालय परसा स्टेशन में भगवान बुद्ध का पूजा अर्चना किया तथा भगवान बुद्ध का जो कोरियन भाषा मे इतिहास लिखा गया है उसका भी उल्लेख किया और 108 बार भगवान बुद्ध का दंडवत प्रणाम किया तथा भारत एवं साउथ कोरिया के सम्बंध को बेहतर बनाने एव विश्व शांति के लिए प्रार्थना किया। यात्रियों को बेहतर सुविधा देने के लिए कोरियाई यात्रियों ने खण्ड विकास अधिकारी बढ़नी संजय कुमार व विकास खण्ड की पूरी टीम के साथ तहसील प्रशासन व सुरक्षा कर्मियों का आभार प्रकट किया। अन्त में उपजिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी, क्षेत्राधिकारी व सांसद पुत्र अभिषेक पाल को स्मृति चि एव माला देकर सम्मानित किया गया। बौद्ध तीर्थ यात्रियों में कुल 114 पर्यटक यात्री सामिल है। उक्त अवसर पर उप जिला अधिकारी प्रदीप कुमार यादव, क्षेत्राधिकारी जय राम, खंड विकास अधिकारी बढ़नी संजय कुमार, क्षेत्रीय सांसद पुत्र अभिषेक पाल, नन्दिश्वर मणि त्रिपाठी, सूर्य प्रकाश पांडे, प्रधान दिनेश यादव,प्रधान राधेश्याम शर्मा, प्रधान विक्की सिंह संतोष पासवान प्रधान प्रतिनिधि वीरेंद्र कुमार रामू मिश्रा,लालजी, प्रधानाचार्य संदीप कुमार मिश्रा सहित समस्त स्वास्थ्य व नगर पंचायत शोहरतगढ़, विकास विभाग, सुरक्षा कर्मी और समस्त सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे।





# SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 17-03-2023

# साइन बोर्ड तोड़ने के आरोप में दो के खिलाफ केस

**बखिरा (एसएनबी)**। सांथा ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत अठलोहिया के ग्राम प्रधान ने गांव में मनरेगा योजना के तहत लगाए गए साइन बोर्ड को गांव के दो लोगों द्वारा तोड़ने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दो नामजद के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाने में दिए गए तहरीर में अठलोहिया ग्राम प्रधान रणवीर पाण्डेय पुत्र इंद्रपाल ने उल्लेख किया है कि वह ग्राम पंचायत अठलोहिया के वर्तमान ग्राम प्रधान है। मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत अठलोहिया मे कराए गये विभिन्न परियोजनाओं पर मनरेगा साइन बोर्ड लगाया गया था। बीते 28 फरवरी एवं एक मार्च की रात्रि में पांच बोर्ड तोड़ दिया गया था। इसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा मुझे दो मार्च की सुबह दी गयी। ग्राम प्रधान ने गांव के ही निवासी दुर्गा प्रसाद विश्वकर्मा पुत्र राममिलन विश्वकर्मा एवं रामअजोर पासवान पुत्र भेट्टुल पासवान द्वारा रात मे तोड़ने का आरोप लगाया है। कुछ अन्य लोगों द्वारा यह भी पता चला कि यह लोग गांव के बाहर पुल पर बैठकर बात कर रहे थे कि कोई भी बोर्ड अब ग्राम पंचायत में वर्तमान ग्राम प्रधान के नाम का नही रहने दिया जाएगा। उन्होंने कहा है कि जब वह आरोपियों के घर जाकर जानकारी लेना चाहे तो आरोपियों ने उन्हे अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी दी। थानाध्यक्ष श्याम मोहन ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# गैंगस्टर के आरोपी को कारावास व अर्थदण्ड

**संतकबीरनगर (एसएनबी)**। अपर सत्र न्यायाधीश (एफटीसी-2) ने गैंगेस्टर एक्ट के आरोपी को 02 वर्ष के कठोर कारावास व पांच हजार ₹ के अर्थदण्ड से दण्डित करने का आदेश दिया है। उन्होंने अर्थदण्ड न अदा करने पर आरोपी को 01 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनायी है। पुलिस विभाग की मानीटरिंग सेल की सशक्त व प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप अपर सत्र न्यायाधीश (एफटीसी-2) के द्वारा थाना कोतवाली खलीलाबाद पर पंजीकृत मु.अ.सं. 137/2018 धारा 3(1) उ.प्र. गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप अधिनियम 1986 के मामले में दोषसिद्ध अभियुक्त मेहताब आलम पुत्र नवाब अली निवासी मोतीनगर थाना कोतवाली खलीलाबाद को अन्तर्गत धारा 3(1) उ.प्र. गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप अधिनियम 1986 के अपराध में 02 वर्ष के कठोर कारावास व पांच हजार ₹ के अर्थदण्ड से दण्डित करने का आदेश दिया है। अर्थदण्ड न अदा करने पर अभियुक्त को 01 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। विदित हो कि दिनांक 05.02.2018 को वादी मुकदमा वीरेन्द्र बहादुर सिंह तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद द्वारा अभियुक्त के संगठित गिरोह होने व गैंग बनाकर संगठित होकर अपने आर्थिक भौतिक एवं दुनियाबी लाभ के लिए अपराध कारित करने जिससे कि समाज में एवं आम जनमानस में काफी भय और आतंक का माहौल रहने आदि के संबंध में अभियोग पंजीकृत कराया गया था जिसकी विवेचना तत्कालीन थाना प्रभारी दुधारा करुणाकर पाण्डेय द्वारा संपादित की गयी थी।

# मोबाइल पर अश्लील आडियो वीडियो भेजने के आरोप में केस

धनघटा (एसएनबी)। महुली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने लिखित प्रार्थनापत्र देकर मोबाइल पर अश्लील आडियो और वीडीओ भेजने का आरोप लगाते हुए एक नामजद समेत अज्ञात के विरूद्ध गुरूवार को महुली थाने पर मुकदमा दर्ज कराया है।

पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि गांव निवासी रूस्तम पुत्र राहत हुसेन के माध्यम से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा अलग-अलग मोबाइल नम्बर से उसके घर के मोबाइल पर आए दिन फोन आता है। फोन करने वाले व्यक्ति द्वारा अश्लील शब्दों का प्रयोग लगातार किया जाता है साथ ही उसकी बेटी के बारे में बुरे शब्दों का प्रयोग कर फोन करने वाला व्यक्ति गाली भी बकता है। इतना ही नहीं आए दिन अलग-अलग नम्बरों से उसके मोबाइल पर अश्लील वीडियो और आडियो भी भेजा जाता है। प्रार्थनापत्र में पीड़ित महिला ने जिस मोबाइल नम्बर से उसकी मोबाइल पर आडियो और वीडियो आता है वह मोबाइल नम्बर भी लिखित तौर पर बताया है। पीड़िता ने लगातार हो रहे इस कृत्य से खुद के साथ-साथ अपनी बेटियों के भयभीत होने की दुहाई देते हुए मुकदमा दर्ज कर ऐसा कृत्य करने वाले व्यक्ति के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर उसे चिन्हित कर उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग पुलिस से की है। पुलिस ने पीड़िता के प्रार्थनापत्र के आधार पर आरोपी रूस्तम समेत प्रार्थनापत्र में दिए गए मोबाइल नम्बरों के धारक नाम-पता अज्ञात के विरूद्ध आईपीसी की धारा 504, 507 तथा 67 आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# युवक को अस्पताल पहुंचा बचाई जान

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर जहर खाए युवक को अस्पताल पहुंचवाकर उसकी जान बचाया। पीआरवी 1489 को थाना महुली क्षेत्र के कोदवट गांव से एक व्यक्ति के जहर खाकर आत्महत्या करने के प्रयास की सूचना मिली। कर्मियों ने स्थानीय लोगों के सहयोग से जहर खाए हुए व्यक्ति को पीआरवी से इलाज के लिए सीएचसी नाथनगर पहुंचाया।

# पब्लिक एप्रूवल रेटिंग में बस्ती अव्वल

बस्ती। पब्लिक एप्रूवल रेटिंग में परिक्षेत्र में बस्ती जनपद को फरवरी माह में पहला स्थान मिला है। वहीं सिद्धार्थनगर दूसरे स्थान पर और संतकबीरनगर तीसरे स्थान पर रहा।

एडीजी जोन गोरखपुर स्तर से बनी व्यवस्था के तहत रेटिंग सिस्टम के तहत छह बिंदुओं पर जनता की राय ली जाती है। पुलिस कार्यालय के जारी सूचना के अनुसार संतकबीरनगर को सबसे अधिक चरित्र सत्यापन के मामले में 97.7 प्रतिशत मत मिले हैं। कुल 600 अंकों में 485.8 अंक यानी 80.92 प्रतिशत के साथ संतकबीरनगर तीसरे स्थान पर रहा।

# शराब के साथ एक आरोपित को पकड़ा

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने शराब के साथ एक आरोपित को पकड़कर उसके विरुद्ध विधिक कार्रवाई किया। थाना दुधारा पुलिस ने 16 शीशी बंटी बब्ली अवैध शराब के साथ विजय राय निवासी बेलहरकला को गिरफ्तार किया। थाना दुधारा पर कार्रवाई करने के बाद संबंधित न्यायालय रवाना कर दिया।

# दहेज हत्या का वांछित गिरफ्तार

संतकबीरनगर। खलीलाबाद कोतवाली पुलिस ने दहेज हत्या के वांछित को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध विधिक कार्रवाई की। प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद सर्वेश कुमार राय की अगुवाई पुलिस टीम ने वांछित आरोपित अभियुक्त सूरज पुत्र बनवारी निवासी लेडुआ को गिरफ्तार किया। कानूनी कार्रवाई पूरी कर संबंधित न्यायालय से जेल रवाना कर दिया।

# छेड़छाड़ व मारपीट के वांछित को दबोचा

संतकबीरनगर। बालिका से छेड़छाड़ व मारपीट के मामले में वांछित चल रहे आरोपित अभियुक्त को दबोचकर विधिक कार्रवाई की। 9 मार्च को वादी ने मुकदमा दर्ज कराया था। अभियुक्त छोटू पुत्र देवराज निवासी कड़जवनिया ने नाबालिग के साथ छेड़छाड़ व मारपीट की घटना को अंजाम दिया था।

# 86 वाहनों के चालकों से वसूला जुर्माना

संतकबीरनगर। जनपद पुलिस ने वाहन जांच के दौरान 86 वाहन के चालक पर नियमानुसार कार्रवाई कर उनसे जुर्माना वसूल किया। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में स्थानीय पुलिस टीम ने बैंक, वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की धर पकड़ के लिए सघन जांच अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान समस्त एसओ एवं प्रभारी यातायात संयुक्त पुलिस टीम ने मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्रवाई की।

# युवती से छेड़खानी मुकदमा दर्ज

बखिरा। थाना क्षेत्र के तिघरा में होली के दिन एक युवती पर गांव के कुछ लोगो ने मिट्टी, कीचड़ व गोबर डाल दिया। विरोध करने पर आरोपीगण अश्लील हरकत करने लगे। युवती की मां व बहन को भी मारा पीटा। थाने पर कार्रवाई न होने पर एसपी के निर्देश पर घटना के एक सप्ताह बाद पुलिस ने दो महिलाओं समेत कुल छह लोगों के खिलाफ अपशब्द कहने, जान से मारने व नुकसान करने के मामले में मुकदमा दर्ज किया।

युवती का आरोप है कि 8 मार्च को होली के दिन दोपहर दो बजे गांव निवासी एक व्यक्ति व उसके तीन बेटे एक राय होकर उसके घर पर चढ़ आए व उसके ऊपर गोबर, मिट्टी व कीचड़ डाल दिया। विरोध करने उसकी मां को अपशब्द कहते हुए मारने-पीटने लगे। बीच बचाव के लिए आई उसकी बहन व उससे आरोपीगण अश्लील हरकत करते हुए घसीटते हुए मारा-पीटा।

# विभिन्न मामले में नौ पर कसा कानूनी शिकंजा

**संतकबीरनगर।** जनपद पुलिस टीम ने अलग-अलग स्थानों से विभिन्न मामले में नौ आरोपितों को दबोचकर उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए कानूनी शिकंजा कसा। पुलिस टीम ने जिले में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध धरपकड़ के लिए छापेमारी की। थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने तीन, महुली दो, मेंहदावल एक और थाना बेलहरकला पुलिस ने तीन आरोपितों को पकड़कर शांति भंग की आशंका में चालानकर संबंधित मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत कर दिया।

# यातायात नियम के प्रति किया जागरूक

**संतकबीरनगर।** यातायात पुलिस ने जनपद के विभिन्न स्थानों पर जन सामान्य को यातायात नियम का पालन करने के लिए जागरूक किया। प्रभारी यातायात परमहंस यादव के अगुवाई में पुलिस टीम ने खलीलाबाद शहर के मेंहदावल बाईपास पर सभी पुलिस अधिकारी व कर्मचारीगण को एकत्र कर यातायात नियमों को पालन करने के लिए निर्देशित किया। इसके साथ ही सभी कर्मचारीगणों को बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाए वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करने एवं बिना हेलमेट व सीट बेल्ट लगाए वाहन न चलाने के लिए आदेशित किया।

# गैंगस्टर के आरोपी को दो वर्ष का कठोर कारावास

## फैसला

**संतकबीरनगर, विधि संवाददाता।** गैंगस्टर एक्ट के आरोपी को एडीजे एवं विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट काशिफ शेख की कोर्ट ने दो वर्ष के कठोर कारावास का सजा सुनाई। कोर्ट ने आरोपी मेहताब आलम पर सजा के अलावा पांच हजार रुपए का अर्थदण्ड का भी फैसला दिया है। अर्थदण्ड का भुगतान न करने पर आरोपी को एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। कोर्ट ने गैंगस्टर एक्ट के एक आरोपी विशाल उपाध्याय की मृत्यु हो जाने के कारण मुकदमा समाप्त कर दिया।

विशेष लोक अभियोजक गैंगस्टर एक्ट विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि मामला कोतवाली खलीलाबाद थाना क्षेत्र का है। प्रकरण में तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद विरेन्द्र बहादुर सिंह ने अभियोग पंजीकृत कराया था। उनका आरोप था कि दिनांक 18 फरवरी 2018 को आरोपी मेहताब आलम पुत्र नबाब अली निवासी मोहल्ला मोतीनगर थाना कोतवाली खलीलाबाद एवं विशाल उपाध्याय के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया था। इनका एक सक्रिय गिरोह है। मेहताब आलम गैंग लीडर है। जबकि विशाल उपाध्याय सदस्य है। इनके विरुद्ध चोरी एवं लूट के तीन अभियोग पंजीकृत हैं। विवेचना के उपरांत पुलिस ने न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया। विशेष लोक अभियोजक ने बताया कि विचारण के दौरान अभियोजन ने गवाह प्रस्तुत किया। इसी बीच एक आरोपी विशाल उपाध्याय की मृत्यु हो गई और दिनांक 15 मार्च 2023 को कोर्ट ने विशाल उपाध्याय के विरुद्ध मुकदमा समाप्त कर दिया। आरोपी ने अपने साक्ष्य के समय अपराध स्वीकार कर लिया और कम सजा की याचना की। एडीजे एवं विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट काशिफ शेख की कोर्ट ने पक्षों की बहस सुनने एवं पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन करने के पश्चात आरोपी को दोष सिद्ध करार देते हुए दो वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई।

# छेड़खानी का आरोपित गिरफ्तार

**मेंहदावल** : बेलहर थाना क्षेत्र के एक गांव के आरोपित छोटू को गुरुवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इसके विरुद्ध एक सप्ताह पूर्व छेड़खानी का मुकदमा दर्ज था। मुकदमा दर्ज होने के बाद से आरोपित फरार चल रहा था। पुलिस ने उसे सांथा चौराहे से पकड़ लिया। (जासं)

# पुलिस ने दी अतिक्रमण हटाने की चेतावनी

**मेंहदावल** : मेंहदावल के प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार सिंह की अगुवाई में पुलिस ने कस्बे में पैदल गश्त किया। इस दौरान पटरियों पर अतिक्रमण नहीं करने की चेतावनी दी गई। जिन लोगों ने पटरियों पर अतिक्रमण किया है उन्हें अतिक्रमण हटाने को कहा गया। (जासं)

# गैंगस्टर के आरोपित को दो साल की सजा व पांच हजार का जुर्माना

**जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर** : अपर जिला व सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक द्वितीय काशिफ शेख ने गुरुवार को गैंगस्टर के मामले में आरोपित को दोषी करार देते हुए दो साल की कठोर कारावास व पांच हजार जुर्माना की सजा से दंडित किया है। कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के मोतीनगर मोहल्ला निवासी मेहताब आलम के विरुद्ध थाने में पांच फरवरी 2018 को मुकदमा दर्ज कराते हुए कहा गया कि वह गिरोह होने व गैंग बनाकर संगठित होकर आर्थिक भौतिक एवं दुनियाबी लाभ के लिए अपराध करता है, जिससे समाज में व आम जनमानस में भय व आतंक का माहौल कायम रहता है। न्यायालय ने अभियोजन व बचाव पक्ष की दलीलों को सुनने तथा पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन करने के उपरांत आरोपित को दोषी करार देते हुए कठोर कारावास व जुर्माना की सजा से दंडित किया है।

# पति पर मुकदमा दर्ज कराने के बाद दूसरी शादी करने का आरोप

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**न्यायालय ने सुनवाई के बाद पत्नी और शादी करने वाले आरोपी को किया तलब**

**संतकबीरनगर।** न्यायालय सिविल जज जूनियर डिविजन/एफटीसी द्वितीय जेएम मोहम्मद फराज हुसैन की कोर्ट में कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले 34 वर्षीय पति ने परिवाद दाखिल किया है।

आरोप है कि पत्नी ने दहेज उत्पीड़न केस दर्ज कराने के बाद दूसरी शादी कर ली। कोर्ट ने सुनवाई के बाद पत्नी और दूसरी शादी करने के आरोपी युवक को तलब किया है। अधिवक्ता दिलीप कुमार चौधरी ने बताया कि परिवादी की शादी 14 मई 2017 को हुई थी। आरोप है कि पत्नी विदा होकर पति के घर आई। पति और पत्नी के बीच वैवाहिक मतभेद होने के कारण पत्नी अपने मायके चली गई।

दोनों के बीच मुकदमा शुरू हो गया। इधर पता चला कि उसकी पत्नी ने 15 सितंबर 20 को मंदिर में अपने भाईयों समेत आठ लोगों की साजिश में आकर पुनर्विवाह कर लिया है। वह उसकी विवाहिता पत्नी है। दोनों के बीच विवाह विच्छेद नहीं हुआ है। उक्त लोगों ने साजिश करके उसकी दूसरी शादी करा दिया है।

साक्ष्य में ग्राम प्रधान के जरिए जारी प्रमाण पत्र भी दाखिल किया है। कोर्ट में अपना तथा अपने दो गवाहों की भी गवाही कराया है। कोर्ट ने पत्रावली का अवलोकन करने के बाद आरोपी पत्नी तथा शादी करने वाले आरोपी को अपराध के विचारण के लिए तलब किया है। संवाद

## आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाला दबोचा गया

संतकबीर नगर : महिला अपराधों पर अंकुश लगाने के क्रम में कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने गुरुवार को पत्नी को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के आरोप में लेडुआ निवासी सूरज को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया। (जासं)

## पुलिस ने शराब के साथ युवक को किया गिरफ्तार

संतकबीर नगर : दुधारा थाने की पुलिस ने गुरुवार को छह शीशी बंटी-बबली शराब के साथ बेलहर कला निवासी विजय कुमार राय को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाई की। (जासं)

## शांतिभंग की आशंका में सात आरोपित गिरफ्तार

संतकबीर नगर : जनपद के विभिन्न थानों की पुलिस ने शांतिभंग के आरोप में सात आरोपितों को गिरफ्तार किया। कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने तीन, महुली पुलिस ने दो, मेंहदावल पुलिस ने एक तथा बेलहर पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया। (जासं)

# सड़क की पटरियों से पुलिस ने हटवाया अतिक्रमण

**जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर :** यातायात पुलिस ने जिला मुख्यालय पर स्थित मेंहदावल बाईपास पर सड़क की पटरियों से अतिक्रमण हटवाया। लोगों से यातायात के नियमों का पालन करने को कहा। क्षेत्राधिकारी यातायात अम्बरीष सिंह भदौरिया के निर्देशन में प्रभारी यातायात परमहंस ने मेंहदावल बाईपास पर अतिक्रमण कर ठेला-खोमचा लगाए लोगों को हटवा दिया। सड़क पर खड़े टेंपो और बस को भी वहां से दूसरी जगह जाने को कहा। लोगों से यातायात नियमों का पालन करने को कहा। उन्होंने कहा कि सभी लोग बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाए वाहन कदापि न चलाएं। बिना हेलमेट, सीट बेल्ट के वाहन चलाना खतरनाक है।

# साइन बोर्ड को दबंगों ने तोड़ा

बखिरा : बखिरा थाना क्षेत्र के अठलोहिया के ग्राम प्रधान ने गांव के ही कुछ दबंगों पर मनरेगा के तहत लगाए गए साइन बोर्ड को तोड़ने का आरोप लगाया। पुलिस ने आरोपितों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम प्रधान रणवीर पांडेय ने तहरीर में लिखा है कि मनरेगा के तहत गांव में कराए गए विभिन्न परियोजनाओं का साइन बोर्ड लगाया गया था। दबंगों ने सभी बोर्ड को तोड़ दिया। बोर्ड तोड़ने वालों में गांव के दुर्गाप्रसाद विश्वकर्मा और रामअजोर पासवान शामिल हैं। (जासं)

GONDA POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 17-03-2023

# अधिकारी को पीटा आरोपी पकड़ा गया

मेहनौन। रेशम फार्म सुभागपुर बकठोरवा में तैनात सहायक रेशम विकास अधिकारी ने ग्राम बकठोरवा निवासी पूर्व प्रधान की शह पर दो व्यक्तियों पर मारपीट करने व गाली-गुप्ता दिये जाने संबंधी नामजद तहरीर इटियाथोक कोतवाली को दिया है।

कोतवाली में दिये गये तहरीर में सहायक रेशम विकास अधिकारी प्रतिभा यादव ने कहा है कि सुभागपुर के ग्राम बकठोरवा निवासी बसीर व जावेद पुत्रगण रसीद द्वारा रेशम फार्म में घुसकर मेरे साथ और चौकीदार के साथ मारपीट की है।

# फर्जी वीजा देकर लाखों रुपये की ठगी, केस दर्ज

मनकापुर। एसपी के निर्देश पर नौकरी का झांसा देकर पर्यटक वीजा पर सऊदी अरब भेज दिया। पीडित की शिकायत में पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की है।

जनपद बलरामपुर थाना रेहरा के ग्राम बढ़या फरीद खां मजरा शंकर डिहवा निवासी रामदेव वर्मा पुत्र राम प्रसाद वर्मा ने एसपी आकाश तोमर के निर्देश पर गुरुवार को कोतवाली मनकापुर में लिखाई रिपोर्ट दर्ज की गयी है। उसका आरोप है कि उसका बेटा अंकित वर्मा 23 वर्ष को मनकापुर कोतवाली क्षेत्र के चांदपुर गांव निवासी लवकुश मौर्या ने अक्टूबर 2022 में नौकरी दिलाने का झांसा देकर टूरिस्ट वीजा पर डेढ़ लाख रुपए लेकर विदेश ओमान भेज दिया था। जहां वीजा की अवधि समाप्त होने के बाद उसके बेटे अंकित पर 1 लाख 7 हजार रुपया का जुर्माना हो गया। पीड़ित के लड़के ने जरिये वाट्सएप काल पर इसकी जानकारी देते हुए बताया कि यहां मुझे रखा गया है।

# नदी में खोजी जा रही थी लाश, महिला मिली मुंबई में

- होली के दूसरे दिन गायब हुई थी उमरी क्षेत्र की महिला
- फ्लाइट से गई पुलिस टीम लेकर आई, मायकेवालों को सौंपा

उमरी बेगमगंज, संवाददाता। थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक महिला की गुमशुदगी में थाना पुलिस, साइबर सेल समेत कई पुलिस अधिकारी 72 घंटे से अधिक हलकान रहे। इस बीच पुलिस को सरयू नदी में उसका शव उतराने की भ्रामक सूचनाएं भी मिलती रही। आखिरकार साइबर सेल के प्रयास से महिला की मौजूदगी मुंबई में मिली। फ्लाइट से गई पुलिस की विशेष टीम ने महिला को लाकर उसके मायके वालों को सुपुर्द कर दिया है।

थाना क्षेत्र के सरयू नदी के तटीय क्षेत्र के गांव में एक 35 वर्षीय महिला होली के दूसरे दिन गायब हो गई। उसके पति ने काफी ढूंढा परंतु कहीं ना मिलने पर उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई। महिला अपने पीछे दो पुत्रियों को भी घर छोड़ गई थी। प्रकरण में नाटकीय मोड़ उस समय आया जब महिला के मायके वालों ने थाने में पहुंचकर एक प्रार्थना पत्र दिया। जिसमें उसकी हत्या कर लाश को सरयू नदी में फेंक देने की बात कही गई थी। इस पर एसओ संजीव वर्मा ने उच्च अधिकारियों को जानकारी दी। एसपी आकाश तोमर ने मामले का खुलासा करने के निर्देश दिए। पुलिस सरयू नदी के किनारे खाक छान ही रही थी कि इसी बीच साइबर सेल की टीम ने महिला के मोबाइल पर हुई बातचीत के आधार पर कुछ नंबरों को रडार पर ले लिया।

# किराना व्यापारी से लूट में चार गिरफ्तार

## लूट के 1.64 लाख रुपये व घटना में प्रयुक्त कार बरामद, धानेपुर थाना क्षेत्र के निवासी हैं सभी आरोपी

**सफलता**

गोण्डा, संवाददाता। सरेराह किराना व्यापारी से साढ़े चार लाख लूट लेने के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने धानेपुर क्षेत्र के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने एक लाख चौसठ हजार नकद व लूट में प्रयोग हुई कार भी बरामद की है।

दस मार्च को इटियाथोक थाना क्षेत्र के तीतगांव निवासी चंद्र प्रकाश पांडेय से गोण्डा-धानेपुर मार्ग पर सिसउर पुल के पास कार सवार बदमाशों ने रुपयों से भरा बैग लूट लिया था। लूट की घटना के बाद पीड़ित दुकानदार कोतवाली देहात पहुंचा था और घटना की जानकारी दी थी। सूचना पर देहात कोतवाली, धानेपुर सहित कई थानों की पुलिस ने नाकेबंदी की थी लेकिन बदमाश हाथ नहीं लगे थे। पीड़ित की तहरीर पर देहात कोतवाली में चार अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। एसपी आकाश तोमर, एएसपी शिवराज ने भी मौका-ए-वारदात का जायजा लिया था। एसपी ने स्थानीय पुलिस के साथ ही एसओजी व सर्विलांस टीम को भी खुलासे के लिए लगाया था।



किराना व्यापारी से लूट मामले में गिरफ्तार आरोपी।

**धानेपुर थाना क्षेत्र के शातिरों ने दिया था घटना को अंजाम :** सीओ सिटी लक्ष्मीकांत ने बताया कि धानेपुर थाना क्षेत्र के ही शातिरों ने घटना को अंजाम दिया था। पुलिस टीमों ने घटना में शामिल आरोपियों चन्द्रशेखर पुत्र कामिनी प्रसाद , राममनोहर, नीलेश वर्मा व संदीप वर्मा थाना धानेपुर को गिरफ्तार किया गया है।

**इन सामानों की बरामदगी :** आरोपी चन्द्रशेखर दूबे के कब्जे से 44,900 रुपये, राम मनोहर के कब्जे से 19,300 रुपये, नीलेश वर्मा के कब्जे से 52,700 रुपये व देशी तमंचा, संदीप वर्मा के कब्जे से 47,300 रुपये व देशी तमंचा के साथ ही कार व बाइक बरामद किया गया है।

घटना के खुलासे में कोतवाल देहात देहात महेन्द्र कुमार सिंह मय टीम, थानाध्यक्ष धानेपुर ब्रह्मानंद सिंह मय टीम व प्रभारी स्वाट/सर्विलांस/साइबर सेल संतोष कुमार सिंह मय टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# बाइक चोरी करने वाले गिरोह का सरगना दबोचा

तरबगंज, संवाददाता। तरबगंज पुलिस ने बाइक चोरी गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पांच बाइक समेत आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। फिलहाल आरोपी के पास पुलिस ने एक बाइक और अवैध तमंचा भी बरामद किया है। साथ ही आरोपी ने अन्य पांच बाइक चोरी को कबूल किया है।

एसओ मनोज पाठक ने बताया कि बीते बुधवार को चौकी प्रभारी भानपुर सोम प्रताप सिंह पुलिस बल के साथ सघन बाइक चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच पवन सिंह पुत्र पंचराज सिंह निवासी ग्राम धनौली वाहन चेकिंग को देखकर भागने लगा। जिस पर पुलिस टीम ने उसे दौड़ाकर धर दबोचा। कड़ी पूछताछ में आरोपी की कलई परत दर परत खुलती गई। उसने क्षेत्र में हुई पांच बाइक चोरी व एक बाइक बवाना सेक्टर-3 दिल्ली से उठाने की बात कबूली। दिल्ली से उठाई गई बाइक का नंबर प्लेट बदल कर प्रयोग कर रहा था। उसके साथ अन्य दो आरोपी भी शामिल थे। उसके एक साथी दिग्विजय सिंह पुत्र रामदेव सिंह निवासी अमदही पूरे छत्तर कौचिहा से बाइक चोरी के आरोप में जेल जा चुका है। वही तीसरे आरोपी विष्णु सिंह पुत्र रामशंकर सिंह निवासी दत्तनगर नवाबगंज की पुलिस तलाश कर रही है।

# चोरी में शामिल आरोपियों का शांतिभंग में चालान

गोण्डा। छपिया थानाक्षेत्र के ग्राम सोनबरसा मवई निवासी सुरेश यादव ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने और चोरी का सामान दिलाने की गुहार लगाई है। पीड़ित ने बताया कि माड़ा चौराहे पर उसकी दुकान हैं। इसी दुकान के पीछे की दीवार तोड़कर आरोपियों ने डीजे का सामान उसमें रखे उपकरण सहित अन्य सामान उठा ले गए। सामान की कीमत करीब एक लाख 75 हजार है। पीड़ित ने चोरी की घटना में शामिल पांच लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर भी दी। उसका कहना है कि पुलिस आरोपियों को पकड़ कर थाने ले आई और सामान दिलाने की बात भी कही।

# हत्यारोपी देवर-देवरानी व सास को सात वर्ष की सजा

## कोर्ट से

गोंडा,विधि संवाददाता। अपर सत्र न्यायाधीश राजेश कुमार ने दहेज हत्यारोपी देवर-देवरानी व सास को सात वर्ष की सजा सुनाई।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अमित पाठक के अनुसार थाना करनैलगंज अंतर्गत वादी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसने अपनी बहन रेखा की शादी कुम्हरौरा निवासी विपक्षी कन्हैयालाल के साथ की थी। शादी के बाद से ही वादी के बहन का देवर ओमप्रकाश व देवरानी रेशमा व सास तालुका देवी दहेज में मोटरसाइकिल, अंगूठी व रंगीन टीवी के लिए प्रताड़ित करते थे। जिसकी मांग पूरी न होने पर सभी लोगों ने मिलकर उसकी बहन को मार डाला। मुकदमे की सुनवाई के दौरान अदालत ने अभियोजन व बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं की बहस व दलीलों को सुना और प्रत्येक को सात सात वर्ष की सजा सुनाई।

# अखंड पाठ करने वालों पर किया पथराव, मुकदमा

**संसू, परसपुर** : राजापुर स्थित गोस्वामी तुलसीदास मंदिर पर राम चरित मानस का अखंड पाठ करने वालों पर बुधवार की देररात पथराव हुआ। पुलिस ने चार आरोपितों पर मुकदमा किया है।

मंदिर पर दो माह से अखंड पाठ हो रहा है। तुलसीदास मंदिर भी बन रहा है। यह सब अवैध अतिक्रमण करने वालों को रास नहीं आ रहा है। अखंड पाठ करने वालों पर पथराव किया। इसमें देवेश उर्फ राहुल सिंह घायल हो गए। तुलसी जन्म भूमि न्यास के अध्यक्ष स्वामी भगवदाचार्य ने कहा कि असमाजिक तत्व अशांति फैलाना चाहते है। बकौल पुलिस भूलन दुबे, झब्बू दुबे, गुग्गू दुबे व राजन दुबे पर मुकदमा किया गया है। रामचरित मानस का पाठ दोबारा चालू करा दिया गया है।

# छेड़खानी में कोचिंग संचालक गिरफ्तार

**संसू, मेहनौन ( गोंडा )** : धानेपुर थाना के एक गांव की एक छात्रा के साथ छेड़छाड़ कर अश्लील हरकत करने के आरोपित कोच्गिं संचालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एक कोच्गिं संचालक पर उसी कोंचिग में पढ़ने वाली नाबालिग छात्रा ने छेड़खानी का आरोप लगाया था। छात्रा के पिता की तहरीर पर मुकदमा किया गया था। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी कोच्गिं संचालक कुलदीप उर्फ गोपाल को उप निरीक्षक आदित्य गौरव श्रीवास्तव ने टीम के साथ गिरफ्तार कर लिया है।

**दर्ज हुई प्राथमिकी** : कर्नलगंज प्रतिनिध के अनुसार मंगलवार को हुई मरीज की मौत के बाद वरदान हास्पिटल का संचालक व कर्मचारी फरार है। मृतक पवन कुमार पांडेय के स्वजन कार्रवाई के लिए गुरुवार को भी कोतवाली व सीएमओ कार्यालय का चक्कर काटते रहे। कर्नलगंज कोतवाल सुधीर कुमार सिंह ने उन्हें बताया कि किसी अधिकारी के आदेश के बिना प्राथमिकी नहीं दर्ज कर सकते हैं।

**दुकान में चोरी:** बेलसर प्रतिनिध के अनुसार विजय नगर कस्बा में किराना दुकान के गैलरी में लगे दरवाजे का ताला तोड़कर चोर बीस हजार नकद, बैटरी व इन्वर्टर चुरा ले गए। दुकानदार मनोज कुमार शुक्ल ने पुलिस को तहरीर दी है।

# व्यापारी से लूट का राजफाश, चार गिरफ्तार

## घटना में प्रयुक्त कार बाइक समेत एक लाख 64 हजार रुपये पुलिस ने किए बरामद

**संसू, गोंडा :** किराना व्यापारी से हुई साढ़े चार लाख रुपये की लूट की घटना का राजफाश करते हुए पुलिस ने चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। टीम ने आरोपितों के पास से लूट के एक लाख 64 हजार 200 रुपये, सेंट्रो कार, मोटर साइकिल व अवैध असलहा बरामद किया है। वहीं लूट में शामिल दो अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयास कर रही है।

इटियाथोक थाना के ग्राम तीते गांव के रहने वाले चंद्र प्रकाश पांडेय धानेपुर थाने के पांडेय बाजार में किराना की दुकान करते हैं। वह पान मसाला के थोक व्यापारी भी हैं। गत 10 मार्च को चंद्रप्रकाश सामान लेने जिला मुख्यालय टेंपो पर बैठकर जा रहे थे। देवरिया अलावल बाजार में एक बदमाश भी टेंपो में बैठ गया। रास्ते में देहात कोतवाली के सिसकर अंदूपुर पुल के समीप अल्टो कार सवार बदमाशों ने पीछे से टेंपो को ओवरटेक करके रोक ले लिया। बदमाशों ने व्यापारी को नीचे उतारकर रुपये मांगे। व्यापारी ने विरोध किया तो उसकी पिटाई कर झोले में रखे साढ़े चार लाख रुपये छीन लिए और भाग निकले थे। घटना के राजफाश के लिए स्पेशल आपरेशन ग्रुप सहित पुलिस की पांच टीमों को लगाया गया था। सीओ सिटी लक्ष्मीकांत गौतम ने कहा कि प्रभारी निरीक्षक देहात कोतवाली महेंद्र कुमार सिंह, थानाध्यक्ष धानेपुर ब्रह्मानंद सिंह, स्पेशल आपरेशन ग्रुप प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने टीम के साथ लूट के आरोपित अलफनगर रुद्रगढ़ नौसी के चंद्रशेखर, लालक मोफिया गांव के राम मनोहर, उज्जैनी के नीलेश वर्मा व परौती लाल गांव के रहने वाले संदीप वर्मा को मलारी गांव के पास से गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए चारों आरोपितों के पास से एक लाख 64 हजार 200 रुपये बरामद किए गए हैं। आरोपितों के पास लूट में प्रयुक्त सेंट्रो कार, बाइक व अवैध असलहा भी बरामद किया गया है। सीओ नगर ने कहा कि पूछताछ में पकड़े गए आरोपितों ने लूट में दो अन्य लोगों के शामिल होने की बात बताई।



लूट की घटना का राजफाश करते सीओ सिटी लक्ष्मीकांत गौतम • जागरण

# एसपी के आदेश पर धोखाधड़ी का मुकदमा

**संसू, मनकापुर ( गोंडा ) :** बलरामपुर जिला के थाना रेहरा के ग्राम बढ़या फरीदखां गांव के रहने वाले रामदेव वर्मा ने कहा कि उसके बेटे अंकित वर्मा को चांदपुर गांव के रहने वाले लवकुश मौर्य ने अक्टूबर 2022 में नौकरी दिलाने का झांसा देकर पर्यटक बीजा पर डेढ़ लाख रुपये लेकर ओमान भेज दिया था। वहां बीजा की अवधि समाप्त होने के बाद उसके बेटे अंकित पर एक लाख सात हजार रुपये का जुर्माना हो गया। बेटे ने इसकी जानकारी उसे दी। पीड़ित व उसका बेटा जुर्माना भुगतान करने में सक्षम नहीं है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आरोपित पर मुकदमा किया गया है।

# आरोपित गिरफ्तार

**धानेपुर :** उपनिरीक्षक आदित्य गौरव श्रीवास्तव ने कहा कि कस्बे के फर्राशपुरवा के रहने वाले कुलदीप उर्फ गोपाल को गिरफ्तार किया गया है। आरोपित पर किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने, पास्को एक्ट व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा है। (संसू)

# दहेज हत्या में तीन को सश्रम कारावास

**संसू, गोंडा :** दहेज हत्या के मामले में तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश राजेश कुमार (तृतीय) ने तालुकादेवी, रेशमा व ओमप्रकाश निवासीगण कुम्हौरा कोतवाली कर्नलगंज को सात -सात वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक को दस-दस हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अमित पाठक के मुताबिक आठ सितंबर 2009 को कन्हैयालाल, ताकुला देवी, रेशमा व ओमप्रकाश ने दहेज की मांग को लेकर रेखा गोस्वामी की गला दबाकर हत्या कर दी थी। शव को कुएं में फेंक दिया था। मृतका के भाई प्रमोद कुमार निवासी महास थाना रामनगर बाराबंकी में मुकदमा दर्ज कराया था। मृतका के पति कन्हैयालाल को पूर्व में ही आजीवन कारावास की सजा हो चुकी है।

# छेड़खानी का आरोपी गिरफ्तार

**मुजेहना (गोंडा)।** धानेपुर पुलिस ने छेड़खानी, मारपीट व पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त कुलदीप उर्फ गोपाल निवासी फर्शिपुरवा को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। थानाध्यक्ष ब्रह्मानंद सिंह ने बताया कि अभियुक्त ने क्षेत्र की रहने वाली एक किशोरी से छेड़छाड़ की थी। उसे पूरबगली तिराहा से पकड़ा गया है। (संवाद)

# मारपीट में सात पर मुकदमा

रुपईडीह (गोंडा)। मारपीट के मामले में पुलिस ने सात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। कौड़िया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पूरेबदल के मजरा कैथौली लालापुरवा निवासी प्रीति पांडेय ने दी तहरीर में कहा कि कुछ लोगों ने रात में दीवार गिरा दी। विरोध करने पर मारापीटा। पुलिस ने रामरंग, तिलकराम व चंचल के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है। उधर, रामरंग के की तहरीर पर दीप नारायण व प्रीति के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की। संवाद

# बलरामपुर अव्वल, श्रावस्ती को दूसरा स्थान

**जन शिकायतों के निस्तारण में एडीजी जोन ने कराई रेटिंग**

**गोंडा तीसरे व बहराइच को मिली चौथे स्थान पर**

गोंडा। अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन ने जनशिकायतों के निस्तारण की जानकारी के लिए पब्लिक अप्रूवल रैंकिंग कराई। जिसमे बलरामपुर जनपद अव्वल रहा। श्रावस्ती जिले को दूसरा स्थान मिला है। पब्लिक अप्रूवल रैंकिंग में गोंडा जिला तीसरे और बहराइच चौथे स्थान पर है। बुधवार को गोरखपुर जोन के अपर पुलिस महानिदेशक अखिल कुमार की ओर से देवीपाटन मंडल के चारों जिलों की रैंकिंग सूची जारी की गई। पुलिस के कामकाज को लेकर अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन के तरफ से आईजीआरएस, एफआईआर, पीआरवी, पासपोर्ट वेरीफिकेशन के जरिए आम लोगों से फीडबैक लिया गया। फरवरी में पुलिस के क्रियाकलापों को लेकर कराए सर्वेक्षण में मंडल के चारों जिलों के 7582 लोगों ने अपनी राय विभिन्न माध्यमों से रखी। संवाद

# सास, देवर व देवरानी को सात साल की सजा

## दहेज हत्या का मामला, 13 साल पूर्व कोर्ट ने पति को दी थी उम्रकैद

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र में दहेज हत्या के मामले में कोर्ट ने दोषी सास, देवर और देवरानी को सात साल कारावास और 14 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। जबकि आरोपी पति को 13 साल पूर्व एफटीसी कोर ने आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया था।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अमित कुमार पाठक ने बताया कि वादी प्रमोद कुमार निवासी ग्राम महास थाना रामनगर जनपद बाराबंकी ने आठ अगस्त 2009 को करनैलगंज कोतवाली में तहरीर देकर कहा कि उसकी बहन रेखा की शादी कन्हैयालाल उर्फ नंगू निवासी ग्राम कुम्हरौरा करनैलगंज कोतवाली से हुई थी।

शादी के समय से ही उसके पति कन्हैयालाल उर्फ नंगू, ससुर जगदीश प्रसाद, सास तालुका देवी, देवर ओम प्रकाश व देवरानी रेशमा दहेज कम लाने का ताना देते थे और मोटर साइकिल, रंगीन टीवी, अगूंठी आदि मांगते हुए बहन को परेशान करते थे। ससुराल के किसी व्यक्ति ने फोन पर सूचना दी कि उसकी बहन को मार कर तालाब में फेंक दिया गया है। पुलिस ने केस दर्ज कर विवेचना की और पत्नी के साथ क्रूरता और दहेज हत्या का पुख्ता साक्ष्य मिलने पर कन्हैयालाल उर्फ नंगू व जगदीश प्रसाद के खिलाफ न्यायालय में आरोपपत्र दाखिल किया।

22 दिसंबर 2010 को पुख्ता साक्ष्य के आधार पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एफटीसी तृतीय ने आरोपी पति कन्हैयालाल उर्फ नंगू को दोषसिद्ध करते हुए आजीवन कारावास से दंडित किया। संदेह से परे साक्ष्य के अभाव में ससुर जगदीश प्रसाद को दोषमुक्त कर दिया। वहीं 17 नवंबर 2015 को अभियुक्त कन्हैयालाल उर्फ नंगू की अपील खारिज कर उच्च न्यायालय ने अवर न्यायालय के निर्णय की पुष्टि की।

मामले में शेष आरोपी असास तालुका देवी, देवर ओम प्रकाश व देवरानी रेशमा को फरार घोषित करते हुए पुलिस ने न्यायालय में आरोपपत्र दाखिल किया तो न्यायालय ने केस का ट्रायल शुरू किया।

गुरुवार को निर्णय सुनाते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय राजेश कुमार तृतीय ने आरोपी अभियुक्त तालुका देवी, ओम प्रकाश व रेशमा को क्रूरता और दहेज हत्या के अपराध में सात-सात साल कारावास और 14-14 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया।

### हत्यारोपी सास गिरफ्तार

वजीरगंज (गोंडा)। पुलिस ने दहेज हत्या में आरोपित एक महिला को गुरुवार को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि पांच मार्च को थाना क्षेत्र के नगवा गांव निवासी शायरा का शव उसके घर में छत के हुक से फंदे के सहारे लटकता मिला था। शायरा की मां तसरीफुन्निशा निवासी बंजरिया झिलाही कोतवाली मनकापुर ने सास साजिदा व एक अन्य के विरुद्ध दहेज हत्या का केस दर्ज कराया था। चौकी डुमरियाडीह के उप निरीक्षक बलरामधर दूबे ने बताया कि गुरुवार को आरोपी सास साजिदा को गिरफ्तार कर लिया गया। संवाद

# व्यापारी को लूटने वाले चार गिरफ्तार

### 10 मार्च को हुई थी लूट, दो अन्य फरार, पुलिस दे रही दबिश

### 1,64,200 लाख नकद, कार, बाइक व तमंचा कारतूस बरामद

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। किराना व्यापारी से हुई साढ़े चार लाख की लूट का पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने लूट में शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि दो आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस दबिश दे रही है। पकड़े गए आरोपियों के पास से पुलिस ने 1,64,200 लाख की नकदी, लूट में प्रयुक्त कार, बाइक व तमंचा कारतूस बरामद किया है।

10 मार्च को थाना इटियाथोक क्षेत्र के तीत गांव निवासी चंद्रप्रकाश पांडेय टेंपो से सामान खरीदने साढ़े चार लाख रुपये लेकर मुख्यालय आ रहे थे। तभी कार सवार बदमाशों ने कोतवाली देहात क्षेत्र के सालपुर के खम्हरिया मोड़ सिसऊर अंदुपुर के पास टेंपो रुकवा कर 4,50000 रुपये नकदी व 16,000 रुपये के कूपन लूटकर फरार हो गए थे। इस मामले में कोतवाली देहात में किराना व्यवसाई चंद्रप्रकाश पांडेय ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

पुलिस क्षेत्राधिकारी (नगर) लक्ष्मीकांत गौतम ने बताया कि वारदात के खुलासे के लिए एसओजी, कोतवाली देहात, सर्विलांस व साइबर सेल की टीम लगाई गई थी। सर्विलांस से मिले नंबरों के आधार पर चंद्रशेखर निवासी अलफनगर रुद्रगढ़ नौसी थाना धानेपुर, राममनोहर निवासी लालक मोफिया थाना धानेपुर, नीलेश वर्मा निवासी अड़वड़हा मौजा उज्जैनी धानेपुर व संदीप वर्मा निवासी परौती लाल मौजा उज्जैनी धानेपुर को गिरफ्तार कर लिया गया।

**दहेज उत्पीड़न मामले में चार पर केस : मनकापुर (गोंडा)।** लीदेहना ग्रंट निवासनी रेखा निषाद ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करवाते हुए बताया कि उसकी शादी 7 मई 2021 को बस्ती के कप्तानगंज निवासी रिंकू उर्फ रामपाल से हुई थी। दहेज की मांग को लेकर पति रामपाल निषाद, ननद संगीता व निशा, देवर रंजीत उसके साथ मारपीट करते हैं। 11 मार्च को पति ने मारपीट कर मायके छोड़ दिया। प्रभारी कोतवाल अरुण कुमार राय ने बताया कि चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किया गया है। संवाद

# भारी वाहनों के प्रवेश पर रहेगी रोक

गोंडा। बहराइच रोड के मिश्रौलिया रेलवे क्रासिंग के पास बने उपरगामी पुल निर्माण के दौरान पुल को बड़गांव मुख्य मार्ग से जोड़ने का काम गुरुवार सुबह से शुरू हुआ। इस लिए शहर में सुबह 6 बजे से रात दस तक भारी वाहन प्रवेश नहीं कर सकेंगे। यातायात निरीक्षक अभिनव प्रताप सिंह ने बताया कि लखनऊ से गोंडा के रास्ते बलरामपुर, सिद्धार्थनगर जाने वाले वाहनों को करनैलगंज के रास्ते परसपुरतरबगंज, नवाबगंज होते मनकापुर उतरौला के रास्ते जाएंगे। बलरामपुर से गोंडा के रास्ते लखनऊ जाने वाले वाहन बड़गांव चौराहा होते दर्जीकुआं नवाबगंज के रास्ते परसपुर करनैलगंज होकर जाएंगे। सुबह 6 बजे से रात दस बजे तक भारी वाहनों के शहर में प्रवेश पर रोक लगा दी है। (संवाद)

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 17-03-2023

# देवीपाटन मेले का जायजा लिया गया

**निरीक्षण**

तुलसीपुर, संवाददाता। चैत्र नवरात्रि के अवसर पर शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर के परिसर में 22 मार्च से एक महीने का मेला प्रारंभ हो रहा है। इसको लेकर बुधवार देर शाम मंडलायुक्त एमपी मिश्रा, डीएम डा. महेंद्र कुमार व पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने मेला की सुरक्षा को लेकर मंदिर व मेला परिसर का निरीक्षण किया।

मंडलायुक्त, डीएम व एसपी ने मां पाटेश्वरी का दर्शन करने के बाद महंत मिथिलेश नाथ योगी से मिलकर मंदिर एवं मेला सुरक्षा को लेकर चर्चा की। मंदिर के सूर्यकुंड, गौशाला, अस्थाई पुलिस चौकी, मुंडन स्थल, वाहन पार्किंग आदि का निरीक्षण किया। मंडलायुक्त ने कहा कि इस बार दूर दराज से आने वाले श्रद्धालुओं की ट्रैक्टर ट्राली पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। साथ ही पश्चिम दिशा की ओर से आने वाले वाहन मुंडन स्थल बाग व सीरिया नाला में खड़ी होंगी।

पूरब दिशा से आने वाली सभी वाहनों के लिए जुगलीपुर स्थित पोखरी के पास मंदिर खेत में खड़ा करने की व्यवस्था की गई है। पोखरे के सामने मुख्य मार्ग पर पुलिस बैरियर लगेगा, जिससे बड़े वाहन आगे नहीं जाएंगे। केवल पैदल चलने वाले ही जा पाएंगे। सभी वाहनों को पार्किंग में घुमाने की व्यवस्था होगी। जहां 24 घंटे पुलिस प्रशासन की निगरानी रहेगी।

इसी तरह मोटरसाइकिल खड़ा करने की व्यवस्था मेला गेट के पूरब मंदिर के खेत में की गई है। जो 24 घंटे पार्किंग व्यवस्थापक द्वारा की जाएगी। मंडलायुक्त ने मेला परिसर में लगने वाले खेल तमाशा व अन्य दुकानों की सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया।

# अतिक्रमण हटवाने की मांग

सादुल्लानगर। रामपुर अरुणा बाजार में सड़क पटरियों पर दुकानदारों के अतिक्रमण करने से राहगीरों को आवागमन में परेशानी होती है। नंदू, संतोष कुमार, गणेश दत्त व राकेश ने पटरियों से अतिक्रमण हटवाने की मांग की है

# जवानों के ठहने का लिया जायजा

बलरामपुर। देवीपाटन मेले के दौरान बाहर से आने वाली 800 पुलिस बल व पीएसी के ठहने की व्यवस्था इंटर व डिग्री कॉलेजों में की गई है। गुरुवार को एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव व एडीएम प्रदीप कुमार ने पुलिस व पीएसी के ठहरने की व्यवस्था का जायजा लिया। विद्यालयों में ठहरने वाले पुलिस बल को निर्देशित किया जाएगा कि स्कूल प्रबंधन को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो।

# अवैध खनन में दो गिरफ्तार

**तुलसीपुर :** कटहा पहाड़ी नाले में बालू अवैध खनन करते हुए पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि चरनगहिया निवासी राम बेलास व अंग्रेज को अवैध खनन में गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है। (संसू)

# 30 लीटर शराब के साथ एक गिरफ्तार

**गैंसड़ी :** पुलिस ने 30 लीटर कच्ची शराब के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह चौहान ने बताया कि एक बोरी में 30 पाउच के साथ धनधरा निवासी किशोरी को गिरफ्तार करके आबकारी एक्ट में जेल भेज दिया गया है। ( संसू)

# पुलिस ने वांक्षित को भेजा जेल

तुलसीपुर। अवैध खनन के मामले में बृहस्पतिवार को पुलिस ने चरंगहिया के राम विलास व अंग्रेज को गिरफ्तार किया है। गैसड़ी पुलिस ने गोवध निवारण के मामले में वांछित जुम्मन को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। वहीं गौरा चौराहा पुलिस ने अपहरण व दुष्कर्म के मामले में सिसहना गांव के सलमान को गिरफ्तार किया है। गौरा चौराहा पुलिस ने छह लोगों पर शांतिभंग की कार्रवाई की है। (संवाद)

**शांतिभंग की आशंका में आठ पाबंद, बलरामपुर :** दो थानों में शांतिभंग की आशंका में आठ को पाबंद कर दिया गया है।कोतवाली जरवा के प्रभारी दुर्विजय ने बताया कि पिपरा दुर्गानगर में मारपीट हो गई। एक पक्ष के जगराम और दूसरे पक्ष के राजू, दिनेश, रामतेज व मंशाराम को पाबंद कर दिया गया है।थानाध्यक्ष ललिया जयहरि मिश्र ने बताया कि कोड़री निवासी जिलेदार, नई बस्ती ललिया निवासी सम्सुद्दीन व ग्राम राजीपुर नई बस्ती निवासी जहरी को पांबद किया गया है।(संसू)

# गोहत्या अधिनियम में वांछित को जेल

**संसू, बलरामपुर :** प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह चौहान ने बताया कि गोहत्या के आरोप में गुरुवार को जुम्मन को गिरफ्तार किया है। बभनपुरवा खदगौरा निवासी रिजवान व गुलाम वारिस, खदगौरा चौराहा निवासी मोतीम, डिहवा निवासी अताउल्लाह व मकसूद और बभनपुरवा निवासी जुम्मन के खिलाफ मुकदमा लिखा था।

# प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री न करने की अपील

**संवादसूत्र, सादुल्लाहनगर (बलरामपुर) :** नशामुक्ति जागरूकता अभियान के तहत थाना परिसर में व्यापार मंडल एवं दवा दुकानदारों की बैठक बुलाई गई। इसमें नशीली दवाओं की बिक्री एवं बढ़ते हुए नशे के प्रवृत्ति को रोकने पर चर्चा की गई।

औषधि निरीक्षक आलोक त्रिवेदी ने कहा कि युवाओं में बढ़ते हुए नशे की प्रवृत्ति को रोकने के लिए प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री पर रोक लगाना आवश्यक है। नवयुवकों को बिना डाक्टर की पर्ची के कोई दवा न दी जाए। थानाध्यक्ष बृजानंद सिंह ने कहा कि नशामुक्ति अभियान में दवा व्यापारियों का सहयोग आवश्यक है। इसलिए सभी दवा प्रतिनिधि प्रतिबंधित दवाएं न देकर युवाओं को नशा करने से रोकने में सहयोग करें।

**जिले की महत्वपूर्ण खबरें**
www.jagran.com **पर पढ़ें**

# स्कूलों में ठहरेगी गैर जिलों से आने वाले फोर्स

**संवादसूत्र, बलरामपुर :** शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर परिसर में चैत्र नवरात्र के दौरान एक माह तक चलने राजकीय मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पर्याप्त फोर्स तैनात की जाएगी। इसके लिए गैर जिलों से पुलिस व पीएसी के जवानों को मंगाया जा रहा है। 22 मार्च से चैत्र नवरात्र का शुभारंभ हो रहा है।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव ने गुरुवार को गैर जिलों से आने वाली फोर्स के ठहरने की व्यवस्था का जायजा लिया। देवीपाटन मेले के दौरान जनपद में बाहर से आने वाली 800 पुलिस बल व पीएसी के ठहरने के लिए इंटर कालेज एवं डिग्री कालेज में व्यवस्था की गई है। दोनों अधिकारियों ने फैजल महाविद्यालय, स्टार वर्ल्ड इंटर कालेज व स्वतंत्र भारत इंटर कालेज का जायजा लिया। स्कूल के प्रबंधकों को पुलिस बल के लिए पेयजल व शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित कर दिए जाने का निर्देश दिया। कहा कि स्कूलों में ठहरने वाले पुलिस बल को दिशा निर्देश दिए जाएंगे कि किसी प्रकार की स्कूल प्रबंधन को परेशानी न हो। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी तुलसीपुर मंगलेश दुबे, क्षेत्राधिकारी राघवेंद्र सिंह मौजूद रहे।

# संसाधनों से जूझ रहा अग्निशमन विभाग

## एक ही टैंकर से चल रहा बिना प्रभारी के फायर स्टेशन

संवाद न्यूज एजेंसी

**225 ग्राम पंचायतों की जिम्मेदारी**

उतरौला(बलरामपुर)। तहसील क्षेत्र के 549 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल में कहीं भी आग लगने पर समय पर पहुंचना अग्निशमन विभाग के लिए चुनौती है। 225 ग्राम पंचायतों के करीब एक हजार गांव-मजरों तक पहुंचने के लिए सड़क के अलावा कई अन्य समस्याएं भी विभाग को झेलनी पड़ती हैं। इसमें पानी की उपलब्धता और पहुंचने के रास्ते मुख्य हैं।



बलरामपुर के उतरौला में स्थित फायर स्टेशन में खड़ा टैंक।-संवाद

फायर स्टेशन पर महज एक ड्राइवर तैनात है, जिसकी अनुपस्थिति में गाड़ी जिला मुख्यालय से मंगानी पड़ती है। आंकड़ों पर नजर डाले तो वर्ष-2022 में तहसील क्षेत्र में 100 घटनाएं हुई थी जिनमें से महज 36 में ही अग्निशमन विभाग मौके पर पहुंच पाया। वहीं इस वर्ष जनवरी तथा मार्च में अग्निकांड की 2-2 घटनाएं हो चुकी हैं।

> समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया जाता है। फिलहाल संसाधनों की कमी है। उपलब्ध संसाधनों से ही व्यवस्था संचालित की जा रही है। – **सत्येंद्र सिंह,** एफएसएसओ, उतरौला

### राख पर ही पानी डालते हैं फायर ब्रिगेड के जवान

जिले का एक तिहाई ग्रामीण क्षेत्र में आता है। इस इलाके में कच्चे-पक्के मकान के अलावा बड़ी संख्या में लोग फूंस की झोपड़ी में रहते हैं। गर्मी के दिनों में आग हर साल तबाही मचाती है। आग की घटनाओं में गांव के गांव जलकर नष्ट हो जाते हैं। अक्सर फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले ही सबकुछ जल चुका होता है। उपकरणों के साथ पहुंचने वाली टीम राख पर पानी डालकर कर्तव्य पूरा कर लौट आती है।

■ **गर्मी में बढ़ती हैं आग लगने की घटनाएं :** तहसील क्षेत्र में आग की घटनाओं पर काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड संसाधनों की कमी से जूझ रहा है। फायर स्टेशन प्रभारी का पद रिक्त है। वहीं यहां दो के सापेक्ष महज एक चालक तैनात है। विभाग के पास एक ही बड़ा टैंक है जो आग लगने पर संकरे रास्ते पर नहीं पहुंच पाता। छोटा वाहन न होने से पीड़ित को खुद आग काबू पाना होता है।

■ **नहीं हैं पर्याप्त संसाधन:** तहसील क्षेत्र में आग की घटनाओं पर काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड संसाधनों की कमी से जूझ रहा है। फायर स्टेशन प्रभारी का पद रिक्त है। वहीं यहां दो के सापेक्ष महज एक चालक तैनात है। विभाग के पास एक ही बड़ा टैंक है जो आग लगने पर संकरे पर नहीं पहुंच पाता। छोटा वाहन न होने से पीड़ित को खुद आग काबू पाना होता है।

# टैक्ट्रर-ट्राली से मेले में न आएं श्रद्धालु, पुलिस चलाएगी अभियान

तुलसीपुर (बलरामपुर)। 22 मार्च से शुरू हो रहे देवीपाटन मेले में इस बार श्रद्धालु ट्रैक्टर -ट्राली से न आएं, इसके लिए पुलिस इस बार विशेष अभियान चलाएगी। गांव-गांव प्रधानों के माध्यम से जागरूक किया जाएगा। यदि कोई ट्रैक्टर-ट्राली से श्रद्धालुओं को लेकर आएगा तो संबंधित वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। एएसपी ने बताया कि सभी थाना प्रभारियों को जिम्मेदारी दी गई है।

**एडीएम व एएसपी ने मेला परिसर का निरीक्षण कर लिया जायजा**

बृहस्पतिवार को एडीएम प्रदीप कुमार व एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव ने मेला परिसर का निरीक्षण किया। साथ ही फैजल महाविद्यालय, स्टारवर्ल्ड इंटर कॉलेज, स्वतंत्र भारत इंटर कॉलेज आदि स्कूलों का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया। स्कूल के प्रबंधकों को पुलिस बल के लिए पेयजल, शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित कर दिए जाने का निर्देश दिया। (संवाद)

# दुकानदारों को किया जागरूक

तुलसीपुर। ईट राइट अभियान के तहत फूट सेफ्टी आन स्वीट्स वैन के माध्यम से देवीपाटन मंदिर मेला परिसर में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद कुमार पांडेय के नेतृत्व बृहस्पतिवार को अभियान चलाया गया।

मिठाई लड्डू, पेड़ा आदि मिठाई की जांच कर गुणवत्ता की जानकारी दी गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी सत्यवीर सिंह एवं बृजेश कुमार वर्मा ने नवरात्रि मेले को देखते हुए जानकारी दी। (संवाद)

# कामयाबी की गाथा लिख रही आधी आबादी

संवाद न्यूज एजेंसी

## कामयाबी की गाथा लिख रही है आधी आबादी, महिलाओं के अधिकारों पर हुई चर्चा, योजनाओं के बारे में दी गई जानकारी



कार्यक्रम का शुभारंभ करतीं महिला थाना प्रभारी ममता सिंह।

बलरामपुर। जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर में बृहस्पतिवार को तराई इनवायरमेंट अवेयरनेस समिति एवं चाइल्ड फंड इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में अंतर राष्ट्रीय महिला दिवस पखवाड़ा के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गोष्ठी में महिला सशक्तीकरण एवं महिला अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए सदर विधायक पल्टूराम ने कहा कि महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए सरकार की ओर से तमाम योजनाएं संचालित की जा रही हैं। तराई इनवायरमेंट अवेयरनेस समिति के सचिव अजय कुमार मिश्र ने कहा कि यह संस्था महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने की दिशा में काम कर रहा है। चाइल्ड फाउंड फंड इंडिया टीम से फैजाबाद से आए रंजन श्रीवास्तव ने भी जानकारी दी।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की उपायुक्त मंजू त्रिवेदी व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विमल प्रकाश आर्य ने महिलाओं के अधिकारों के बारे में बताया।

इस दौरान महिला कल्याण अधिकारी रागिनी मिश्रा ने महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी। महिला थाना प्रभारी ममता सिंह यादव ने मिशन शक्ति एवं महिला सुरक्षा हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया। महिला किसान वंदना पाठक एवं उषा ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया।

इस अवसर पर शिवपाल दुबे, सीडीपीओ सिद्धार्थ पांडेय, अखिलेश कुमार, झूमा सिंह, मंजू तिवारी, अजय कुमार श्रीवास्तव, सोनाक्षी बोस, हिमांशु, सुरभि मिश्रा, आलोक मिश्र, पल्लवी मिश्रा, शालिनी श्रीवास्तव व विष्णु कुमार श्रीवास्तव मौजूद रहे।

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 17-03-2023

हिन्दुस्तान

# कोरोना योद्धा की पत्नी को 50 लाख की राशि स्वीकृत

**सहायता**

**बहराइच, संवाददाता।** कोविड-19 की दूसरी लहर के ड्यूटी के दौरान कोविड-19 से संक्रमित हुए कोरोना योद्धा मुख्य सिपाही हरिराम सिंह की पत्नी को डीएम डॉ. दिनेश चंद्र व पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आर्थिक सहायता के रूप में 50 लाख रुपये का स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया।

जिलाधिकारी ने बताया कि हरिराम सिंह मुख्य आरक्षी के रूप में जनपद के पुलिस विभाग में तैनात थे। कोविड की दूसरी लहर के दौरान वह कोरोना से संक्रमित हो गए, जिससे उनकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम और जांच से कोविड-19 रिपोर्ट से उनकी मौत की पुष्टि हुई।



डीएम कार्यालय सभागार में कोरोना योद्धा सिपाही को पत्र सौंपते डीएम व एसपी।

शासन ने मृतक मुख्य सिपाही की आश्रित पत्नी को 50 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। अभिलेखों में कुछ खामी होने के कारण उन्हें वह रकम अभी तक नहीं मिल पाई थी। जिसको लेकर उनके शहर स्थित रिश्तेदार आदित्य भान सिंह जिलाधिकारी को मामले से अवगत कराया। इस मामले की जिलाधिकारी ने जब जांच कराई गई, तो पता चला कि मृत मुख्य सिपाही के अभिलेखों में कुछ खामियां थी। जैसे पुलिस विभाग की जगह परिवहन विभाग लिखा हुआ था। वहीं मृत्यु की तारीख भी गलत थी। जिन खामियों को त्वरित निस्तारित कर जिलाधिकारी की ओर से उन्हें स्वीकृति पत्र सौंपा गया है।

शहीद मुख्य सिपाही की बस्ती जिले की हरैया निवासिनी पत्नी कुसुम देवी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र, पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा का आभार जताया।

हिन्दुस्तान

# डीआईजी ने कैदियों की सघन तलाशी कराई

**बहराइच, संवाददाता।** चित्रकूट जेलकांड के बाद जेल की निगरानी बढ़ा दी गई है। जिलाकारागार में प्रशासनिक आधार पर पहुंचे अपराधी कैदियों को सीसी कैमरे से लैस बैरक में रखा गया है। इसका औचक निरीक्षण करने गुरुवार को आयोध्या रेंज के डीआईजी दोपहर जिला कारागार पहुंचे। उन्होंने अपने सामने सभी कैदियों की सघन तलाशी कराई। उनके कपड़ों, शौचालय तक देखा गया। मुलाकातियों का भी फीडबैक लिया गया।

जिला कारागर के निरीक्षण दोपहर 12 बजे उप महानिरीक्षक पहुंचे। वे सीधे गैर जिलों से प्रशासनिक आधार पर हत्या, लूट, डकैती, एनएसए समेत टॉपटेन अपराधी बैरक पहुंचे। जेल कर्मियों से उन लोगों की तलाशी कराई। पूरी बैरकों खंगाला गया। लगभग आधे घंटे तलाशी कराने के बाद सीधे कंट्रोल रूम पहुंचे, जहां सीसी कैमरे से निगरानी की जा रही थी। उन्होंने कंट्रोल रूम से अपराधी कैदियों के निरीक्षण प्रणाली को देखा। इसके बाद टॉपटेन अपराधी कैदियों से मिलने वाले मुलाकातियों का रजिस्टर तलब किया। पिछले एक माह से मुलाकात करने आने वाले लोगों की संख्या व उनके मुलाकात कराने के बारे में जेल अधीक्षक, जेलर व डिप्टी जेलर से जानकारी ली। अस्पताल का भी निरीक्षण किया। अन्य बैरकों में साफ-सफाई जेल नियमों व सुविधाओं का फीडबैक बंदियों से लिया।



जिला कारागार का निरीक्षण करते डीआईजी जेल।

बंदियों ने जेल अस्तपाल के चिकित्सक पर अभद्रता का आरोप लगाया। पाकशाला में बंदियों के लिए तैयार हो रहे भोजन का भी परखा। डीआईजी ने कहा कि निरुद्ध टॉपटेन अपराधियों की सुरक्षा व मुलाकातियों को लेकर जारी आदेशों का पूरी ईमानदारी से पालन करें। जेल अधीक्षक राजेश कुमार यादव, जेलर आनंद शुक्ल, डिप्टी जेलर देवकांत वर्मा, अजय कुमार मौजूद रहे।

हिन्दुस्तान

# अपहरण मामले में एक को दबोचा

बहराइच। छह दिनों बाद भी अपहत हुई दोनों किशोरियों का कोई सुराग नहीं लग सका है। स्वाट सहित चार टीमें उनकी तलाश में जुटी हैं। बुधवार रात पुलिस ने सोशल मीडिया पर दो आरोपियों के फोटो वायरल कर इनका सुराग देने वाले को इनाम का ऐलान किया था। गुरुवार को एक आरोपी को पुलिस ने दबोच लिया। उससे मिले महत्वपूर्ण सुराग पर चारों टीमें दबिश को निकली हैं।

एसएसपी सिटी कुंवर ज्ञानन्जय सिंह व पयागपुर सीओ आनंद कुमार राय के पर्यवेक्षण मे स्वाट, रानीपुर थाने सहित चार टीमों को एसपी ने किशोरियों की बरामदगी को लगाया गया था। अपहरण में मददगार तीन महिलाओं को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ के बाद शाम को छोड़ देती थी। बुधवार को इन तीनों महिलाओं को अपहरण में मददगार पाए जाने पर जेल भेजा गया है।

# कोरोना योद्धा के आश्रित को मिली 50 लाख की अनुग्रह धनराशि

- राहत आयुक्त के पत्र में पुलिस की जगह परिवहन दर्ज होने से आ रही थी समस्या
- डेढ़ साल से काट रही थी चक्कर जिलाधिकारी के प्रयास से पांच घंटे में मिली रकम

**जासं, बहराइच :** महिला को महज पांच घंटे में ही 50 लाख की अहेतुक सहायता मिल गई। उसके पति सिपाही थे और कोरोना से करीब डेढ़ साल पहले मौत हो गई थी। तब से वह अफसरों के चक्कर काट रही थी। डीएम के प्रयास से पैसा मिलने पर आंख से आंसू छलक उठे।

बस्ती जिले के थाना हरैया के भदावल निवासी हरीराम सिंह पुलिस विभाग में मुख्य आरक्षी के पद पर बहराइच में तैनात थे। रिजर्व पुलिस लाइन में तैनाती के दौरान 21 अप्रैल 2021 को कोविड संक्रमण से मौत हो गई थी। ड्यूटी के दौरान मौत होने पर शासन को कोरोना योद्धा के मृतक आश्रित को अनुग्रह धनराशि प्रदान करने को पत्र भेजा गया था। मृतक आरक्षी को प्रदेश के राहत आयुक्त स्तर से 23 जनवरी 2023 को जारी धनावंटन आदेश में विभाग का नाम पुलिस के स्थान पर परिवहन अंकित होने व मृत्यु की तिथि अंकित न होने के कारण भुगतान की कार्रवाई नहीं हो पा रही थी। 14 मार्च की रात में मृतक के स्वजन ने डीएम के संज्ञान में यह प्रकरण लाया।

डीएम के प्रयासों से 15 मार्च को दोपहर 01.51 बजे प्रदेश के आपदा राहत आयुक्त पीएन सिंह को पत्र प्रेषित किया। पीड़ित परिवार को राहत पहुंचाए जाने के उद्देश्य से डीएम के किए गए प्रयास से 15 मार्च की शाम 06.54 बजे संशोधित धनावंटन आदेश जारी किया। डीएम ने रात 08.50 बजे स्वीकृति आदेश जारी कर दिया। पांच घंटे की अल्पावधि में ऐसे लंबित प्रकरण का निस्तारण किए जाने के बाद कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम डा. दिनेश चंद्र व एसपी प्रशांत वर्मा ने संयुक्त रूप से मृतक की पत्नी को धनराशि स्वीकृति आदेश की प्रति प्रदान कर दी गई।



कलेक्ट्रेट सभागार में कुसुम देवी को ई-भुगतान का कागज सौंपते डीएम डा. दिनेश चंद्र व एसपी प्रशांत वर्मा ● जागरण

## डीएम के निर्देश पर दिव्यांग को घर बैठे मिली ट्राईसाइकिल

**जासं, बहराइच :** ब्लाक शिवपुर के ग्राम पंचायत पिपरीमाफी निवासी दिव्यांग मस्तराम के घर बीडीओ पहुंच गए। डीएम के निर्देश पर पहुंचे बीडीओ ने उसे ट्राईसाइकिल प्रदान की। साइकिल पाकर उसका चेहरा खुशी से खिल उठा। मस्तराम ने डीएम डा. दिनेश चंद्र को फोन पर बताया कि वह दिव्यांग है व ट्राईसाइकिल के अभाव में उसे कठिनाई का सामना करना पड़ता है। डीएम के निर्देश पर बीडीओ शिवपुर आदित्य तिवारी ने ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अवर अभियंता श्याम जी वर्मा, एडीओ सहकारिता विनीत कुमार सिंह, ग्राम पंचायत सचिव मनोज कुमार व ग्राम प्रधान राजेश कुमार वर्मा के साथ दिव्यांग के घर पहुंच कर ट्राइसाइकिल भेंट की।

# चोरी की बाइक संग आटोलिफ्टर गिरफ्तार

**जासं, बहराइच :** दरगाह पुलिस ने गुरुवार को आटोलिफ्टर को गिरफ्तार कर लिया। निशानदेही पर उसके पास से चोरी की एक बाइक भी बरामद की गई। आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने उसे न्यायालय भेज दिया।

थानाध्यक्ष रामदवन मौर्य ने बताया कि थाना क्षेत्र में आटोलिफ्टर द्वारा चोरी के वाहन के साथ इलाके में मौजूद होने की खबर मिली थी। मामले को गंभीरता से लेकर सलारगंज चौकी इंचार्ज नितिन कुमार उपाध्याय को टीम गठित कर उसे पकड़ने के निर्देश दिए गए। सुरागरसी कर पुलिस ने विशाल मेगा मार्ट के पास एक संदिग्ध युवक को रोककर पूछताछ की। उसके पास मौजूद बाइक चोरी होने की जानकारी दी। पकड़े गए आरोपित ने पुलिस को बताया कि उसने दीपावली के दिन नगर कोतवाली इलाके के शीशे वाली मस्जिद के सामने जाने वाली गली से बाइक चोरी की थी। आरोपित राजाबाबू देहात कोतवाली इलाके के हठीला का रहने वाला है।



दरगाह पुलिस अभिरक्षा में चोरी की बाइक संग मौजूद आटोलिफ्टर ● जागरण

## चौकी के पास से फार्मासिस्ट की बाइक चोरी

**जागरण संवाददाता, बहराइच :** गुरुवार को अस्पताल परिसर में बनी पुलिस चौकी के पास से आटोलिफ्टर स्वास्थ्य कर्मी की बाइक ले उड़े। मुहल्ला किला निवासी मुहम्मद अशरफ मेडिकल कालेज में फार्मासिस्ट के पद पर तैनात हैं। वह अस्पताल परिसर में बनी पुलिस चौकी के पास बाइक खड़ी कर ड्यूटी के लिए चले गए। ड्यूटी खत्म होने के बाद जब वह मौके पर पहुंचे तो बाइक नहीं मिली। पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है। चौकी प्रभारी विनय कुमार मिश्र ने बताया कि जल्द ही आटोलिफ्टर को गिरफ्तार कर बाइक बरामद कर ली जाएगी।

# चैन की नींद सोने के लिए आवास को तरस रही पुलिस

**संवादसूत्र, हुजूरपुर (बहराइच) :** अपराध और अपराधियों पर शिकंजा कसने वाली पुलिस चैन की नींद सोने के लिए तरस रही है। दिन-रात दौड़ने के बाद भी उन्हें आवास न मुहैया होने से वे किराए का मकान तलाशते घूम रहे हैं। ऐसे में उनके लिए आराम हराम हो गया है।

यहां निरीक्षक, उपनिरीक्षक समेत 61 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है, लेकिन थाने में कुल सात आवास होने से अधिकतर पुलिस कर्मियों को किराए के मकान का ही सहारा लेना पड़ रहा है। दर्जनों आरक्षियों को थाने के आसपास भी गिने-चुने आवास होने के चलते जिला मुख्यालय अथवा अन्य स्थान पर मकान का प्रबंध करना पड़ा है। इससे उन्हें असुविधा होने के साथ ही ड्यूटी पर पहुंचने की दोहरी मार झेलनी पड़ रही है।

महिला आरक्षियों के लिए भी कुल चार आवास ही हैं। छह आरक्षी किराए के कमरे में रह रही हैं। जब पुलिस को हाईटेक बनाने को लेकर करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं। इसके बावजूद अंग्रेजों के जमाने के बने थानें पर आराम के लिए पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। इस वजह से पहले से चुनौतियों से जूझने वाले पुलिसकर्मियों को सुकून के कुछ पल नसीब नहीं हो रहे हैं।



हुजूरपुर थाने का मुख्य द्वार ● जागरण

### कुल तैनाती

| |
|---|
| 01 प्रभारी निरीक्षक |
| 01 अपराध निरीक्षक |
| 08 उप निरीक्षक |
| 09 मुख्य आरक्षी |
| 28 पुरुष आरक्षी |
| 14 महिला आरक्षी |

- नहीं मिल रहा आवास, भवन निर्माण के लिए उच्चाधिकारियों को भेजा गया पत्र

**61** पुलिस कर्मी प्रभारी समेत तैनात

**07** आवास ही थाने में उपलब्ध

**6** कर्मचारियों की संख्या के हिसाब से थाने में आवास उपलब्ध नहीं है, फिर भी अधिक से अधिक पुलिसकर्मी थाने में ही रहते हैं। थाने पर बना पुराना आवासीय भवन निष्प्रयोज्य घोषित कर दिया गया है, लेकिन अभी निष्प्रयोज्य पुराने भवनों का ध्वस्तीकरण नहीं कराया गया है। नया भवन बनाने का प्रस्ताव भेजा जा चुका है।



–हरेंद्र कुमार मिश्र, प्रभारी निरीक्षक

***

# जेल में डीआइजी का छापा, अति संवेदनशील बंदियों की हुई जांच

**जासं, बहराइच :** जिला कारागार में डीआइजी जेल ने छापा मारा। इस दौरान उन्होंने जेल में निरुद्ध अति संवेदनशील बंदियों की तलाशी भी ली। इसके बाद वह अयोध्या के लिए रवाना हो गए। अयोध्या परिक्षेत्र के प्रभारी उप महा निरीक्षक जेल पीपी सिंह गुरुवार रात बहराइच जिला कारागार पहुंचे। डीआइजी ने मुलाकात व्यवस्था, पाक शाला, अस्पताल एवं महिला बैरक का निरीक्षण किया। इसके बाद जेल में निरुद्ध बंदियों की तलाशी ली। उन्होंने सीसी कैमरे की निगरानी में रह रहे बंदियों की तलाशी ली। कर्मियों को जेल नियमों का पालन करने के निर्देश दिए।

# जालसाजी की आरोपित की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज

अदालत से

**जासं, बहराइच :** चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश सुरजन सिंह ने जालसाजी की आरोपित महिला गेंदी की अग्रिम जमानत अर्जी पर सुनवाई करते हुए खारिज कर दिया। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता अपराध सुनील कुमार जायसवाल ने बताया कि थाना मोतीपुर में वादी मुकदमा दिनेश कुमार द्वारा एक जून 2022 को मुकदमा लिखाया गया था कि आरोपित महिला ने जालसाजी करके जमीन का बैनामा करा लिया है। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज करने के बाद विवेचना शुरू की। आरोपित महिला की तलाश में दबिश देना शुरू कर दिया तो आरोपित महिला ने न्यायालय पर अग्रिम जमानत अर्जी प्रस्तुत की। अदालत ने अपराध की प्रकृति और गंभीरता पर विचार करते हुए आरोपित की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी।

# किशोरियों के अपहरण के आरोपियों पर 15-15 हजार का इनाम

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** दो किशोरियों के अपहरण के मामले में पुलिस ने बुधवार की रात दो मुख्य आरोपियों पर 15-15 हजार रुपये इनाम की घोषणा की है। साथ ही दोनों आरोपियों की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल की है।

उल्लेखनीय है कि रानीपुर थाना क्षेत्र में बीते शनिवार की शाम खेत गई दो चचेरी बहनों का गांव निवासी समुदाय विशेष के दो युवकों ने कार से अपहरण कर लिया था। किशोरियों के परिजनों ने दो मुख्य आरोपियों के साथ चार लोगों के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज करवाया था।

घटना के छह दिन बीतने के बाद भी किशोरियों का पता न लगने से परिजनों में आक्रोश बढ़ रहा है। वहीं दूसरी ओर परिजन भी अपने तरीके से किशोरियों का पता लगाने में जुटे हैं। लेकिन समय बीतने के साथ ही गांव में तनाव बढ़ रहा है।

इसे देखते हुए पुलिस ने अपहरण में शामिल दो मुख्य आरोपियों इम्तियाज और वसीम उर्फ छुटकू का फोटो जारी करते हुए इनाम की घोषणा की है। एसपी प्रशांत वर्मा ने बताया कि दोनों आरोपियों के विषय में जानकारी देने वाले को इनाम दिया जाएगा।



इम्तियाज व वसीम के जारी फोटो। -संवाद

**रानीपुर थाना क्षेत्र में छह दिन बीतने के बाद भी नहीं लगा किशोरियों का सुराग**

**सोशल मीडिया पर वायरल किए गए आरोपियों के फोटो**

## सहयोग करने वाली तीन महिलाओं को जेल

रानीपुर थाना प्रभारी शिवनाथ गुप्ता ने बताया कि किशोरियों की सकुशल बरामदगी के लिए पुलिस की सात टीमें लगी हुई हैं। जल्द आरोपियों को दबोच कर किशोरियों को बरामद कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि एक अपहरण कर्ता की पत्नी व एक अन्य अपहरणकर्ता की दो पत्नियों ने इस कृत्य में उनका सहयोग किया था। तीनों महिलाओं को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# कोरोना योद्धा के आश्रित को दी 50 लाख अनुग्रह राशि

## डीएम के प्रयास से निस्तारित हुआ लंबित प्रकरण, पीड़िता को मिली राहत

संवाद न्यूज एजेंसी

बहराइच। कोरोना योद्धा मुख्य आरक्षी स्व. हरीराम सिंह, निवासी ग्राम भदावल कला, पोस्ट भदावल, थाना हरैया जिला बस्ती की आश्रित पत्नी कुसुम देवी के खाते में 50 लाख रुपये की एकमुश्त अनुग्रह धनराशि स्थानांतरित की गई। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र व पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा द्वारा संयुक्त रूप से मृतक की पत्नी को धनराशि स्वीकृति आदेश की प्रति प्रदान की गई। रिजर्व पुलिस लाइन बहराइच में तैनात रहे मुख्य आरक्षी हरीराम सिंह की ड्यूटी के दौरान कोविड संक्रमण से 21 अप्रैल 2021 को मृत्यु हो जाने के परिणाम स्वरूप उनकी पत्नी को यह अनुग्रह धनराशि प्रदान की गई है।

मृतक आरक्षी हेतु प्रदेश के राहत आयुक्त स्तर से 23 जनवरी 2023 को जारी धनावंटन आदेश के कालम 05 में विभाग का नाम पुलिस के स्थान पर परिवहन अंकित होने तथा मृत्यु की तिथि अंकित न होने के कारण भुगतान की कार्यवाही संभव नहीं हो पा रही थी।

विगत 14 मार्च की रात्रि में मृतक के परिजनों ने डीएम के संज्ञान में यह प्रकरण लाया। जिसके बाद डीएम ने तत्काल पीड़ित परिवार की मदद की।



कलेक्ट्रेट में चेक देते डीएम व एसपी। -संवाद

# डीआईजी जेल ने किया औचक निरीक्षण



**बहराइच।** प्रभारी उप महानिरीक्षक कारागार अयोध्या परिक्षेत्र पवन प्रताप सिंह ने बृहस्पतिवार को जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मुलाकात व्यवस्था, जेल अस्पताल, महिला बैरक व रसोई का जायजा लिया। इसके साथ ही उन्होंने बंदियों की तलाशी भी करवायी।

सीसीटीवी की निगरानी में रखे गए अति संवेदनशील बंदियों के बैरक व उनकी भी गहनता से जांच की गई। इस दौरान बंदियों से बात करते हुए उन्होंने जेल नियमों का पालन करने को निर्देशित किया। इस मौके पर जेल अधीक्षक राजेश यादव, जेलर आनंद शुक्ला, डिप्टी जेलर देवकांत वर्मा, अजय कुमार आदि मौजूद रहे। संवाद

# धोखाधड़ी के मामले में महिला प्रधान को जमानत नहीं

बहराइच। धोखाधड़ी समेत अन्य मामलों में निरूद्ध महिला ग्राम प्रधान की बृहस्पतिवार को विशेष न्यायाधीश ने अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। न्यायाधीश ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अभियुक्ता ग्राम प्रधान की जमानत अर्जी खारिज की। एडीजीसी क्रिमिनल सुनील कुमार जायसवाल ने बताया कि वादी मुकदमा ने थाना मोतीपुर की ग्राम झाला निवासी ग्राम प्रधान गेंदीदेवी समेत अन्य लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया था। उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार को अभियुक्ता की ओर से विशेष न्यायाधीश ईसी एक्ट सुरजन सिंह के न्यायालय पर अग्रिम जमानत अर्जी पेश की थी। विशेष न्यायाधीश ने बहस सुनने के बाद अभियुक्ता की अग्रिम जमानत अर्जी निरस्त कर दी। संवाद

# SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 17-03-2023

# फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

श्रावस्ती। गिलौला पुलिस व क्राइम ब्रांच की टीम ने फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गुरुवार को थानाध्यक्ष गिलौला क्राइम ब्रांच पुलिस टीम के साथ क्षेत्र के लेंगडी गूलर पर मौजूद थे। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली की दो व्यक्ति कटार गांव में फर्जी तरीके से आधार कार्ड बना रहे हैं।

पुलिस ने कटार गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय के पास से दोनों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान सुधाकर मिश्रा पुत्र राम तेज मिश्रा निवासी रामपुर पैड़ा थाना गिलौला व शिवपूजन पुत्र राम अभिलाष निवासी लाल नगर धरसवा थाना कोतवाली देहात जनपद बहराइच के रूप में हुई। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने एक रवर का थम्बक्लोन, एक बायो मैट्रिक फिंगर स्कैनर, एक रजिस्टर आधार इनरोलमेन्ट चिल्ड्रेन, एक रजिस्टर्ड आईडी, एक मोबाइल, दो मोबाइल बैट्री, 44 अदद इण्डिया पोस्ट पेमेन्ट बैंक कार्ड मय बारकोड सहित, एक बुकलेट चाइल्ड इनरोलमेन्ट तथा 25 आधार कार्ड के साथ दो बाइक जब्त कर लिया। दोनों आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

- 25 आधार के साथ दो बाइक को जब्त कर लिया गया
- कटार गांव में फर्जी तरीके से आधार कार्ड बना रहे थे

## 10 लीटर कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

गिरंटबाजार। थाना हरदत्त नगर गिरंट पुलिस ने कच्ची शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया। बुधवार देर शाम को पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद किया। बरामद शराब को जब्त कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान सत्तन उर्फ शोभाराम पुत्र अबमू निवासी रजपुतिया थाना हरदत्त नगर गिरंट के रूप में हुई। पुलिस की ओर से आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम में कार्रवाई की गई।

# अनबन के कारण 62 परिवारों को टूटने से बचाया

श्रावस्ती। पुलिस लाइन स्थित एएचटीयू कार्यालय के सभागार में पुलिस परिवार परामर्श केंद्र संचालित है। जिसमें एक साल में 62 परिवारों को एक साथ रहने के लिए जारी किया गया और फिर से एक साथ रहने लगे। एसपी प्राची सिंह ने बताया 2022 में पारिवारिक वैचारिक मतभेद से संबंधित कुल 124 प्रकरण मिले थे। जिसमें दोनों पक्षों को तलब कर काउंसलिंग की गई। अनुभवी काउंसलिंग टीम व पुलिस के प्रयास से वैवाहिक अलगाव के 62 प्रकरणों में सुलह कराने में सफलता प्राप्त हुई।

# ऑपरेशन धरपकड़ के तहत 17 वारंटी पकड़े गए

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह की ओर से वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए आपरेशन धरपकड़ का अभियान चलाया जा रहा है। 15 मार्च को अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव के नेतृत्व में थाना प्रभारियों ने ऑपरेशन धरपकड़ चलाया। कोतवाली भिनगा में 02 वांरटी, थाना मल्हीपुर 02 वांरटी, थाना सोनवा में 02 वांरटी, थाना गिलौला में 04 वांरटी, थाना इकौना में 06 वांरटी व थाना नवीन माडर्न पुलिस थाना श्रावस्ती में 01 वांरटी को गिरफ्तार किया।

# गोवध करने के दो आरोपी गिरफ्तार

श्रावस्ती। सिरसिया पुलिस ने गोवध के दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता पायी है। पकड़े गए आरोपियों के पास से एक मोटरसाइकिल व बंदूक तथा गोवध करने का सामान बरामद किया गया है। नामजद अभियुक्त बाबू खां पुत्र समी मोहम्मद निवासी हेमपुर थाना सिरसिया जनपद श्रावस्ती को गिरफ्तार किया गया था। दूसरे आरोपी अनिल पुत्र मोलहे निवासी शाहपुर पूरे शिवदीन थाना सिरसिया को शाहपुर पूरेशिवदीन के पास औरा-इमली जंगल से गिरफ्तार किया गया।

# थाने में पीस कमेटी की बैठक हुई

गिरंटबाजार। विकास क्षेत्र जमुनहा के थाना हरदत्त नगर गिरंट पर गुरुवार को उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष असगर अली के अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक में सीओ सतीश कुमार शर्मा, थानाध्यक्ष गिरंट उमेश सिंह मौजूद रहे। सीओ ने अपील की कि दुकान और दुकानों के सामने सीसीटीवी कैमरा लगायें। इस मौके पर कुलदीप त्रिपाठी, मो अहमद, शब्बीर अली, मुंशीराम आदि मौजूद रहे। वहीं सीओ ने त्योहार पर शांति व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया।

# गहमागहमी के बाद खाली हाथ लौटी नेपाल पुलिस

- भारतीय युवकों के साथ सात दिन पूर्व नेपाल से भाग कर आई थी महिला
- नेपाली पुलिस व महिला संगठन संग सिरसिया थाना पहुंचा था परिवार

संसू, सिरसिया( श्रावस्ती) : भारतीय क्षेत्र के दो युवकों के साथ सात दिन पूर्व नेपाल से भाग कर आई महिला को वापस ले जाने आई नेपाल पुलिस गहमागहमी के बाद खाली हाथ लौट गई। महिला ने अपने बयान में सिरसिया के युवक के साथ ही रहने की इच्छा जताई है।

नेपाल राष्ट्र के बांके जिले की महिला आठ मार्च को सिरसिया क्षेत्र के सीमावर्ती गांव निवासी दो युवकों के साथ चली आई थी। नौ मार्च को महिला के पिता ने सिरसिया थाना पहुंचकर युवकों के विरुद्ध नामजद तहरीर दी थी। बुधवार को नेपाली पुलिस, महिला संगठन व ग्रामीणों के साथ पहुंचे परिवार के सदस्यों ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने महिला को थाने बुलाया। नेपाल पुलिस की मौजूदगी में उसका बयान दर्ज किया गया। महिला ने सिरसिया निवासी युवक के साथ रहने की इच्छा जताई। नेपाल पुलिस ने महिला की इच्छा के विरुद्ध उसे वापस ले जाने से मना कर दिया। इसके बाद मामला शांत हो गया। एसपी प्राची सिंह ने बताया कि महिला के बयान के आधार पर उसे युवक के साथ भेजा गया है।

## मीडिया कर्मियों से उलझे प्रभारी निरीक्षक

थाने के सामने नेपाली नागरिक व पुलिस को देख मीडिया के लोग जानकारी के लिए अंदर गए। प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र राय जानकारी देने के बजाए मीडिया से उलझ गए और अभद्रता पर उतारू हो गए। भाषा की मर्यादा को भूलते हुए उन्होंने कोई जानकारी देने से इन्कार कर दिया।

# गो हत्या करते दो को ग्रामीणों ने पकड़ा

**संसू, सिरसिया( श्रावस्ती)** : हेमपुर बड़रहवा गांव के दक्षिण जंगल में गोवंश की हत्या करते दो लोगों को ग्रामीणों ने दबोच लिया। पुलिस को बुलाकर दोनों को सौंप दिया। घटनास्थल से पुलिस टीम ने मांस, बांका, छूरा, रस्सी, तीन प्लास्टिक बोरी, भरुई बंदूक व बाइक बरामद कर जब्त किया है।

हेमपुर बड़रहवा गांव के दक्षिण स्थित ककरदरी जंगल में मंगलवार की शाम ग्रामीणों को भनक लगी कि कुछ लोग गोवंश को पकड़ कर हत्या करने के लिए ले गए हैं। ग्रामीण एकत्र होकर जंगल पहुंचे और तलाश शुरू की। जंगल में कुछ लोग गोवंश की हत्या कर मांस के साथ मौजूद थे। ग्रामीणों ने घेराबंदी कर दो आरोपितों को पकड़ लिया। पुलिस को बुलाकर उन्हें सौंप दिया। पकड़े गए आरोपितों की पहचान हेमपुर के इटहिया निवासी बाबू खां व शाहपुर पूरेशिवदीन निवासी अनिल के रूप में हुई। आरोपितों के विरुद्ध गोवध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# दबोचे गए 17 वारंटी

**श्रावस्ती :** आपरेशन धरपकड़ का अभियान के तहत 12 घंटे के अंदर भिनगा कोतवाली, मलहीपुर व सोनवा पुलिस ने दो-दो वांरटी, गिलौला पुलिस ने चार, इकौना पुलिस ने छह वांरटी व नवीन मार्डन श्रावस्ती पुलिस टीम ने एक वांरटी को दबोचा। सभी वारंटियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।( वि.)

# किशोरी को भगाने की दोषी महिला को सात वर्ष की सश्रम कैद

**अदालत से**

**जासं, श्रावस्ती :** भिनगा क्षेत्र के एक गांव में 10 वर्ष पूर्व 15 वर्षीय किशोरी को भगाने की आरोपित महिला को सात वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। 30 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। अर्थदंड अदा न करने पर दो वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) सतेंद्र बहादुर सिंह ने बताया भिनगा क्षेत्र के एक गांव से 27 नवंबर 2013 को 15 वर्षीय किशोरी शौच के लिए गई थी। रास्ते में शाहजहां ने उसे रोका और कहा कि यह जो आदमी खड़े हैं बहुत पैसे वाले हैं। इनके साथ चली जाओ और किशोरी को उनकी बाइक पर जबरदस्ती बैठा दिया। दोनों व्यक्ति उसे लेकर लक्ष्मनपुर बाजार चले गए। एक कमरे में बंद कर दिया। दोनों कुछ सामान लेने बाजार गए तो मौका पाकर किशोरी भाग गई। घर पहुंचकर परिवार के लोगों को पूरी बात बताई। किशोरी के बाबा की तहरीर पर भिनगा कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया। आरोपित शाहजहां के विरुद्ध न्यायालय पर आरोप पत्र प्रस्तुत किया गया। विचारण अपर सत्र न्यायालय (फास्ट ट्रेक कोर्ट) पर हुआ। अपर जिला सत्र न्यायाधीश अजय सिंह ने शाहजहां को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई। न्यायालय ने एसपी, पुलिस महानिदेशक लखनऊ, एडीजी अभियोजन, प्रमुख सचिव गृह को आरोपित शाहजहां की गिरफ्तारी के बावजूद अभियुक्तों का बयान न दर्ज किए जाने व दुष्कर्म करने वाले आरोपितों का पता न लगाने में विवेचक की ओर से की गई लापरवाही के लिए कार्रवाई को कहा है।

# शांतिभंग के आरोप में छह गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** पुलिस ने मंगलवार रात अभियान चलाकर छह लोगों को गिरफ्तार किया। इनके विरुद्ध शांतिभंग के आरोप में कार्रवाई कर संबंधित एसडीएम के समक्ष पेश किया गया। वहीं, पुलिस ने बुधवार को वाहन चेकिंग अभियान के दौरान 77 वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम में ई-चालान किया। इस दौरान पुलिस ने 125000 रुपये शमन शुल्क भी वसूल किया। संवाद

# शांतिभंग की आशंका में पांच गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने बुधवार रात पांच लोगों को गिरफ्तार किया। इनके विरुद्ध शांतिभंग की आशंका में कार्रवाई कर उन्हें संबंधित एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया है। वहीं जिला पुलिस ने गुरुवार वाहन चेकिंग अभियान के दौरान सात वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम में ई चालान कर 23500 रुपए शमन वसूल किया। संवाद

# कच्ची शराब के साथ दबोचा

**श्रावस्ती।** हरदत्त नगर गिरंट पुलिस ने बुधवार रात गश्त के दौरान एक युवक को गिरफ्तार किया। इसके कब्जे से पुलिस ने दस लीटर कच्ची शराब बरामद की। गिरफ्तार युवक की पहचान रजपुतिया निवासी सत्तन उर्फ शोभाराम पुत्र अबमू के रूप में हुई है। इसके विरुद्ध पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। संवाद

# फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले दो गिरफ्तार

## इलेक्ट्रॉनिक उपकरण सहित अन्य सामग्री बरामद

गिलौला (श्रावस्ती)। पुलिस ने फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले दो लोगों को बृहस्पितवार को दबोच लिया। दोनों व्यक्तियों से सख्ती से पूछताछ की गई तो एक ने अपना नाम बहराइच निवासी सुधाकर मिश्रा तथा दूसरे ने श्रावस्ती निवासी शिवपूजन बताया।

इनके कब्जे से फर्जी आधार कार्ड बनाने में प्रयोग किए जा रहे उपकरणों की बरामदगी की गई तथा मौके से दो बाइक भी मिली जिन्हें सीज कर दिया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना गिलौला में मुकदमा दर्ज किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त गणों द्वारा दूसरे की आईडी का इस्तेमाल करते हुए अंगूठे का क्लोन बनाकर गांवों में जाकर फर्जी आधार कार्ड बनाया जाता था। संवाद

# वैचारिक मतभेद भुला 62 दंपती साथ रहने को राजी

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** पुलिस विभाग की ओर से संचालित परिवार परामर्श केंद्र रूठे दंपतियों को मिलाने के लिए उपयोगी साबित हो रहा है। केंद्र पर काउंसिलिंग कर अब तक पचास प्रतिशत मामलों में समझा-बुझाकर दंपती को साथ रहने के लिए राजी किया गया।

एसपी प्राची सिंह ने बताया कि पुलिस लाइन स्थित एएचटीयू कार्यालय सभागार में पुलिस परिवार परामर्श केंद्र स्थापित कराया गया था। यहां पुलिस अधिकारियों, समाज सेवियों व स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों को सदस्य के रूप में नामित किया गया था। इनकी ओर से यहां आने वाले पारिवारिक विवाद के

## रूठे दंपती को मिलाने में मददगार साबित हो रहा परिवार परामर्श केंद्र

मामलों में दंपती को अलग अलग व आमने सामने बैठा कर उनकी समस्याओं का निराकरण कर मनमुटाव दूर कराया जा रहा है।

केंद्र पर अब तक पारिवारिक व वैचारिक मतभेद से संबंधित 124 मामले आए। इन सभी प्रकरणों में दोनों पक्षों को तलब कर काउंसिलिंग की गई। काउंसिलिंग टीम व पुलिस के प्रयास से वैवाहिक अलगाव के 62 प्रकरणों में सुलह कराई गई। 24 मामलों में सुलह नहीं हुई। 38 प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन होने के कारण उसका निस्तारण नहीं हो सका।

# संरक्षित पशु वध के मामले में दो गिरफ्तार

**श्रावस्ती**। सिरसिया पुलिस ने संरक्षित पशु वध के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से पुलिस ने एक बांका, एक छुरा, रस्सी, प्लास्टिक की तीन बोरी, एक मोटर साइकिल व एक भरुही बंदूक बरामद की। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान थाना क्षेत्र के हेमपुर निवासी बाबू खां व शाहपुर पूरे शिवदीन निवासी अनिल के रूप में हुई। इनके विरुद्ध संबंधित धाराओं में कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से आरोपियों को जेल भेजा गया है। संवाद

# 17 वारंटी चढ़े हत्थे

**श्रावस्ती**। जिला पुलिस की ओर से मंगलवार रात अभियान चला कर 17 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। इनमें भिनगा पुलिस ने दो, मल्हीपुर पुलिस ने दो, सोनवा पुलिस ने दो, गिलौला पुलिस ने चार, इकौना पुलिस ने छह तथा नवीन मॉडर्न पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार किया। संवाद

# जनता दर्शन में एसपी ने सुनीं समस्याएं

**श्रावस्ती**। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में बुधवार को एसपी प्राची सिंह ने जनता दर्शन में आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान कुल 12 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें तीन भूमि विवाद, पांच पारिवारिक विवाद व चार अन्य विवाद से संबंधित थे। इस पर एसपी ने संबंधित थाना व चौकी प्रभारियों को फोन कर शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का निर्देश दिया है। संवाद

# किशोरी को भगाने के मामले में महिला को सात साल की कैद

**श्रावस्ती।** दस वर्ष पूर्व पंद्रह वर्षीय किशोरी को बहला-फुसला कर ले जाने में सहयोग करने वाली महिला को सात वर्ष कैद व तीस हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई गई है।

अभियोजन की पैरवी कर रहे अपर जिला शासकीय व्यवस्था सत्येंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि 25 नवंबर, 2013 की शाम करीब सात बजे भिनगा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पंद्रह वर्षीय किशोरी शौच के लिए गई थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। मामले में किशोरी के बाबा ने गांव की ही शाहजहां पर पोती को बहला-फुसला कर दो लोगों के साथ भगाने का आरोप लगाया था। आरोपी किशोरी को लक्ष्मनपुर बाजार ले गए, जहां एक कमरे में बंद कर दिया। इसी बीच किशोरी मौका पाकर वहां से भाग आई और घर पहुंची। पुलिस ने मामला दर्ज कर शाहजहां के खिलाफ आरोप पत्र भेजा था।

वहीं, पुलिस अन्य दोनों आरोपियों का पता नहीं लगा सकी। मामले में अपर सत्र न्यायाधीश अजय सिंह ने शाहजहां को सात वर्ष की कैद व तीस हजार अर्थदंड की सजा सुनाई। वहीं, विवेचना में लापरवाही बरतने वाले विवेचक के विरुद्ध कार्रवाई के लिए पुलिस अधीक्षक, पुलिस महानिदेशक व प्रमुख सचिव गृह सहित एडीजी अभियोजन और अपर पुलिस महानिदेशक प्रशासन को कार्रवाई का निर्देश दिया है। संवाद